आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 23°C | 16°C |

इनसाइड न्यूज

एसटीएफ ने साइबर ठग को दबोचा, चाइना से ऑपरेट हो रहा गैंग...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 28 दिसंबर, 2024 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 76

www.janexpresslive.com/epaper



आमरण अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल... 12

# 'मौन' हुए मनमोहन

## मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजे





### देशवासियों की तरफ से मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं: मोदी

दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने हर दल के व्यक्ति से संपर्क रखा, सहज उपलब्ध रहे। यहां दिल्ली आने के बाद भी मेरी उनसे बात मुलाकात होती थी। मुझे उनसे हुईं मुलाकातें और चर्चाएं हमेशा याद रहेंगी। इस कठिन घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। सभी देशवासियों की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया। वे 92 साल के थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8.06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9.51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे दिल्ली स्थित एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से शुरू होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने बताया- शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से एआईसीसी मुख्यालय लाया जाएगा, जहां सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे।

### देश के पहले सिख पीएम

मनमोहन सिंह, 2004 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने मई 2014 तक इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए थे। वे देश के पहले सिख और सबसे लंबे समय तक रहने वाले चौथे प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। इस बीच, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी मीटिंग रद्द कर दी गई। कांग्रेस स्थापना दिवस से जुड़े आयोजन भी कैंसिल हो गए हैं। पार्टी के इवेंट 3 जनवरी के बाद शुरू होंगे। मनमोहन का पार्थिव शरीर कल कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। जानकारी के मुताबिक, मनमोहन का अंतिम संस्कार कल होगा। उनकी बेटियां आज शाम तक अमेरिका से भारत आ जाएंगी। अंतिम संस्कार किस जगह होगा, इसका फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय करेगा।

### फिल्म इंडस्ट्री में शोक

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। सनी देओल, संजय दत्त, चिरंजीवी समेत कई सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी, वहीं स्वरा भास्कर ने मनमोहन सिंह से जुड़ा कॉलेज का किस्सा शेयर किया है। जब उन्होंने अपने ही खिलाफ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सस्पेंड होने से बचाया था।

"डॉ. मनमोहन सिंह साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री समेत कई पदों पर काम किया। सालों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

"डॉ. मनमोहन सिंह जी, इतिहास निस्संदेह आपकी विनम्रता को याद रखेगा। देश ने विजनरी स्टेट्समैन और दिग्गज अर्थशास्त्री खो दिया। उन्होंने करोड़ों भारतीयों को जिंदगी बदली और मिडिल क्लास का निर्माण किया। उन्होंने कुछ बोलने के बजाय खामोशी से काम करने को तरजीह दी।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

"मनमोहन सिंह जी ने असीम बुद्धिमत्ता और निष्ठा के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया। मैंने अपना गुरु और मार्गदर्शक खो दिया।
**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

"भारतीय रिजर्व बैंक में गवर्नर से लेकर देश के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह जी ने देश की शासन व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। **-अमित शाह, गृह मंत्री**

### आरएसएस ने कहा- देश मनमोहन के योगदान को याद रखेगा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि वे सामान्य परिवार से थे और देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। वे विख्यात अर्थशास्त्री थे। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को सद्गति दें।

### ओवैसी बोले- मनमोहन ने मुसलमानों को उठाने का काम किया

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं अपनी पार्टी की तरफ से मनमोहन सिंह के परिवार को इस मुश्किल घड़ी में संबल प्रदान करता हूं। मनमोहन सिंह साहब विभाजन के वक्त रिफ्यूजी थे। ईमानदारी और मेहनत से वे तरक्की करते गए। 2004 में वे प्रधानमंत्री बने। वे पहले पीएम थे, जिन्होंने अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को ऊपर उठाने का काम किया।

### कोविंद बोले- मनमोहन भारतीय अर्थव्यवस्था के आधुनिक निर्माता थे

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि मनमोहन सिंह का जाना महान देश और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से क्षति है। मैं उनको बरसों से जानता था। राष्ट्रपति भवन में मेरी उनसे मुलाकात होती थी। वे सौम्यता के प्रतीक थे। वे इंडियन इकोनॉमी के आधुनिक निर्माता थे।

### सोनिया, राहुल और प्रियंका ने मनमोहन को श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और अन्य कांग्रेसी नेता मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने उनके आवास पहुंचे।

### अंतिम यात्रा आज

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा आज सुबह 9.30 बजे दिल्ली स्थित ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी मुख्यालय से शुरू होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने बताया, शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी मुख्यालय लाया जाएगा जहां सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे।

### इसी साल 3 अप्रैल को खत्म हुआ था राज्यसभा कार्यकाल

मनमोहन सिंह 3 अप्रैल को राज्यसभा से रिटायर हुए थे। वे 1991 में पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। तब से करीब 33 साल तक वे राज्यसभा के सदस्य रहे। छठी और आखिरी बार वे 2019 में राजस्थान से राज्यसभा सांसद बने थे। मनमोहन सिंह के रिटायरमेंट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें खत भी लिखा था। अपनी चिट्ठी में खड़गे ने लिखा था- अब आप सक्रिय राजनीति में नहीं होंगे, लेकिन आपकी आवाज जनता के लिए लगातार उठती रहेगी। संसद को आपके ज्ञान और अनुभव की कमी खलेगी। मनमोहन सिंह की सीट पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंची थीं। 20 फरवरी को उन्हें राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था।



### मनमोहन के 6 बड़े फैसले

**जुलाई 1991**
अर्थव्यवस्था में उदारीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग खत्म

**जून 2005**
सूचना का अधिकार

**सितंबर 2005**
रोजगार गारंटी योजना

**मार्च 2006**
अमेरिका से न्यूक्लियर डील

**जनवरी 2009**
आधार स्कीम

**अप्रैल 2010**
शिक्षा का अधिकार

# सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में ईडी ने 8 घंटे तक गहन पूछताछ की

**गुजरात में मुख्यालय वाली कंपनी एजूटेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक विनीत आर्या से किए सवाल**

- विनीत आर्या से जब पेपर लीक होने की वजहों पर सवाल किए गए, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए
- वेयरहाउस में पेपर की सुरक्षा में हुई चूक पर सवाल किए, लेकिन विनीत ने इसके लिए यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को जिम्मेदार ठहराया
- जांच में सामने आया है कि वेयरहाउस से पेपर चोरी कर उसका फोटो खींचा गया, इसके बाद इसे लाखों रुपये में बेचा गया



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में गुजरात में मुख्यालय वाली कंपनी एजूटेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संचालक विनीत आर्या से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 8 घंटे तक गहन पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, विनीत आर्या से जब पेपर लीक होने की वजहों पर सवाल किए गए, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। यही नहीं, उन्होंने कंपनी पर लापरवाही के आरोपों को भी खारिज कर दिया। ईडी ने उनसे अहमदाबाद के वेयरहाउस में पेपर की सुरक्षा में हुई चूक पर सवाल किए, लेकिन विनीत ने इसके लिए यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को जिम्मेदार ठहराया। जांच में सामने आया है कि एजूटेस्ट ने पेपर बॉक्स टीसीआई एक्सप्रेस के वेयरहाउस में रखवाए थे, जहां से पेपर चोरी कर उसका फोटो खींचा गया। इसके बाद इसे लाखों रुपये लेकर मध्य प्रदेश और हरियाणा के रिसॉर्ट्स में अभ्यर्थियों को पढ़ाया गया।

### अगली पूछताछ में टेंडर की शर्तों और सुरक्षा उपायों पर गहनता से सवाल किए जाएंगे

ईडी ने इस मामले में अब भर्ती बोर्ड से टेंडर संबंधित दस्तावेज मंगाए हैं और विनीत आर्या को जनवरी के दूसरे सप्ताह में दोबारा बुलाने की तैयारी है। अधिकारियों का कहना है कि अगली पूछताछ में टेंडर की शर्तों और सुरक्षा उपायों पर गहनता से सवाल किए जाएंगे।

### एसटीएफ ने पाया कि एजूटेस्ट की लापरवाही के चलते पेपर लीक हुआ

इस मामले में पहले एसटीएफ भी जांच कर चुकी है। एसटीएफ ने पाया कि एजूटेस्ट की लापरवाही के चलते पेपर लीक हुआ। अब ईडी और एसटीएफ दोनों एजेंसियां इस मामले में कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी में हैं।

# आदेशों का जो कर रहे उल्लंघन, उन्हें भी मिल रहा प्रमोशन

- विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय का बढ़ाया वेतन ग्रेड
- उन्नाव डीएम रहते हुए कंपोजिट स्कूल ग्रांट में किया था घोटाला, रहे थे निलंबित
- यूपीएलडीवी के सीईओ के भ्रष्टाचार की जांच भी विशेष सचिव ने नहीं कराई शुरू
- विशेष सचिव ने गोमांश तस्करी के दोषी को क्लीनचिट दिला कराया था प्रमोशन

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**
**संतोष कुमार दीक्षित**


भ्रष्टाचार और गोमांस तस्करी को बढ़ावा दे रहे प्रमुख सचिव पशुधन

गोमांस तस्करी कराने के दोषी डॉक्टर को दिलाया प्रमोशन

डेढ़ माह में 6 डॉक्टर किए सस्पेंड

सीएम तक नहीं पहुंच रही बात

एसआईटी जांच में गोमांस तस्करी के दोषी का प्रमोशन

नाकाबिल से काबिल हो डॉ. नीरज

फॉरेंसिक लैब की जांच रिपोर्ट को ठहराया गलत

**राज्य मुख्यालय।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने वाली योगी सरकार में भी भ्रष्ट अधिकारियों का बोलबाला है। गोमांस तस्करी के दोषी पशु चिकित्साधिकारी को बचाने वाले उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय को इनाम के रूप में बढ़ा हुआ ग्रेड पे मिला है। अब उनकी सैलरी पहले से करीब दोगुनी हो जाएगी। वेटनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी के प्रमुख सचिव समर्थ चौधरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रमुख सचिव पशुधन के- रवीन्द्र नायक और तीन अन्य बड़े अधिकारियों के खिलाफ सबूत दिए जाने के बावजूद इन भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की बजाय इनका प्रमोशन किया जा रहा है।

### यूपीएलडीवी के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता...

यूपीएलडीवी उत्तर प्रदेश लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड के सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता पर कई डाटा आपेटरों का आर्थिक और मानसिक शोषण करने के साथ ही सरकारी धन के गबन का आरोप लगा है। इस मामले में कार ड्राइवर महेश कुमार पुत्र शिवकुमार सिंह ने शिकायत भी दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त कार्यकाल के अंतिम दिन देर रात यूपीएलडीवी कार्यालय से फाइल ले जाने के आरोप भी लगे। इसके सबूत भी शासन को भेजे गए। इसके बावजूद डॉ. नीरज गुप्ता पर कार्रवाई करने की बजाय उनका कार्यकाल छह माह बढ़ा दिया गया। कार्यकाल बढ़ाए जाने को लेकर प्रमुख सचिव पशुधन के. रवीन्द्र नायक पर करोड़ों रुपए लेने के आरोप लगे हैं।

### पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी...

जनपद शामली में तैनात पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी ने वर्ष 2018 में मेरठ में तैनात रहते समय गोकशी करने वालों से सांठगांठ करके अपने कार्य क्षेत्र में तान्या कंपनी के नाम पर गाय के मीट को भैंस का बताकर हेल्थ प्रमाण पत्र जारी किए। जांच में जब मांस गाय का निकला तो सीएम के आदेश पर डीआईजी उत्तर प्रदेश की देखरेख में एसआईटी गठित की गई। एसआईटी की जांच में डॉ. संजय चतुर्वेदी दोषी साबित हुए। एसआईटी ने जांच शासन को भेज दी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में संलिप्त प्रमुख सचिव पशुधन के रवींद्र कुमार के आदेश पर विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय ने साढ़े तीन साल तक एसआईटी की जांच को लटकाए रखा और दोषी डॉक्टर को बचाने की मंशा से एक फरवरी 2024 को आरोप पत्र देते हुए पुन~ जांच के आदेश दिए। जांच अधिकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बागपत डॉ. अरविंद त्रिपाठी को बनाया। यहां भी सांठगांठ के जरिए गोमांस तस्करी के दोषी को क्लीनचिट दिलाई और फिर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी का प्रमोशन कराया।

### उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच की मांग

वेटनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों का आरोप है कि भ्रष्टाचार के सबूत सीएम दफ्तर की ई-मेल पर भेजने के बावजूद मामले में कार्रवाई नहीं की गई है। यदि भ्रष्टाचार के इस मामले की ठीक से जांच कराई जाए तो सरकार के करोड़ों रुपए के गबन के साथ ही कई अनछुए पहलू भी सामने आएंगे। सरकार को चाहिए कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन करके जांच कराए।

### विशेष सचिव देवेंद्र पाण्डेय...

उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय पर भी कई संगीन आरोप हैं। उन्नाव के डीएम रहते कंपोजिट स्कूल ग्रांट में घोटाला किया। सस्पेंड रहे लेकिन सांठगांठ कर फिर से बहाल हो गए और विशेष सचिव पशुधन बने। यहां भी कारनामा करते रहे और करोड़ों की संपत्ति जुटा ली। भ्रष्टाचार के मामले में शिकायत के बाद डॉ. नीरज गुप्ता पर कार्रवाई के लिए गठित जांच समिति का प्रमुख भी देवेंद्र पाण्डेय को बनाया गया, लेकिन यहां भी इन्होंने पशुधन मंत्री के आदेशों की अवहेलना की और जांच शुरू ही नहीं गई। विशेष सचिव के कारनामे यही नहीं रुके। गोमांस तस्कारी कराने के दोषी एक पशु चिकित्साधिकारी की पुन~ जांच कराके उसे क्लीनचिट दिलाई और फिर प्रमोशनज। इन सबके सबूत दिए जाने के बाद भी विशेष सचिव पर कार्रवाई किए जाने की बजाय शासन ने उनका वेतन ग्रेड बढ़ा दिया।

# सरकारी कर्मचारी नहीं दे रहे चल-अचल संपत्ति का ब्योरा, एक और समय सीमा मिली

## शासन को एक बार फिर 31 जनवरी 2025 तक चल अचल-संपत्ति का ब्योरा देने की समय सीमा तय करनी पड़ी है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- सरकार के तमाम रिमाइंडर और धमकी के बावजूद सरकारी अमला अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दे रहा
- अब जो चल-अचल संपत्तियों का विवरण नहीं देंगे, उन्हें प्रमोशन का लाभ नहीं मिलेगा
- इस कदम का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है

सरकार के तमाम रिमाइंडर और धमकी के बावजूद प्रदेश का सरकारी अमला अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं दे रहा। लिहाजा एक बार फिर शासन को 31 जनवरी 2025 तक चल अचल-संपत्ति का ब्योरा देने की समय सीमा तय करनी पड़ी है। सरकार ने सभी राज्यकर्मियों के लिए संपत्ति विवरण देने को अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एक अति महत्वपूर्ण पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जो कर्मचारी 31 जनवरी 2025 तक अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण नहीं देंगे, उन्हें प्रमोशन का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार के इस कदम का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है।



### विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को सुनिश्चित करने का निर्देश

मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उनके अधीन सभी कर्मचारी समय सीमा के भीतर संपत्ति का ब्योरा दें। आदेश के अनुसार ब्योरा नहीं देने पर प्रमोशन रुक जाएगा। यही नहीं, कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। संपत्ति विवरण देना पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### आय के स्रोत और उनके वैध होने की जांच हो सकेगी

संपत्ति विवरण देने से आय के स्रोत और उनके वैध होने की जांच हो सकेगी। साथ ही, सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी और संपत्ति का सही आकलन होगा। राज्य सरकार के नियमों और सेवा शर्तों के तहत यह प्रक्रिया अनिवार्य है।

### प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने के लिए मानव संपदा पोर्टल का उपयोग किया जाएगा

इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने के लिए मानव संपदा पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। 1 जनवरी 2025 से इस पोर्टल पर वर्ष 2024 का विवरण अपडेट किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के समस्त अधिकारी और कर्मचारी इस आदेश का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बेसिक शिक्षकों के ट्रांसफर आदेश जारी, शिक्षकों के घर जाने की आई बारी

**जन एक्सप्रेस खबर का असर**
**संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** घर जाने की बांट जोह रहे शिक्षकों के मायूस चेहरे उस समय खिल उठे जब प्रमुख सचिव शिक्षा डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अंत~ जनपदीय तबादले के आदेश जारी किए। शिक्षकों ने आरोप लगाया था कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते पिछले समर वेकेशन में पारस्परिक स्थानांतरण नहीं हो सका था और इस बरस ठंड के मौसम में भी तबादले की उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। जिसके बाद दैनिक जन एक्सप्रेस ने शिक्षकों की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था। 27 दिसंबर के अंक में खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद शासन ने संज्ञान लिया और 27 दिसंबर को ही शाम तक शिक्षकों के अंत~जनपदीय ट्रांसफर ऑर्डर जारी हो गए। बता दें कि नियमानुसार पारस्परिक तबादले समर और विंटर वेकेशन में ही किए जा सकते हैं। शिक्षा सत्र के दौरान तबादला नहीं हो सकता है। इसी बात को लेकर शिक्षक परेशान थे। आवेदन करने के बाद भी किन्ही कारण गर्मियों की छुट्टियों में तबादला नहीं हो सका था इस सीजन में भी उम्मीद नहीं थी इसको लेकर शिक्षक परेशान थे।

### ऐसे पूरी की जाएगी स्थानांतरण प्रक्रिया

सभी जिलों में मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों का ब्योरा अपडेट किया जाएगा। आनलाइन आवेदन करने के 15 दिन बाद तक शिक्षक बीएसए कार्यालय में उसका प्रिंट आउट जमा करेंगे। अगले 15 दिनों में आवेदन की पात्रता जांची जाएगी। एक महीने के भीतर स्थानांतरण कमेटी शिक्षकों के तबादले पर निर्णय लेगी। फिर 15 दिनों में आपत्तियों पर सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा। स्थानांतरण आदेश ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन अवकाश में ही जारी होगा ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो।


तबादले का आस लगाए बैठे बेसिक शिक्षकों का डर

कहीं गुजर न जाए तबादलों का ये भी मौसम

इनका भी सुनाए

साल में सिर्फ दो बार

# गांव-गांव, पांव-पांव पदयात्रा के समर्थन में एट नगर में मिला समर्थन

जन एक्सप्रेस | उरई



पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में बुंदेलखंड क्षेत्र में गांव-गांव पांव-पांव यात्रा का दूसरे दिन नगर पंचायत एट में जैसे ही पैदल भ्रमण शुरू हुआ, तो बड़ी संख्या में नगरवासियों में सहभागिता करते हुये नारा लगाया सौ बीमारियों का एक इलाज पृथक बुंदेलखंड राज्य हर व्यक्ति की जुबान पर आ गया।

पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिये नगर पंचायत एट में मिले व्यापक जनसमर्थ पर पद यात्रा की अगुवाई कर रहे राजा बुंदेला ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुये एक बार फिर से नारा बुलंद किया 100 बीमारियों का एक इलाज पृथक बुन्देलखण्ड राज्य आम जन के बीच गुंजायमान हो गया। इसके बाद पदयात्रा धगुवां कलां होती हुई बैरागढ़ में शक्ति पीठ के दर्शन के उपरांत, सिमिरिया, पनयारा, चमरसेना पहुंची। सभी गांवों के ग्राम प्रधानों ने लिखित तौर पर पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए समर्थन पत्र दिया। देर शाम पदयात्रियों का कारवां कोंच नगर में पहुंचा। जहां पर नगरवासियों ने बुदेलखंड पृथक राज्य निर्माण को धरातल पर उतारने का संकल्प लेकर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पदयात्रा का नेतृत्व संभाल रहे राजा बुंदेला ने लोगों को बुंदेलखंड राज्य की मांग का औचित्य समझाते हुए कहा कि यह उनके भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा। बुंदेलखंड राज्य बना तो तरक्की के नए मापदंड तय करेगा। अब उप्र का विभाजन होना ही चाहिए और जल्द बुंदेलखंड, पूर्वांचल, हरित प्रदेश राज्य का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि आज बुंदेलखंड के हर बुंदेलखंडी की एक ही मांग पृथक बुंदेलखंड राज्य बन गया है। बुंदेला के साथ डा. आश्रय सिंह यात्रा संयोजक, शिक्षक नेता अशोक राठौर, सत्येंद्र पाल सिंह अध्यक्ष बुन्देलखण्ड क्रांति दल, रामकुमार जादौन आदि मौजूद रहे।

## चार माह से नहीं चल रहा किशोर का पता



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

बिहार के समस्तीपुर जिले के सरायंरंजन थाने के हरलोचनपुर गांव के निवासी दिलीप कुमार शाह ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा आदित्य कुमार मानसिक रूप से अस्वस्थ है। वह बीती 20 अगस्त को खजुराहों से समस्तीपुर की यात्रा करते समय डभौरा रेलवे स्टेशन के आसपास से गायब हो गया था। जिसे अंतिम बार मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट मानिकपुर जीआरपी थाने में दर्ज कराई थी। इसके बावजूद अब तक कोई जानकारी नहीं हो सकी है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर पुत्र का पता लगवाने की गुहार लगाई है।

# विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा संभाषण कौशल का कार्यशाला में किया प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित दस दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला के समापन अवसर पर शुक्रवार को सहभागी विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा संभाषण कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी बांटे। कुलगुरु प्रो भरत मिश्र कहा कि संस्कृत भाषा में ही भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा सुरक्षित है और अब विज्ञान के नवीनतम अनुसंधानो में भी संस्कृत महत्वपूर्ण भाषा के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने अपेक्षा की कि संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत और संस्कृति की इसी प्रकार सेवा निरंतर होती रहेगी और विश्वविद्यालय इस कार्य को ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार देगा। कार्यशाला संयोजक और संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ कमलेश थापक ने कहा कि इस कार्यशाला की श्रृंखला में विभिन्न सत्रों का आयोजन चित्रकूट के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। आइक्यूएसी सेल के संयोजक प्रो डीपी राय ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से संस्कृत और संस्कृति के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाने का प्रयास किया गया है। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंदलाल मिश्रा ने संस्कृत कविताओं के द्वारा संस्कृत के महत्व और इस प्रकार की कार्यशाला के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर संस्कृत विभाग की शिक्षिका डॉ प्रज्ञा मिश्रा, प्रशिक्षक युवराज मिश्र, डॉ तुषारकांत शास्त्री, सुरेंद्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त मंडल प्रभारी और जिला प्रभारियों का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




बहुजन समाज पार्टी ने चित्रकूट के मान सिंह कुशवाहा को चित्रकूट धाम मंडल बांदा का मंडल प्रभारी बनाया है। साथ ही रावेन्द्र कुमार वर्मा एवं प्रेमनारायण वर्मा को बसपा का जिला प्रभारी बनाया गया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार बसपा कार्यालय आने पर कार्यकर्ताओं नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर देश की अधिकतर पार्टियां बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्ना सेठों के धन बल के सहारे अपनी राजनीतिक गतिविधियां संचालित करते हुए चुनाव मैदान में उतरती हैं। वर्ष 2023-24 में इनको मिले अकूत धन से साबित होता है कि यह पार्टियां गरीब एवं किसानों का शोषण करके धन्ना सेठों की समर्थक हमेशा रहीं है। मीडिया के अनुसार वर्ष 2023-24 में भाजपा को पहले, बीआरएस को दूसरे व कौंग्रेस को तीसरे नंबर पर करोड़ों-अरबों रुपये का चंदा मिला है। जबकि बहुजन समाज पार्टी ही ऐसा दल है, जो अपने गरीब कार्यकर्ताओं के खून-पसीने पर निर्भर रहता है। साथ ही अपने जमीनी कार्यकर्ताओं, बहुजन समाज एवं सर्वजन समाज के लोगों के हितों की चिंता बसपा मुखिया करतीं हैं। इसी क्रम में पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता मान सिंह कुशवाहा को मंडल प्रभारी, रावेन्द्र कुमार वर्मा एवं प्रेमनारायण वर्मा को जिला प्रभारी बनाया गया है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कालपी की दर्जन पर भर मस्जिदों में जुमें की नमाज संपन्न हुई। कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने घूम-घूम कर मस्जिदो की ड्यूटी मे तैनात पुलिस कर्मियों को चैक करके आवश्यक निर्देश दिये। शुक्रवार को दोपहर साढ़े बारह बजे से लेकर ढाई बजे तक स्थानीय नगर की शाही जामा मस्जिद बड़ा बाजार, खानकाही मस्जिद राजेपुरा, बड़ी मस्जिद जुलैहटी, मुड़िया गुंबद मस्जिद गल्ला मंडी, मखदूमिया मस्जिद रावगंज, तहसील मस्जिद, सुभान मस्जिद हरीगंज आदि के अलावा गुलौली गांव की तीन मस्जिदों में जुमे की नमाज सामूहिक रूप से शान्ति पूर्वक हजारों नमाजियों द्वारा अदा की गई। शुक्रवार की सुबह से ही अतिरिक्त इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ दिनभर भ्रमण शील रहे। टरनंनगंज चौकी के सब इंस्पेक्टर शिवम सिंह सेंगर, अभिषेक कुमार मस्जिदो के आसपास ड्यूटी पर तैनात रहे।

# लोढ़वारा में समाजसेवियों ने किया कम्बल वितरण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोढ़वारा में ठंड के दृष्टिगत गरीब असहायों व निराश्रित लोगों को गर्म कपड़े, कम्बल व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई।

भजनाआश्रम प्रबंधक रामऔतार यादव एवं सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी केशव प्रसाद यादव द्वारा उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के नजदीकी जनपदों में ठंड के दृष्टिगत गरीब असहायों व निराश्रित लोगों को गर्म कपड़े, कम्बल व खाद्य पदार्थ का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद की ग्राम पंचायत लोढ़वारा में अधिवक्ता अमित यादव के नेतृत्व में ग्राम प्रधान हरिमोहन सिंह यादव के सहयोग से गरीब असहाय एवं निराश्रित लोगों को गर्म कपड़े, कम्बल व खाद्य पदार्थ का वितरण किया गया। साथ ही खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई। गर्म कपड़े, कम्बल व खाद्य पदार्थ पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कुान देखने को मिली। इस मौके पर रामऔतार यादव, रामसहाय यादव, आशीष यादव, हनुमान प्रसाद यादव, राहुल यादव, रोहित यादव, महेश यादव, धनराज, घनश्याम, अभिजय, रतिमोहन, चदंन, सत्यम यादव, दीपक आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव समारोह में होंगे विभिन्न कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस | उरई

कक्का की याद में प. घनाराम भगवती देवी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में कई आकर्षक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जिले के बरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी पधारेंगे। कार्यक्रम आयोजक प. कृपाशंकर द्विवेदी बच्चू महाराज ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मिनौरा स्थित प. घनाराम भगवती देवी महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 28 दिसंबर को शुरू होगा। इसमें प्रात-11 बजे ठड़ेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धाराम जी महाराज जी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। 29 दिसंबर सांय 5 बजे कवि सम्मेलन और मुशायरा होगा। 30 दिसंबर को सांय 5 बजे से जवावी कीर्तन होगा। बच्चू महाराज ने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम में इन कार्यक्रमो के अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसके बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सूर्य कुमार त्रिपाठी, राम शंकर द्विवेदी, हरिशंकर द्विवेदी, विपुल दीक्षित, रंजीत द्विवेदी, गोविंद जी द्विवेदी, अक्षय त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, बेमिसाल, आशु, मान खां, मोहन सोनी आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए महाराजा खेत सिंह खंगार

- अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | उरई



अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में महाराजा खेत सिंह खंगार की 884 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जनों और सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने महाराजा खेत सिंह खंगार हमेशा खंगार क्षत्रिय वंश की अस्मिता के लिए संघर्ष करते रहे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने शहर में शोभायात्रा भी निकाली और महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव के जयकारे लगाए। बता दे कि शहर के जालौन रोड स्थित एक मैरिज में आयोजित जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री भानुप्रताप बर्मा, बृजभूषण सिंह मुन्नू, उर्विजा दीक्षित, विजय सिंह परिहार, प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह आदि ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव केवल एक समाज के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए संघर्ष करते रहे। इससे पहले कार्यक्रम में पधारे बतौर मुख्य अतिथि भानु प्रताप बर्मा का अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान सिंह खंगार व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम सयोंजक सुभाष पिंडारी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रामरुप परिहार, रवींद्र सिंह, नरेंद्र खंगार, सुभाष पिंडारी, जगदीश बाबू, अंबरीश, गंगासिंह, सुरेश, विवेक, सुखनंदन आदि ने भी विचार रखे। इस दौरान गायक मंडली ने खेत सिंह की महिमा का बखान किया।

# देशी शराब की दुकान में दो लाख की नगदी चोरी



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

तहसील मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के पास स्थित देशी शराब की दुकान में चोरों ने दरवाजा तोड़ कर लाखों का कैश पार कर दिया। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर तहसील के रेलवे स्टेशन के पास स्थित शराब की दुकान में शुक्रवार की सुबह अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़ कर दुकान के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को डिस्कनेक्ट कर अंदर रखे दो लाख रूपये नगदी व शराब की बोतले लेकर भाग गए। बाद में जब सेल्समैन अवध बिहारी दुकान पहुचा तो वहां का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। जिसकी जानकारी उसने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक फहीद अली, प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय सिंह व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल में लगे सीसीटीवी की जांच की।

# पिता पुत्रों ने पड़ोसी दंपती के साथ घर में घुसकर की मारपीट

जन एक्सप्रेस | उरई

जालौन कोतवाली क्षेत्र के सिहारी दाउदपुर में रंजिश के चलते पिता पुत्रों ने मिलकर पड़ोसी दम्पति के साथ घर में घुसकर मारपीट कर दी। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायल पक्ष ने नामजद तहरीर पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के सिहारी दाउदपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र नन्हई कुशवाहा अपनी पत्नी शिव कुमारी के साथ घर में मौजूद था।तभी रंजिश के चलते पड़ोस में रहने वाले अनंतराम पुत्र पुनू और उसके दो पुत्र सुनील व दिलीप कुमार घर में घुस आए और विवाद करने लगे।दम्पति के विरोध करने पर एकराय हुए पिता पुत्र ने मिलकर लाठी डंडों और ईट पत्थर से हमला करते हुए उन्हें घायल कर दिया। इस दौरान घर में मौजूद अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बीच बचाव करने की कोशिश की और मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। घटना की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। साथ ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं इस मामले में पीड़ित का कहना है कि दबंगों ने रंजिश में उसको व उसकी पत्नी को पीटा है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई का कहना है कि मारपीट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी व बेटी की गुमशुदगी कराई दर्ज

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोरन निवासी कल्लू पुत्र लखन अहिरवार ने शुक्रवार को डकोर थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि 23 दिसम्बर को उसकी पत्नी किरन व पुत्री सोनिया 12 वर्ष को लेकर घर से कहीं चली गई। जिस पर उसने अपनी पत्नी किरन व पुत्री सोनिया को काफी इधर-उधर तलाश किया, लेकिन उसका कोई भी अता पता नहीं चल सका। जिस पर उसने थाने पहुंचकर पत्नी व बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज छानबीन शुरू कर दी।

## ग्रुप ए के फाइनल मैच में रायबरेली ने फतेहपुर को तीन विकेट से हराया

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 में शुक्रवार को ग्रुप ए का फाइनल मैच रायबरेली और फतेहपुर के बीच खेला गया। जिसमें रायबरेली ने फतेहपुर को तीन विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतकर फतेहपुर ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फतेहपुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 10 विकेट खोकर 145 रन बनाए। जिसमें अफसर खान के 28 रन और मोहित के 42 रन शामिल रहे। रायबरेली के गेंदबाज सुधांशु ने दो व चार विकेट लिए। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली की टीम ने 24 ओवर में ही 149 रन बना कर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें सुधांशु के 63 और आदित्य के 18 रन शामिल रहे। फतेहपुर के गेंदबाज मनीष ने दो व वरुण ने तीन विकेट लिए। रायबरेली ने फतेहपुर को तीन विकेट से कराकर इस मुकाबले को अपने नाम किया। रायबरेली के खिलाड़ी सुधांशु को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच में अंपायर के रूप में ऋषि यादव व आशुतोष त्रिपाठी शामिल रहे।

इस मौके पर लोनिवि अवर अभियंता रजनीकांत, अजीत कुमार, अनिल कुमार, दीपक मिश्रा, सौरभ नहर, लोकेश सिंह, नागराज करवरिया, आदेश अनुराग, रानू आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस की सीसीटीवी कैमरों का संचालन लगातार होते रहना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा में लगे पुलिस बल को निर्देश दिया कि मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखे तथा इसमें किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, अपना दल जिलाध्यक्ष रामसिया सिंह, बसपा विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, आप जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## पंजाब में बस नाले में गिरी आठ की मौत...

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं, करीब 35 लोग घायल हुए हैं... पढ़ें पेज 12 पर...

# एसटीएफ ने साइबर ठग को दबोचा

## चाइना से ऑपरेट हो रहा गैंग, बिटक्वाइन में भेजी जाती है रकम, चौंकाने वाला खुलासा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को यूपी एसटीएफ ने जालसाज गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम ने इसे दुबग्गा स्थित अवध अस्पताल के पास से पकड़ा है। आरोपी ने विकास नगर निवासी डॉक्टर अशोक सोलंकी को डिजिटल अरेस्ट रखकर 48 लाख रुपये हड़पे थे। पूछताछ में पता चला कि गिरोह में शामिल ठगों ने कंबोडिया जाकर ठगी का प्रशिक्षण लिया था। भारत लौटने के बाद फर्जीवाड़ा कर रहे थे। मामले में एसटीएफ पहले ही पांच लोगों को हरियाणा के गुरुग्राम और तीन को लखनऊ से पकड़ चुकी है।

### अनजान नंबर से आया था फोन

एसटीएफ के एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक 22 अगस्त को डॉ. अशोक सोलंकी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित के मुताबिक 20 अगस्त को जब वह क्लीनिक से लौट रहे थे तो अनजान नंबर से फोन आया था। फोनकर्ता ने कहा कि वह फेडेक्स सर्विस, अंधेरी ईस्ट, मुंबई से बोल रहा है। आपके एक कुरिअर ईरान के लिए अरमान अली के नाम पर भेजा गया है। इसमें चार एक्सपायर्ड पासपोर्ट, लैपटॉप, पेन ड्राइव, चार क्रेडिट कार्ड, 420 ग्राम प्रतिबंधित मादक द्रव्य और तीन किलो ट्वॉयज आदि सामान भेजा गया है।

### डिजिटल अरेस्ट रखा

आपके आधार कार्ड से हवाला के जरिये लेनदेन हुए हैं। मामले में कंपनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉक्टर को झांसे में लेकर दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। कभी मुंबई क्राइम ब्रांच, ईडी, सीबीआई तो कभी नारकोटिक्स विभाग का अफसर बनकर बात की और झांसे में लेकर 48 लाख रुपये ऐंठ लिए थे। इस मामले में एसटीएफ ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को सर्विलांस की मदद से एसटीएफ की टीम ने दुबग्गा हरदोई रोड से गाजियाबाद के मुरादनगर जलालाबाद निवासी कृष्ण कुमार उर्फ सुनील को गिरफ्तार किया।

#### यह सामान आरोपी के पास से मिला

पकड़े गए जालसाज कृष्ण कुमार के पास से एक मोबाइल फोन, 6 डेबिट कार्ड, तीन चेकबुक, एक बैंक खाते की किट, एक साइन किया हुआ चेक, एक इंटरनेट बैंकिंग सिक्योरिटी कोड डिवाइस, दो सिमकार्ड, 202 पेज का व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट, जिसमें बैंक खातों की पूरी डिटेल थी और 2040 रुपये मिले हैं।

#### मेडिकल स्टोर संचालक से हुई मुलाकात

कृष्ण कुमार ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2016 में आधुनिक इंस्टीट्यूट दुहाई गाजियाबाद में बीटेक में एडमिशन लिया था, पर एक वर्ष बाद बीटेक ड्रॉपआउट कर मोनार्ड यूनिवर्सिटी हापुड़ से बीएससी किया। अक्तूबर 2023 में उसकी मुलाकात मुरादाबाद निवासी मेडिकल स्टोर संचालक राहुल चौहान से हुई।

#### कंबोडिया में चाइनीज गैंग के संपर्क में था

राहुल ने उसको गेमिंग स्कैमिंग, मिक्सिंग व स्टाक पर काम करने के बारे में बताया। आरोपी कृष्ण कुमार राहुल व उसके साथी मुहफिजुद्दीन से संपर्क कर साइबर ठगी का काम करने लगा। मुहफिजुद्दीन कंबोडिया में मौजूद चाइनीज गैंग के संपर्क में था। इस गिरोह ने डिजिटल अरेस्ट, स्टाक फाड, गेमिंग फाड के माध्यम से लोगों को जाल में फंसाकर ठगी की।

#### बिटक्वाइन में भेजी जाती है रकम

ठगी से मिलने रुपये को मुहफिजुद्दीन कमीशन काटकर शेष रुपये को बिटक्वाइन में कन्वर्ट कर चाइनीज गिरोह के वालेट पर भेज देता था। कृष्ण कुमार, राहुल और मुहफिजुद्दीन को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दो माह जेल में रहने के बाद कृष्ण कुमार और मुहफिजुद्दीन की जमानत हो गई।

#### नौ बैंक खातों में साइबर ठगी का प्रयास

राहुल अभी भी जेल में बंद है। जेल से छूटने के बाद कृष्ण कुमार और मुहफिजुद्दीन फिर से गैंग के लोगों के साथ मिलकर ठगी करना शुरू कर दी थी। हाल ही में नौ बैंक खातों में साइबर ठगी का प्रयास किया था। उनमें से एक बैंक खाते में साइबर फॉड के माध्यम से दिनांक 20, 21 व 23 दिसंबर में 64.21 लाख, 47.78 लाख और 21.64 लाख रुपये आए थे।

# महामना वांग्मय का लोकार्पण

- मानवीय मिशन से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण ने राज्य सूचना आयुक्त को भेंट की प्रति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वह भारतीय शास्त्रों के ज्ञाता, चिंतक, विचारक मनीषी होने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाज सुधारक थे। लखनऊ में महामना कालेज में उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर आधारित वांग्मय के ग्यारह खंडों का लोकार्पण गया। मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण श्रीवास्तव ने राज्य सूचना आयुक्त को इसकी प्रति भेंट की। इसमें उल्लिखित है कि महामना मालवीय ने सहज समान्य तरीके से असाधारण कार्य किए. उन्होंने अपने आचरण से प्रमाणित किया कि समाज के लिए भिक्षावृत्ति आध्यात्मिक कार्य है. महामना समाज की शक्ति को समझते थे. वह मजबूत समाज का निर्माण चाहते थे. इसके लिए आजीवन प्रयास करते रहे. महामना मालवीय महामना युग द्रष्टा थे. उन्होने परतंत्रता के समय इस तथ्य को समझा था. वही समाज को इसके अनुरूप प्रेरणा देते रहे.वह करीब आधी शताब्दी तक कांग्रेस में सक्रिय रहे. दो बार कांग्रेस के अध्यक्ष बने. चार बार केंद्रीय विधान परिषद के सदस्य रहे. यहां रहकर वह ब्रिटिश शासन को कठघरे में खड़ा करते रहे. एक बार वह बिना कोई कागज लिए चार घण्टे तक बोलते रहे. वह निर्भय होकर विचार यात्रा पर चलते रहे. कांग्रेस में सक्रिय रहते हुए भी क्रान्तिकारियों को बचाने में लगे रहे. ब्रिटिश निरंकुश तंत्र का वह सदैव विरोध करते रहे. करीब डेढ़ सौ क्रान्तिकारियों को इलाहाबाद हाई कोर्ट से बरी कराया. वह मानते थे कि क्रांतिकारी देशभक्त हैं. भगत सिंह की सजा रोकने के लिए उन्होंने वायसराय को पत्र लिखा. वह कांग्रेस के अन्य नेताओं से अलग दिखाई देते थे. कांग्रेस के नेता क्रान्तिकारियों पर मौन रहते थे. महामना क्रान्तिकारियों की पैरवी करते थे. सनातन संस्कृति में उदारता है. इसको संस्था मे सीमित नहीं किया. यहां तक कि प्रभु श्री राम और श्री कृष्ण ने भी कोई संस्था नहीं बनाई.यहां ज्ञान की कोई सीमा नहीं हैं. कोई दायरा या सीमा में विचारों को सीमित नहीं किया गया. महामना जैसे लोग ऐसी ही जीवन पद्धति में उभरते हैं.

## एक्सप्रेस खबरें...

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर यूपी में भी सात दिन का राजकीय शोक, जारी किया गया आदेश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश में भी सात दिनों के लिए राजकीय शोक की घोषणा की गई है। जो कि 26 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक जनवरी तक चलेगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और राज्य सरकार की ओर से किसी मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स में बृहस्पतिवार की रात निधन हो गया। उन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों की वजह से गुरुवार रात 8-06 बजे भर्ती कराया गया था। रात 9-51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मनमोहन सिंह प्रखर अर्थशास्त्री थे। 1991 में देश में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण के वे शिल्पकार रहे। 2004 से 2014 तक वे प्रधानमंत्री रहे। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है। केंद्र सरकार ने कल ही सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया था।

### यूपी में जमीन खरीद सीमा तय

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रॉपर्टी जमीन खरीदने के लिए नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत प्रॉपर्टी खरीदने की एक तय सीमा निर्धारित की गयी है जिससे राज्य में जमीन के अंधाधुंध अधिग्रहण पर रोक लगाई जा सके।यह कदम आम जनता हितो की सुरक्षा और कृषि योग्य भूमि के संरक्षण के उद्देश्य से उठाया गया। उत्तर प्रदेश में किसी भी व्यक्ति को अधिकतम 12.5 एकड़ कृषि भूमि खरीदने की अनुमति यह नियम सुनिश्चित करता है कि राज्य में जमीन का उपयोग को व्यवस्थित रखा जा सके और अधिक भूमि खरीदने की स्थिति में वह जमीन राज्य सरकार की नियंत्रण में चली जाएगी। यह कदम भूमि विवादों और अराजकता को कम करने के लिए आवश्यक माना गया है।सरकार ने स्पष्ट किया है की जमीन खरीदने की नियमों का नाम पालन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही है। किसी प्रॉपर्टी खरीदने बेचने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

### हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन हेतु 6,25,28,801 रूपये मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति की उपयोजना सामर्थ्य के तहत हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन हेतु छह करोड़ पच्चीस लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ रूपये मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, महिला कल्याण को प्रेषित कर दी गई है। हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजना का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दो जैसे-घरेलू हिंसा, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य अधिकार, जेंडर तथा यौन हिंसा आदि के संबंध में जागरूकता तथा ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

### ब्लॉक मुख्यालय को 02 लेन मार्गों से जोड़ने हेतु औरैया के 02 कार्यों हेतु 09 करोड़ 61 लाख 70 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील,ब्लाक मुख्यालय को 02 लेन मार्गों से जोड़े जाने हेतु मार्गों का निर्माण चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत जनपद औरैया के 02 चालू कार्यों हेतु रू0 09 करोड़ 61 लाख 70 हजार की धनराशि अवमुक्त की गयी है। 02 चालू कार्यों में औरैया में अजीतमल फीडर मार्ग अजिमा के चौनेज 0.000 से 1.600 के लम्बाई 1.600 किमी चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 02 करोड़ 16 लाख तथा औरैया के विधूना सहार मार्ग अजिमा के चौनेज 0.000 से 8.700 तक ब्लाक मुख्यालय सहार को 02 लेन से जोड़े जाने हेतु चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 07 करोड़ 45 लाख 70 हजार इस प्रकार कुल 09 करोड़ 61 लाख 70 हजार की धनराशि जारी की जा चुकी है।

### प्रयागराज मण्डल के 02 मार्गों हेतु 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के 02 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। 02 चालू कार्यों में प्रतापगढ़ में साहबगंज भट्टी चौराहा छतरपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 42 लाख 43 हजार तथा फतेहपुर में किशनपुर मार्ग से गढ़ाकोट मार्ग अजिमा चौनेज 0.000 से 9.600 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 02 करोड़ 40 लाख कुल 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

### देवीपाटन मण्डल के 26 मार्गों हेतु 20 करोड़ 89 लाख 47 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत देवीपाटन मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 26 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 20 करोड़ 89 लाख 47 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 26 चालू कार्यों में बलरामपुर के 20, गोण्डा के 04 तथा बहराइच व श्रावस्ती के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

# प्रदेशभर में गरज-चमक के साथ होगी बारिश, ओले भी गिरेंगे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और पंजाब में बने चक्रवाती परिसंचरण के असर से प्रदेश में मौसम ने करवट लिया है। इसके नतीजे में शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के विभिन्न हिस्सों में बौछारें पड़ीं। शनिवार को राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में हल्के से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश के एनसीआर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ आदि में तेज हवाओं संग अच्छी बारिश देखने को मिली। बारिश की वजह से पश्चिमी यूपी में अधिकतर जगहों पर दिन का अधिकतम तापमान गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया। हालांकि रात के पारे में हल्की कमी देखने को मिली।

#### तेज हवा संग ओले गिरने के आसार

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पहले अरब सागर और फिर बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के मिलने से पश्चिमी उप्र से शुरू होकर शनिवार को राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के संकेत हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश और तेज हवा संग ओले गिरने के भी आसार हैं।

# महिलाओं के लिए संचालित पंचायतीराज विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य महिला आयोग में ''पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिये संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी'' विषय पर आज एक कार्यशाला का आयोजन राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान उपाध्यक्ष चारू चौधरी, राघवेन्द्र द्विवेदी, उप निदेशक पंचायती राज विभाग स्वाती गुप्ता कार्य अधिकारी निदेशालय पंचायती राज विभाग सुनीता सिंह राज्य सलाहकार पंचायती राज विभाग द्वारा किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को पदाधिकारियों द्वारा श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी।जागरूकता कार्यक्रम में पंचायती राज के अधिकारीगण द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिये संचालित पंचायत सामान्य निर्वाचन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधानों की क्षमता संवर्द्धन, स्वच्छ भारत मिशन ग्राम, उपहार स्वरूप इज्जतघर, लो कास्ट सैनिटरी नैपकीन उत्पादन कार्यक्रम, महिलाओं द्वारा मानवमल ढोने की प्रथा का अंत, महिला रोजगार स्वावलम्बन एवं सामुदायिक शौचालय संचालन, मासिक धर्म स्वच्छता अपशिष्ट प्रबन्धन इन्सनीरेटर निर्माण, केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग, मिशन शक्ति अन्तर्गत विभिन्न फेजों में महिला केन्द्रित गतिविधियों का संचालन, पंचायतों को पुरस्कार के माध्यम से प्रोत्साहन एवं सतत् विकास लक्ष्यों की स्थानीय स्तर पर प्राप्ति आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महिला आयोग के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक में विगत माह में आयोग पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई, महिला बन्दीगृह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आदि के निरीक्षण की समीक्षा की गयी।

## लखनऊ को मिले 50 से अधिक सीए, फाइनल ईयर के परिणाम में पहले स्थान पर युक्ति और दूसरे पर कुशाग्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) सीए फाइनल परीक्षा 2024 का परिणाम गुरूवार देर रात जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा में लखनऊ से 725 बच्चों ने परीक्षा दी। इसमें बोथ ग्रुप में 18 बच्चे, ग्रुप 1 में 29 बच्चे, ग्रुप 2 में 39 बच्चे सफल हुए। इसमें लखनऊ से युक्ति अग्रवाल ने 600 अंकों में 445 अंको के साथ पहली रैंक हासिल की है। 352 अंकों के साथ कुशाग्र अग्रवाल दूसरे स्थान पर हैं। 351 अंकों के साथ शिवांश सोनी तीसरे स्थान पर हैं। 340 अंकों के साथ वंशिता जैन चौथे और 333 अंकों के साथ कृतिका गुप्ता पांचवें स्थान पर है।

#### अभ्यर्थी इस तरह से चेक करें अपना परिणाम

शामिल हुए अभ्यर्थी की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन करके रिजल्ट चेक कर सकते हैं। आईसीएआई सीए मेरिट लिस्ट में टॉप उम्मीदवारों के नाम और उनके स्कोर की जानकारी दी गई है। परीक्षा बीते नवंबर माह में 3 से 13 तारीख तक आयोजित हुई थी।

#### शहर की यह है टॉप फाइव

- युक्ति अग्रवाल 600/445 अंक, लखनऊ में प्रथम
- कुशाग्र अग्रवाल 600 में से 352 के साथ लखनऊ में दूसरा स्थान
- शिवांश सोनी 600 में 351 अंक, लखनऊ में तीसरा स्थान
- वंशिता जैन 600 में 340 अंक, लखनऊ में चौथा स्थान
- कृतिका गुप्ता 600 में 333 अंक लखनऊ में पांचवा स्थान

# ईश्वर के अन्दर पाप नष्ट करने की अपार क्षमता है

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी के मोतीमहल लॉन में गुरुवार को शुरू हुई श्रीराम कथा के दूसरे दिन हजारों की संख्या में उपस्थित ज्ञान जिज्ञासुओं को संबोधित करते हुए अयोध्या से आए प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ स्वामिश्री राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान के अन्दर पाप नष्ट करने की जितनी क्षमता है, उतनी मनुष्य के अन्दर पाप करने की क्षमता नहीं है। उन्होंने पाप नाश करने के लिए भगवन्नाम का जप करने तथा दोबारा पाप नहीं करने का संकल्प लेने की सलाह दी। स्वामी राघवाचार्य महाराज ने भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति का एक नाम है नम्रता। जो व्यक्ति जितना अधिक विनम्र है, वह उतना ही बड़ा भक्त है। उन्होंने कहा कि विनम्रता ही भक्ति का आभूषण है। मानव जीवन में विनम्रता आ जाए, इससे बड़ा कोई सौभाग्य नहीं हो सकता। हम यह विनम्रता गुरुकुलों में सिखाते रहे हैं। स्वामी जी महाराज ने मनुस्मृति का उल्लेख किया और कहा कि भगवान मनु ने कहा है कि एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मन
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्प्रथिव्यां सर्व मानवा। अर्थात सम्पूर्ण विश्व के मानव जीवन चरित्र निर्माण की शिक्षा भारत में संचालित गुरुकुलों में श्रेष्ठ आचार्यों से प्राप्त करते रहे हैं। कथाव्यास स्वामी राघवाचार्य ने कहा कि मानव सभी हैं लेकिन उनकी अवस्थाएं भिन्न-भिन्न हैं। हमारे हाथ की पांचों उंगलियां समान है लेकिन उनमें कोई कनिष्ठा है तो कोई अनामिका। जब उंगलियां समान नहीं है तब मानव मानव एक समान नहीं हो सकता। उच्च साधनाओं द्वारा मानव को ऊंचा उठना पड़ता है। श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक आचार्य डॉ. सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने लखनऊवासियों से कथा आयोजन में पधारने का आवाहन किया और कहा कि लखनऊ में मोती महल लॉन स्थित श्रीराम कथा पंडाल उत्तम चरित्र गढ़ने की पाठशाला बनता जा रहा है। यहां श्रीराम कथा के माध्यम से और पूज्य संतों के आशीर्वचनों से भक्तजन परम आनन्द का अनुभव कर रहे हैं तथा अनेकानेक प्रेरणास्पद शिक्षाएं प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र ने बताया कि आज की कथा के मुख्य यजमान अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार त्रिवेदी एवं कात्यायन ग्रुप के निदेशक अरुण मिश्र थे। गाजियाबाद से पधारे प्रणामी संप्रदाय के संत सुदीप महात्मा, राज्य मंत्री वैश्य नटवर गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल, शिवानन्द पाण्डेय आदि ने भी रामकथा में भागीदारी की।

# फिरोजाबाद के दो मंदिरों के सौंदर्यीकरण व आसपास बुनियादी सुविधा सृजन के लिए 3.81 करोड़ स्वीकृत

- विभिन्न पर्वों पर मेले के दौरान भारी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु -जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रसिद्ध स्थलों के पास पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रहा है। फिरोजाबाद जनपद में स्थित ग्राम उखरैण्ड और सींगमेई के दो मंदिरों के आस-पास पर्यटन विकास किया जायेगा। इसके लिए लगभग 3.81 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। 2.45 करोड़ रूपये जारी किए जा चुके है। धनराशि से दोनों मंदिरों का सौंदर्यीकरण तथा मंदिर के आस-पास बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने के प्रयास जारी हैं। पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग प्रदेश के हर जनपद में स्थित ज्ञात एवं अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर सहभागिता के आधार पर पर्यटन विकास का कार्य कराया जा रहा है। मदनपुर विकासखंड के ग्राम सींगमेई में प्राचीन माता मंदिर है। यहां स्थानीय और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि में भव्य मेले का आयोजन होता है। यहां 2.02 करोड़ रुपए से मंदिर का सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए 1.30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। योजना अंतर्गत मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, गेट, हेल्प डेस्क, बेंचेज, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। मदनपुर विकासखंड के ग्राम उखरैण्ड में वन खंडेश्वर मंदिर काफी पुराना है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मेले का आयोजन होता हैं। महाशिवरात्रि पर भव्य मेले का आयोजन होता है। यहां सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए 1.79 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। अब तक 1.15 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इस धनराशि से मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, गेट, हेल्प डेस्क, बेंचेज, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे।

### झांसी नगर निगम ने पटरी विक्रेताओं को हुई क्षतिपूर्ति का किया भुगतान-शर्मा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने झाँसी नगर निगम स्थित सीपरी बाजार के चित्रा चौराहे और पानी की टंकी के समीप फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे सब्जी विक्रेताओं की सब्जी को प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा जेसीबी के माध्यम से कुचलकर हटाने की ख़बर को अत्यंत गंभीरता से लिया है और नगर निगम के कार्मिकों द्वारा किए गए असंवेदनशील कृत्य पर गहरा दु:ख भी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा पटरी विक्रेताओं के हितों के प्रति संवेदनशील है। किसी भी रूप में उनके हितों को कुचलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कियह कृत्य प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता द्वारा नगर निगम के किसी भी उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाये बगैर किया गया है, जो की घोर लापरवाही को दर्शाता है, इसके लिए प्रभारी के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की गई है।नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सख़्त निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण रोधी दस्ता बृजेश वर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए अग्रिम अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गयी है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुदेश सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी गई है।



# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया रायबरेली महोत्सव का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मा0 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने किया रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन किया, जीआईसी ग्राउंड में 31 जनवरी तक चलेगा रायबरेली महोत्सव। रायबरेली महोत्सव में दिव्य महाकुंभ की सेल्फी का फीता काटकर काटकर ' रायबरेली महोत्सव का आगाज हो गया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया एवं उद्यान मंत्री के रायबरेली महोत्सव पर पहुंचते ही सैकड़ो दुकानदारों के साथ आयोजक राकेश गुप्ता एवं आशीष पाठक ने भव्य माला एवं फूलों की वर्षा करके मुख्य अतिथि का स्वागत किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं।केन्द्र और राज्य सरकार हस्तशिल्प के कारीगरों को सहयोग कर उन्नति कर रही है मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि रायबरेली महोत्सव का आयोजन यहां के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहता है जो लोग अपने बच्चों को बड़े-बड़े माल में नहीं ले जा पाते हैं वह रायबरेली महोत्सव में आकर अपने बच्चों की ख्वाहिशों को पूरा करते हैं दूसरी ओर आत्मनिर्भर भारत के तहत यहां बेरोजगारों को रोजगार भी देने का काम आयोजक राकेश गुप्ता जी कर रहे हैं रायबरेली महोत्सव समिति धन्यवाद के पात्र है ।

आयोजन समिति के आयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि कई राज्यों से हस्तशिल्प उत्पाद महोत्सव में आए हैं महोत्सव का मुख्य उदेश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए विलुप्त होती लोककलाओं को नवजीवन प्रदान करने के साथ रोजगार का अवसर प्रदान करना है मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने बताया की रायबरेली महोत्सव में रायबरेली के दुकानदारों के साथ साथ उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से भी दुकानदार आए हुए हैं रावली महोत्सव में आपको कश्मीरी कपड़े जयपुरी रजाई राजस्थानी व्यंजन के साथ-साथ गुजरात उड़ीसा महाराष्ट्र आदि प्रदेशों की वस्तु मिलेगी रायबरेली रायबरेली महोत्सव अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए प्रचलित है इस मौके पर प्रमुख रूप से रायबरेली महोत्सव समिति के संयोजक विजय यादव, भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष पांडे, उद्योग व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, महेंद्र अग्रवाल, एक्यूप्रेशर चिकित्सा भगवान दीन यादव,अखिलेश द्विवेदी, अमरजीत मौर्य,पंकज साहू सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महिला से दिनदहाड़े हुई छिनैती, मंगलसूत्र,झाला व रुपए लेकर बदमाश फरार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

थाना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के जहूपुर धरइमाफी गांव की महिला के साथ दिनदहाड़े एक बड़ी छिनैती की वारदात सामने आई है।जहां दो बदमाशों ने एक महिला से सोने का मंगलसूत्र,कान का झाला और नकद रुपए छीनकर फरार हो गए।घटना को लेकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं। सीसीटीवी फुटेज में वारदात के समय महिला के साथ बदमाशों को देखा जा सकता है।घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित स्टेट बैंक के पास शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे हुई। जहूपुर धरइमाफी गांव की निवासी महिला नीतू स्टेट बैंक की ओर जा रही थी,तभी तिराहे से जैसे ही वह बैंक की तरफ मुड़ीं,दो बदमाश आए और महिला को बातों में उलझा कर उसके गले का मंगलसूत्र,कान का झाला और रुपये नगद छीन कर मौके से फरार हो गए।महिला ने इस घटना के बाद तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन बीस जनवरी तक

जन एक्सप्रेस । अमेठी

सहायक श्रम आयुक्त गोविंद यादव ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसमें आज अट्ठाइस दिसम्बर से बीस जनवरी तक आवेदन पत्र वितरण एवं प्राप्ति का कार्य किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में 140 और कक्षा 9 में 140 उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाना है।जिसमें आधी सीटें छात्राओं के लिए होंगी।आवेदन हेतु पात्रता की शर्तो के तहत अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छ हेतु अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2013 से पहले और इकतीस जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए।आवेदन हेतु पात्रता की शर्तो के तहत अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छ हेतु अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2013 से पहले और इकतीस जुलाई 2015 के बाद नहीं होना चाहिए।एवं कक्षा 9 हेतु अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2010 से पहले और इकतीस जुलाई 2012 के बाद नहीं होना चाहिए।यह अनुसूचित जाति,अनूसचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू होगा।उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए आवेदन हेतु ऐसे अद्यतन रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरांत तीस नवम्बर को कम से कम तीन वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो। उनके प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे पात्र होंगे।तथा अनाथ बच्चों हेतु अनाथ श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो ऐसे पात्र बच्चे कक्षा 6 के लिए और कक्षा 9 के लिए प्रवेश पाने के पात्र होंगे।इसीक्रम में उन्होंने बताया कि सीट आरक्षण के तहत कुल सीटों के स्थानों में 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों,27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग,21 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 02 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए तथा राज्य के मानदण्डों के अनुसार दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण का प्रावधान है।प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर 16 फरवरी रविवार को प्रवेश परीक्षा तथा 22 फरवरी को परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।इस सम्बन्ध में उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र,छात्राओं से अपील किया कि संबंधित विकास खण्ड कार्यालय,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग कार्यालय गौरीगंज से आवेदन फार्म प्राप्त करके संलग्नकों माता या पिता का श्रमिक पंजीयन कार्ड,बच्चें एवं माता पिता का आधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,अंकपत्र की छायाप्रति एवं दो फोटो सहित अपना आवेदन भर कर जमा कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग के मो.न.8739 077679, 9936043755 व 9760880281 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पचास हजार के इनामी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

पीलीभीत में हुई घटना के बाद यूपी पुलिस और एसटीएफ के अधिकारी सक्रिय मोड में आ गए हैं।जनपद के गौरीगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है।एसटीएफ ने पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ बब्बन मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है।इस गिरफ्तारी में गौरीगंज और मुंशीगंज थाना पुलिस का भी सहयोग रहा।अपराधी को पकड़ने के बाद एसटीएफ की टीम उसे लखनऊ ले गई।जहां विधिक कार्यवाही की जाएगी। धर्मेंद्र मिश्र उर्फ बब्बन मिश्रा मुंशीगंज थाना के दरपीपुर गांव का रहने वाला है।वह कई मामलों में वांछित था।और थाने का हिस्ट्रीशीटर भी था।अपराधी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज थे।इसकेअलावा इस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।शुक्रवार को संयुक्त पुलिस अभियान के तहत एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार किया।और लखनऊ रवाना हो गई।गौरीगंज थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडे ने बताया कि लखनऊ से आई एसटीएफ की टीम ने इनामी अपराधी को पकड़ने के लिए उनके थाना क्षेत्र में कार्रवाई की।दो थानों की पुलिस बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया।

# कांग्रेस सेवा दल के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनाई गई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आज सेवादल व जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व राष्ट्रीय सचिव सेवादल सुनील श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर जिला मुख्य संगठन सेवादल कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव ने बताया के सुनील श्रीवास्तव सेवा दल के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर भी थे मध्य प्रदेशकांग्रेस सेवादल के प्रभारी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अतिरिक्त मुख्य संगठक के पद पर रहते हुए रायबरेली सांसद श्रीमती सोनिया गांधीकार्यालय का भी कार्य देख रहे थे तथा रायबरेली में जिला कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक भी थे उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी व सेवादल के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी नमन किया इस पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार दीक्षित सेवादल की अनीता श्रीवास बबलू आशीष द्विवेदी मनोज त्रिवेदी अभय सिंह रोहित सिंह शिवानंद मौर्य अभय त्रिवेदी कन्हैया लाल सोनकर सहित तमाम लोगों ने उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सामुदायिक शौचालय बने सफेद हाथी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले के ग्रामीणक्षेत्रों में लाखों की लागत से बने अधिकांश सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं।सिंहपुर विकासखंड के रामपुर पांवरा ग्रामपंचायत बने सामुदायिक शौचालय में आए दिन ताला लगा रहता है।जोकि सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के विपरीत है।जबकि सामुदायिक शौचालयों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और सुविधा उपलब्ध कराना है।लेकिन अगर ये उपयोग में नहीं आ रहे हैं या बंद हैं,तो यह संकेत करता है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।यही नहीं पूरे जनपद में बने अधिकांश सामुदायिक शौचायलयों का कमोबेश यही हाल है। शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव के लिए उचित व्यवस्था नहीं है।पानी, बिजली,या अन्य जरूरी सुविधाओं की भी कमी है।प्रबंधन में खामियां, पंचायत या प्रशासन की ओर से भारी लापरवाही उजागर होती है।

जनपद के विकासखंड सिंहपुर निवासी बुद्धिजीवी पत्रकार अंकित त्रिवेदी और रामपुर पवारा ग्राम पंचायत स्थित शिव मंदिर के पुजारी जगदीश उर्फ गोस्वामी बाबा का कहना है,कि ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय के उपयोग के प्रति जागरूकता की कमी है।स्थानीय प्रशासन ग्राम पंचायत और विकास अधिकारियों को इसकी निगरानी करनी चाहिए।शौचालयों की स्थिति पर निगरानी रखने के लिए एक समिति गठित होनी चाहिए।ताकि सामुदायिक शौचालय अपने उद्देश्य को पूरा कर सके।

# राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ निकला शांति पूर्वक कैंडल मार्च

- गृहमंत्री द्वारा डॉ आंबेडकर पर अपमान जनक टिप्पणी करनेसेआम जन मानस में रोष

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय सविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी रायबरेली शाखा ने एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। पार्टी के पदाधिकारी ने राष्ट्रीय शोषण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देशन पर हाथी पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा से डिग्री कॉलेज चौराहा स्थिति शहीद चौक तक शांति पूर्वक कैंडल मार्च निकल कर विरोध प्रदर्शन किया है पार्टी के पदाधिकारियो ने ज्ञापन के मध्य से कहा कि भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा भारत के उच्च सदन राज्य सभा में अपमान जनक टिप्पणी करने पर भारत की 130 कारोंड जनता की भावना आहत हुई है जिससे अंजनमानस में आक्रोश व्याप्त हैराष्ट्रीय शोषण समाज पार्टी मांग करती है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद से त्याग पत्र देकर जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। देश की जनता लोकतंत्र में विस्वास रखने वाले अंबेडकर अनुवाइयों की भावना आहत करने वाले अमित शाह पर मुकदमा दर्ज कराकर संसद की सदस्यता को समाप्त किया जाय, अन्यथा देशव्यापी आंदोलन चलेगा जिसकी जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्रिमंडल की होगीइस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य, सुशील मौर्य,धुन्नी मौर्य, डा जे के गुप्ता, राजेश यदुवंशी, मिथिलेश मौर्य, मंजू, अजय कुमार मौर्य,अनूप कुमार राजकुमार मौर्य, अशोक मौर्य राजेंद्रमौर्यसहिततमामपदाधिकारी महिलाएं व कर्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एनएसपीएस त्रिपुला में दीं गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दीप्रधानाचार्य ने बच्चों को बताया कि डॉ मनमोहन सिंह हमारे देश के इकलौते ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्हे भारतवर्ष की करेंसी पर हस्ताक्षर करने का सौभाग्य प्राप्त था। पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री रहे जिन्हे पांच वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद लगातार दूसरी बार भी पदभार ग्रहण करने का मौका मिला, वह भारत के वित्तमंत्री भी रहे और इस कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा किए गये आर्थिक सुधारों के लिए उन्हें हमेसा याद किया जाएगा। डॉ साहब भारतीय रिजर्व बैंक के 15 वें गवर्नर भी रहे, इस दौरान उनकी पहचान एक कुशल अर्थशास्त्री के रूप में रही। पद्म विभूषण से सम्मानित मनमोहन सिंह जी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा है। राष्ट्र के विकास में उनके अहम् योगदान के के लिए भारत सरकार ने उनके निधन पर सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

# मिनिसटीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उप्र चुनाव सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मिनिसटीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उप्र का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव जिले मे चुनाव वीरवार को संपन्न हुआ चुनाव की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री गोवर्धन ने की चुनाव की देखरेख चुनाव अधिकारी राकेश चौधरी ने की इस मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों को कृष्ण कुमार मंडल अध्यक्ष ने शपथ दिलाई

इस अवसर पर महासंघ के कई वरिष्ठ सदस्य और अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। इनमें प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश चौधरी, जनपद अध्यक्ष राम आनंद सोनकर, जनपद मंत्री अनिकेत यादव कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सोनकर उपाध्यक्ष विनय शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम शाहिद मेहंदी जाफरी संतोष कुमार यादव संगठन मंत्री अखिलेश शर्मा धीरेंद्र चौधरी मुख्य संरक्षक सर्वेश कुमार सलाहकार अमरनाथ चौधरी उपस्थित रहेवही प्रदेश से आए हुए पदाधिकारियो में प्रदेश अध्यक्ष करतार्थ, प्रदेश महामंत्री गोवर्धन,प्रदेश कोषाध्यक्ष, रामेंद्र कुमार,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार,प्रांतीय उप महामंत्री मौजूद रहेनवनियुक्त अध्यक्ष राम आनंद सोनकर ने अपने कर्मचारीयों और पदाधिकारीयों से ये वादा किया की वे हमेशा उनके हर सुख दुख मे खडे रहेंगे उनकी हर मांगो अधिकारीयों से लेकर सरकार तक उनकी बात पहुंचाएंगे साथ ही उन्होंने ने सरकार से मांग भी करी की उनके विभाग मे पेंशन को लागू किया जाये वही इस चुनाव को सफल बनाने मे जय चंद्र वर्मा, अमित पटेल, नीरज मौर्य आदि साथियो का विशेष योगदान रहा।

## ग्राम प्रधान एवं सचिव के सहयोग से बच्चों के लिए दिया गया फर्नीचर

- बच्चों को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बने कॉन्वेंट स्कूल जैसा माहौल प्रधान प्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सलोन प्रदेश सरकार द्वारा लगातारपरिषदीयविद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु तमाम सुविधाएं महिया कराई जा रही है। इसी कड़ी में सलोन क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीद गढ़ में खंड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव एवं ग्राम प्रधान नीलम मौर्य तथा प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्य के प्रयास से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को बैठने के लिए 15 सेट डेस्क और बेंच उपलब्ध कराया गया एसएमसी अध्यक्ष सविता पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र तथा अभिभावक उमानाथ, शमशेर, इंदल, अनवर लाल सहित लोगों ने बच्चों के लिए उपलब्ध कराए गए फर्नीचर की जमकर सराहना की। प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्य ने कहा कि हमारी प्राथमिकता में अच्छे विद्यालय और पढ़ने वाले बच्चों को टिकाऊ शिक्षा उपलब्ध कराकर उनका भविष्य संवारना है जो सरकार की मंशा भी है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस.एस पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों जैसी सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा दिया जा रहा हैकार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव एवं धन्यवाद सुमन शिक्षा मित्र के द्वारा किया गया इस अवसर पर सदस्य महादेव एवं समाजसेवी अनिल सिंह तथा विद्यालय की रसोईया किरण एवं कलावती सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में किया गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री एवं रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर रायबरेली के कांग्रेस जनों में शोक की लहर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना की जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया की डॉक्टर मनमोहन सिंह का छोड़ जाना देश की एक बहुत बड़ी क्षति है प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 10 वर्ष देश की तरक्की और आर्थिक प्रगति के लिए हमेशा याद रखे जाएंगे इसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री ने बताया की डॉक्टर मनमोहन सिंह जब पूरा विश्व 2007 से 2009 कीआर्थिक मंदी से जूझ रहा था तब प्रख्यात अर्थशास्त्री और देश के प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के सफल नीति और मार्गदर्शन से उस समय देश को प्रगति की राह में आगे बढ़ाया और विश्व की आर्थिक मंदी का असर देश में देखने को नहीं मिला पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की सादगी उनकी दूरदर्शिता और देश सेवा को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा इस श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख रूप से वी के शुक्ला निर्मल शुक्ला ओपी श्रीवास्तव रोहित सिंह राजकुमार दीक्षित शिवानंद मौर्य अजीत सिंह नौशाद खतीब शशिकांत पांडे अनवर खान अजय सिंह मनोज तिवारी लक्ष्मी सिन्हा सुधीर सिंह आशीष द्विवेदी सूर्यकुमार बाजपेई सर्वोत्तम मिश्रा मनोज मिश्रा अनिल मिश्रा अभय सिंह हाफिज रियाज अभय त्रिवेदी मोहम्मद अशरफ खान प्रमोद बाजपेई अरुण यादव ज्योति पासी शंभू चरण पाल कल्याण श्रीवास्तव रमाकांत सिंह अखिलेश अवस्थी दिनेश त्रिवेदी सौरभ शुक्ला अखिलेश मिश्रा रमाकांत त्रिपाठी मदन सिंह परिहार संतोष सिंह अमित मिश्रा सोनू खान महेश्वर सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive



### दहशत: भैंस के बच्चे को उठा ले गया बाघ...

न्यूरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संडा में बाघ ने किसान के पशुशाला में बंधे भैंस के पड्डे को मार डाला। पास में गन्ने के खेत में आधा खाया हुआ शव मिला जानकारी के अनुसार किसान के बाहर और भी जानवर उसकी पशु शाला में बंधे हुए थे विगत रात में अचानक से बाघ...

पढ़ें पेज 10 पर...

# घर के बाहर पड़ा मिला किसान का शव, पुलिस जांच में जुटी

- बेटी से प्रेम संबंधों के विरोध में प्रेमी द्वारा हत्या किए जाने की आशंका

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर





**शिवराजपुर।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दुबियाना गांव में शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का उसके घर के बाहर रक्त रंजित शव पड़ा मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई ने बेटी से प्रेम संबंधों का विरोध करने पर पड़ोसी युवक द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलती ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। और घटना के संबंध में मृतक के परिजनों से बातचीत की है।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दुबियाना गांव निवासी किसान पत्नी की मौत के बाद अपनी नाबालिग बेटी के साथ रहता था। शुक्रवार सुबह किसान का घर के बाहर रक्त रंजित शव पड़ा मिला। आस पड़ोस के लोगों ने सुबह जानकारी होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी सहित कई अधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और घटना की जांच पड़ताल शुरू की. सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए है।



### बेटी से आशनाई के विरोध में चली गई किसान की जान

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचा मृतक का भाई वर्तमान में मंधना कानपुर में निवास करता हैं। उसने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले हिमांशु पुत्र निर्मल का उनके घर आना जाना था और उसका उनकी भतीजी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसका उनके भाई विरोध करते थे। उन्हें आशंका है कि दोनों के बीच अनैतिक संबंधों का विरोध करने पर हिमांशु ने उनके भाई की हत्या कर दी है। उन्होने मृतक को छत से फेंक कर हत्या किए जाने की भी आशंका जताई है। वहीं घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

### टीम बनाकर हत्यारे प्रेमी की जा रही तलाश

शिवराजपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया के बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस अभी घटना से जुड़े हुए सभी साक्ष्यों को इकट्ठा करके घटना की जांच पड़ताल करने के साथ ही आरोपी की तलाश किए जाने को लेकर टीम को लगा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# इशांत प्रताप सिंह ने एनडीए में राष्ट्रीय स्तर पर 489वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रौशन





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर कस्बे के पटेल नगर के रहने वाले कृषक विपिन सिंह के बेटे इशांत प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी (एनडीए) में राष्ट्रीय स्तर पर 489वां स्थान प्राप्त किया है। एनडीए में यह अद्भुत उपलब्धि प्राप्त करके क्षेत्र का ही नही बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया है और इशांत के परिवार के लिए गर्व का क्षण है। अब वह जूनियर अंडर ऑफिसर के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी में शामिल होंगे। शुक्रवार कों वी वी आई पी स्कूल के चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेयी ने इशांत को मिठाई और अंग वस्त्र देकर शुभाशीष प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इशांत की उपलब्धि वी वी आई पी स्कूल के लिए गर्व का क्षण है और हमें उम्मीद है कि वह आगे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इशांत एक सामान्य परिवार से किसान का बेटा है। इशांत प्रताप सिंह ने वर्ष 2023-24 में वीवीआईपी स्कूल से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई, आदित्य बाजपेई, कैफी काजमी, संदीप त्रिपाठी, धीरेंद्र राजावत, अमन त्रिवेदी मौजूद रहे।

# अवैध खनन का विरोध करने पर हिस्ट्री शीटर ने किया जानलेवा हमला युवक घायल

- मारपीट के दौरान ताबड़तोड़ हुई फायरिंग लोहे की रॉड से किया हमला

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



**शिवराजपुर।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगे भाइयों को अवैध मिट्टी खनन का विरोध करना भारी पड़ गया है। हिस्ट्रीशीटर ने गुंडो के साथ मिलकर युवक पर हमला कर दिया। पहले तो ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग करते हुए युवकों को दौड़ा कर दबोच लिया। इसके बाद लोहे की रॉड बेरहमी से पीट दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शिवराजपुर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही साथ आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। शिवराजपुर कस्बे के वार्ड नंबर 7 में रहने वाले निगम यादव ने बताया कि 26 दिसंबर की देर रात वह कल्याणपुर अपने भाई अंकित यादव और दोस्त संजू यादव के साथ घर वापस लौट रहा था। काकूपुर अंडरपास के नीचे हिस्ट्री सीटर अभिषेक उर्फ बोनी ठाकुर, प्रदीप सिंह, विमल त्रिवेदी उर्फ छोटू और रोहित सेंगर घात लगाए हुए बैठे थे। हम लोगों को देखते ही उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। हम लोगों के भागने पर उन लोगों ने दौड़कर दबोच लिया। खनन का विरोध करने की रंजीत को लेकर गुंडो के साथ हम सभी को घेर लिया। इसके बाद हत्या के इरादे से लोहे की रॉड से इस कदर पीटा की तीनों के सिर फट गए और हाथ टूटने के साथ ही पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कहां की अगर अब कारण का विरोध किया तो जान से मार देंगे। घटना के संदर्भ में निगम यादव की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्री शीटर अभिषेक उर्फ बोनी ठाकुर, प्रदीप विमल त्रिवेदी उर्फ छोटू और रोहित सेंगर के खिलाफ हत्या का प्रयास बलवा समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बोनी ठाकुर व उनके साथियों द्वारा यह पहली घटना को अंजाम नहीं दिया गया है इससे पहले भी सचिन को कमरे में बंधक बनाकर पीटने और बस स्टॉप पर एक व्यक्ति पर गोली चलने समेत आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इतने मामले दर्ज होने के बाद भी आरोपी पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। इसी का फायदा उठाकर आरोपी एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। और उसकी दबंगई के बल पर इलाके में अवैध खान समेत अन्य काले कारनामों को अंजाम देता है।

# पुलिस कमिश्नर के कहने पर दर्ज हुआ छेड़खानी का मुकदमा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कानपुर में पुलिस ने छेड़छाड़ कि पीड़िता के मामले में खेल कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत की तो पुलिस ने उनका मेडिकल कराकर मुकदमा लिखने का आश्वासन दिया। मगर मुकदमा दर्ज नहीं किया जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के यहां जाकर न्याय की गुहार लगाई। तब कहीं जाकर पुलिस कमिश्नर के कहने पर चकेरी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। रामादेवी चकेरी के एक इलाके में रहने वाली पीड़िता ने बताया कि 18 दिसंबर की शाम 4:00 बजे वह अपने घर के पीछे प्लाट में कूड़ा डालने गई थी। जहां पर पहले से ही पड़ोस के रहने वाले अंशु और सर्वेश मौजूद थे। पीड़िता को अकेला पाकर आरोपियों ने उसे अश्लील इरादे से पकड़ लिया। विरोध करने पर पीड़िता से गाली गलौज करने लगे। पीड़िता ने जब कहा कि इस तरह की भाषा का प्रयोग ना करो तो आरोपियों ने उसे पकड़कर अश्लील हरकतें करने लगे। जब उसने बचने का प्रयास किया तो अंशु ने उसका दाहिना हाथ मरोड़ दिया और जमीन पर गिरा लिया। उसके बाद दोनों आरोपियों ने पीड़िता से जबरदस्ती की कोशिश की। जबरदस्ती के दौरान पीड़िता के चेहरे वी एन हिस्सों में खरोच की चोटे लग गई। तब आरोपी वहां से उसे धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलती पुलिस मौके पर पहुंची। और पीड़िता को पुलिस थाने ले गई। थाने ले जाकर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा तो पुलिस ने आश्वासन देकर मामले को टरका दिया। कई बार थाने के चक्कर काटने के बाद भी जब पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो आखिरकार न्याय पाने के लिए पीड़िता पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंची तब पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# श्याम महोत्सव में ध्वज पताकाओं संग निकली निशान यात्रा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर में श्याम बिहारी कृपा मंडल के बैनर तले 6 वें श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। 351 ध्वज पताकाओं संग निकली निशान यात्रा निकली गई। फूलों से सजे रथ पर बिहारी जी व श्याम बाबा को विराजमान करा आरती करने के पश्चात् निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। निशान यात्रा में श्याम पताका लेकर महिलाएं निकली। भजन मंडली के कुमार श्रवण व गायिका महिमा पांडेय ने समां बाँध दिया। जिससे श्रद्धालू झूम उठे। राजस्थान भवन से सैंकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निकली यात्रा बिरहाना रोड, नया गंज चौराहा, जनरलगंज, बजाजा, लाठी मोहाल तिराहा, सिरकी मोहाल, सालासर बालाजी मंदिर, कमला टावर, नील वाली गली होते हुए फीलखाना स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। यहाँ पर बाबा श्याम को निशान अर्पण कर यात्रा का समापन किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटीरोमियो टीम थाना गुजैनी कानपुर नगर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्रांतर्गत गया देवी बालिका इंटर कॉलेज मेहरबान सिंह का पुरवा थाना गुजैनी में बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना गुजैनी क्षेत्रांतर्गत गुजैनी में सुरक्षा, स्वावलंबन के विषय में बालक/बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930 ,1076, 1098, 112, 181 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा यूपी कॉप ऐप से प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एवम् महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।



# नव वर्ष पर आनंदेश्वर मंदिर में रहेगी हाई सिक्योरिटी: अखिल कुमार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

नव वर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को श्री आनंदेश्वर मंदिर का पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नए साल में शहर के प्रमुख मंदिरों में हजारों भक्तों की दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ती है। श्री आनंदेश्वर मंदिर परमट, पंचमुख हनुमान मंदिर पनकी समेत अन्य प्रमुख मंदिरों पर देर रात से ही भक्तों की भीड़ शुरू हो जाती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कानपुर पुलिस ने खाका खींच लिया है। इसी के चलते श्री आनंदेश्वर मंदिर का ग्वालटोली थाना प्रभारी समेत अन्य अफसरों के साथ निरीक्षण किया। मंदिर के गेट पर बैरिकेडिंग रहेगी श्रद्धालु लाईन से मंदिर के भीतर दर्शन करने को जा सकेंगे। किसी भी श्रद्धालु को घाट की तरफ से मंदिर परिसर में नहीं जाने दिया जाएगा। इसके साथ ही घाट पर जलपुलिस और गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। सीसीटीवी कैमरे से मंदिर परिसर को लैस कर दिया गया है।

# महिला के बैग से मोबाइल चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी में हुआ कैद

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

फजलगंज थाना क्षेत्र में एक चोर का कारनामा कमरे में कैद हो गया। चोर ने पहले एक महिला के पर्स से उसका मोबाइल चुरा लिया। चुराते समय मोबाइल सड़क पर गिर गया। लेकिन कर उसे वक्त वहां से चला गया और फिर वापस लौटकर आया और सड़क से मोबाइल फोन उठा कर ले गया। बजरंग पुलिस के मुताबिक मामले में कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है। चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में 2 मिनट 40 सेकंड का एक वीडियो बीते दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो गुमटी नंबर 5 का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि दो महिलाएं दुकान पर खरीदारी कर रही हैं। वही एक युवक भी मौजूद है जो की ट्रैकसूट पहने हुए हैं। वह भी दुकान पर खड़े होकर खरीदारी का बहाना करता है। इसी दौरान वह महिला के पर्स में हाथ डालकर उसका मोबाइल फोन निकाल लेता है। युवक जैक पर से मोबाइल निकालता है तो मोबाइल उसके हाथ से फिसल जाता है। इसके बाद वह कुछ देर और दुकान पर खड़े होकर उसे उठाने का प्रयास करता है। मगर उसे फोन उठाने का मौका नहीं मिलता तो वह वहां से चला जाता है। थोड़ी देर बाद आरोपी फिर से लौट कर आता है। इस बार उसे मोबाइल मिल जाता है। महिला जैसे ही वहां से आगे बढ़ती है चोर ने सड़क से मोबाइल फोन उठा कर वहां से चला जाता है। मामले में फजलगंज थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत या तहरीर थाने में नहीं प्राप्त हुई है। घटना को लेकर जानकारी जुटा जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसवीएम में न्यूरो एब्लेशन तकनीक से हो रहा इलाज, दर्द वाली तंत्रिकाओं को निष्क्रिय कर दे रहे मरीजों को राहत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर में कैंसर रोगियों के दर्द को कम करने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पेन मेडिसिन विभाग में न्यूरो एब्लेशन तकनीक अपनाई जा रही है। इससे लिवर कैंसर के अलावा गाल ब्लैडर, गर्भाशय, अग्नाशय, गुदा द्वार और नली आदि कैंसर के रोगियों को आराम मिल रहा है। इस तकनीक में मस्तिष्क तक दर्द का संदेश पहुंचाने वाली तंत्रिकाओं को रास्ते में ही निष्क्रिय कर दिया जाता है। इससे रोगी को दर्द का अहसास ही नहीं हो पाता है। लिवर, गॉल ब्लैडर, अग्नाशय, गर्भाशय के कैंसर के रोगियों को बहुत दर्द होता है। दर्द कम करने के लिए उन्हें पेन किलर का इंजेक्शन या टैबलेट डॉक्टर देते हैं। इससे दर्द में पूरी तरह आराम नहीं मिलता है, साथ ही दर्दनाशक दवाओं के दुष्प्रभाव भी रोगी को झेलने पड़ते हैं। न्यूरो एब्लेशन तकनीक में रोगियों को आराम मिल जाता है। पेन मेडिसिन विभाग के प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर ने बताया कि रोगियों के इलाज में पेन जनरेटर मशीन का इस्तेमाल किया जाता है।

### खून का थक्का बनना बंद हो जाता है

इस तकनीक में फ्लोरोस्कोपी करते हैं। इसमें सुई जितने पतले तार को कैंसर वाले स्थान पर पहुंचाया जाता है। वहां दर्द पहुंचाने वाली तंत्रिकाओं को रेडियो फ्रीक्वेंसी से निष्क्रिय कर दिया जाता है। इससे दर्द का मैसेज मस्तिष्क तक नहीं पहुंच पाता और रोगी को दर्द का अहसास नहीं होता। उन्होंने बताया कि एडवांस लिवर कैंसर में यह विधि अधिक कारगर नहीं है। लिवर कैंसर की इस स्थिति में खून का थक्का बनना बंद हो जाता है। इससे प्रभावित अंग में सुई डालने पर ब्लीडिंग का खतरा रहता है।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | क्लीनिंग ऑफ वेरियस कंपोनेंट्स यूसिंग केमिकल एण्ड सपोर्ट फॉर नॉन-डेस्ट्रक्टिव, केमिकल एण्ड मैकेनिकल टेस्टिंग वर्क एट डिफरेंट लोकेशन्स ऑफ शॉप फ्लोर फॉर सी० एण्ड एम० लेबोरेटरी ऑफ कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ। | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,10,36,736/- मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹2,05,200/- मात्र | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष | | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.01.2025 से 20.01.2025 समय 15:00 बजे तक | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2024-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-38

दिनांक: 27.12.2024 3966/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पुलिस ने हाईटेक वाहन चोर को पकड़ा

## 6 घंटे में नेपाल पहुंचा देता था कानपुर से चोरी की गाड़ियां, 50 से 80 हजार में बेचता था

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर में पुलिस ने कार चोरी करने वाले शातिर को अरेस्ट कर लिया है। उसके पास से चोरी की दो कार भी बरामद हुई हैं। पूछताछ में पता चला कि शातिर चोर कानपुर से कारों को चोरी करके नेपाल में बेचते थे। चोरी के बाद बहराइच बॉर्डर को पार करके महज 6 घंटे में नेपाल चोरी की गाड़ी पहुंचा देता था। एक कार का उसे 50 हजार से 80 हजार रुपए तक मिलता था। पुलिस अब उसके फरार साथी की तलाश कर रही है। इसके साथ ही चोरी के पूरे सिंडिकेट का खुलासा करने के लिए भी जांच कर रही है।

### नेपाल में 50 से 80 हजार में बेचता था चोरी की कार

एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चोरी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि किदवई नगर एच-2 ब्लॉक में रहने वाले नीरज द्विवेदी की वैगनआर कार 22 दिसंबर की रात को चोरी हो गई थी। उन्होंने मामले की रिपोर्ट किदवई नगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि शातिर चोर कार से आए थे और फिर टोचिंग करके वैगनआर कार को चोरी करके ले गए थे। सीसीटीवी में शातिर चोर कार को ले जाते हुए कैद हुए थे। सीसीटीवी की मदद से पुलिस शातिर चोर स्वर्ण जयंती विहार डूडा कॉलोनी निवासी राजू कुशवाहा कुशवाहा तक पहुंच गई और उसे अरेस्ट कर लिया। जबकि उसका साथी अशोक की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। पूछताछ में शातिर चोर राजू कुशवाहा ने बताया कि वह कानपुर समेत अन्य जिलों से कारों को चोरी करके नेपाल में बेचता है। उसके टारगेट पर नई और लग्जरी कारें नहीं, बल्कि पुरानी कारों को टारगेट करता था। जिसका लॉक आसानी से खुल जाता था। शातिर ने बताया कि वह कानपुर से नेपाल में बहराइच बॉर्डर के जरिए महज 6 घंटे में चोरी की गाड़ियों को कानपुर से नेपाल पहुंचा देता था। उसे प्रति कार 50 से 80 हजार रुपए मिलता था। वह अपने साथी अशोक का इंतजार नेपाल जाने के लिए कर रहा था। इससे पहले पुलिस ने दबिश देकर दबोच दिया, नहीं तो न गाड़ी बरामद होती और न ही आरोपी मिलता। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि शातिर इससे पहले भी कई गाड़ियां चोरी करके नेपाल बेच चुका है। शातिर के खिलाफ 8 गाड़ियों को चोरी करने का मामला सामने आया है।

# सोना चोरी कांड में थानेदार समेत 4 पुलिसकर्मी दोषी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चोरी का बरामद 25 लाख का सोना हड़पने की जांच पूरी हो गई है। जांच में रेलबाजार थानेदार रहे दरोगा विजय दर्शन समेत चार पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं। जबकि एक हेड कांस्टेबल जांच में निर्दोष पाया गया है। एडीसीपी ईस्ट राजेश श्रीवास्तव ने मामले की जांच की थी। इसके साथ ही दागी दरोगा विजय दर्शन पर महिला पुलिस कर्मी से छेड़खानी समेत कई मामलों की जांच चल रही है। अब पुलिस कमिश्नर के स्तर पर कार्रवाई को लेकर फैसला होगा। एक के बाद एक मामले सामने आने के बाद भी अब तक विजय दर्शन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। बर्रा-6 में रहने वाली शिक्षिका शालिनी दुबे के घर से 10 अक्टूबर को 30 लाख से ज्यादा की चोरी हुई थी। तत्कालीन रेलबाजार एसओ विजय दर्शन ने चोरों को अरेस्ट करके 25 लाख का सोना बरामद किया और हड़प लिया था। इसके बाद चोरों को भी छोड़ दिया था, लेकिन बर्रा पुलिस ने चोरों को अरेस्ट किया तब दरोगा विजय दर्शन के सोना हड़पने का खेल खुल गया था। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने रेलबाजार एसओ रहे विजय दर्शन शर्मा समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित करके जांच के आदेश दिए गए थे। इसके बाद दरोगा विजय दर्शन हाईकोर्ट की शरण में गए तो बहाल हो गए। जबकि अन्य पुलिस कर्मी अभी भी निलंबित चल रहे है। काफी समय तक गायब रहने के बाद विजय दर्शन शर्मा ने जांच कमेटी और पुलिस लाइन में आमद कराई और अपने बयान दर्ज कराए थे। मामले की जांच पूरी हो गई और जांच कमेटी ने पूर्व एसओ विजय दर्शन शर्मा, तिवारी को क्लीन चिट दे दी है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मुफ्त की चुनावी घोषणाएं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत

**भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया।**

*दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढ़ने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरु से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है। वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**जिस तरह से किसी जमाने में साहूकार के चंगुल में फंस जाते थे वो ही हालात होने में देर नहीं लगती। दूसरा यह कि ऋण लेते समय प्राथमिकता भी साफ होनी चाहिए। केवल देखा-देखी ऋण लेने की होड़ भी नुकसानदायक है। गांवों में खेती की जमीन बेच कर अनावश्यक व दिखावे में राशि खर्च करने के दुष्परिणाम सामने हैं। ऐसे में बैंकों और एनजीओ को सामाजिक दायित्व समझते हुए अवेयरनेस प्रोग्राम चला कर लोगों को जागृत करना होगा, नहीं तो कर्ज का यह मर्ज गंभीर रूप लेने में देरी नहीं लगायेगा। जीवन स्तर सुधारने वाली यह सहज वित्त सुविधा साहूकार के कर्ज जाल में फंसने की तरह होकर बहुत कुछ खोने का कारण बन सकती है।**

# सहज ऋण प्रवाह ने बदली ग्रामीण जीवन शैली



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> दरअसल, जब ऋण प्रदाता संस्था से ऋण लिया जाता है तो उस समय जो डाक्यूमेंट होता है वह इतना बड़ा और जटिल होता है कि उसे पूरा देखा ही नहीं जाता है और ऋण दिलाने वाला व्यक्ति निर्धारित स्थानों पर हस्ताक्षर करने पर जोर देता है। पढ़ा-लिखा और समझदार व्यक्ति भी पूरे डाक्यूमेंट से गो नहीं होता।

वित्तदायी संस्थाओं तक आम आदमी की सहज पहुंच और संस्थागत व गैर संस्थागत वित्तदायी संस्थाओं द्वारा आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का परिणाम है कि आज देश के सुदूर गांवों में भी रहन-सहन में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। शहरों में उपलब्ध सुविधाएं अब गांवों में सहजता से उपलब्ध हो रही हैं। ऐसे में ग्रामीणों की रहन-सहन और उनकी सोच में बदलाव आया है। आज कोई भी व्यक्ति साधन-सुविधाओं की ओर देखता है और उन सुविधाओं को पाने के लिए कर्ज भी लेना पड़े तो व्यक्ति दो बार सोचता नहीं। यही समय और सोच का बदलाव है। सांख्यिकी मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट इस बात की गहराई से पुष्टि करती है। भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की व्यापक वार्षिक माड्यूलर रिपोर्ट के अनुसार शहरों की तुलना में अब गांवों में ऋण लेने वाले अधिक होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार गांवों में प्रति एक लाख पर 18714 लोगों ने किसी ना किसी तरह का कर्ज लिया है, वहीं शहरी क्षेत्र का यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में कुछ कम 17442 है। अच्छी बात यह है कि अब संस्थागत ऋणों की उपलब्धता सहज हो गई है पर गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं ने भी तेजी से पांव पसारे हैं। हालांकि चिंता की बात यह है कि इन गैर संस्थागत ऋण प्रदाताओं में कहीं ना कहीं पुराने साहूकारों की झलक दिखाई देती है। दूसरी चिंता का कारण संस्थागत ऋण में भी इस तरह के ऋणों की ब्याज दर कहीं अधिक है और संस्थागत हो या गैर संस्थागत ऋण, प्रदाता ऋण की एक किशत भी समय पर जमा नहीं होती है तो दण्डनीय ब्याज, वसूली के नाम पर संपर्क और पत्राचार आदि का खर्चा और इसी तरह के अन्य छुपे चार्जेज ऋण लेने वाले की कमर तोड़ने के लिए काफी हैं। इसमें दो राय नहीं कि शहरी नागरिकों की तरह ग्रामीण नागरिकों के जीवन स्तर और रहन-सहन में सुधार होना चाहिए। शहरों से किसी भी क्षेत्र में ग्रामीण पीछे नहीं रहने चाहिए। सबसे अच्छी बात यह है कि ग्रामीणों और शहरियों में जीवन स्तर को लेकर जो स्तरीय भेद सामने आता है वह दिन प्रतिदिन कम रहा है। आज फ्रीज, एयर कण्डीशनर, महंगे एन्ड्रायड मोबाइल या लक्जरी वाहन आसानी से गांवों में देखने को मिल जाते हैं। देखा जाए तो आज पहले वाले गांव नहीं रहे। यह विकास की



> दूसरी चिंता का कारण संस्थागत ऋण में भी इस तरह के ऋणों की ब्याज दर कहीं अधिक है और संस्थागत हो या गैर संस्थागत ऋण, प्रदाता ऋण की एक किशत भी समय पर जमा नहीं होती है तो दण्डनीय ब्याज, वसूली के नाम पर संपर्क और पत्राचार आदि का खर्चा और इसी तरह के अन्य छुपे चार्जेज ऋण लेने वाले की कमर तोड़ने के लिए काफी हैं।

तस्वीर है। यहां तक कि गांवों में निजी स्कूलों की पहुंच भी हो गई है। आज ग्रामीण भी शहरी नागरिकों की तरह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और अच्छे खानपान पर ध्यान देने लगे हैं। सहज ऋण उपलब्धता के साइड इफेक्ट भी हैं जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। सबसे पहला तो यह कि कुछ इस तरह के ऋण होते हैं जिन्हें होड़ में ले लिया जाता है और उसका सीधा असर कर्ज के मकड़जाल में फंसने की तरह हो जाता है। सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़े यह भी बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में ऋण लेने में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं और ऋण लेने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। दरअसल, ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र अधिकतर ऋण घरेलू जरूरतों को पूरा करने, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, खानपान और शानोशौकत से रहने के लिए पहनावे आदि के लिए लिया जाता है। गांव और शहरों में एक अंतर यह है कि शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी स्तर पर आसानी से उपलब्ध है, वहीं गांवों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक खर्च करना पड़ता है। यही कारण है कि शिक्षा और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए भी ग्रामीणों को ऋण लेना पड़ता है। यह सब कृषि कार्यों के लिए लिए जाने वाले ऋण से अलग हट कर है। वैसे भी अधिकांश स्थानों पर संस्थागत कृषि ऋण लगभग जीरो ब्याजदर पर या नाममात्र के ब्याज पर उपलब्ध होता है पर नकारात्मक पक्ष यह है कि बिना ब्याज के ऋण को समय पर नहीं चुका कर कर्ज माफी के राजनीतिक जुमले के चलते जीरो ब्याज सुविधा से भी वंचित हो जाते हैं। खैर यह विषय से भटकाव होगा। शहरों की तरह गांव भी आधुनिकतम सुख-सुविधाओं से संपन्न हो इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। विकास की गंगा भी सभी तरफ समान रूप से बहनी चाहिए, इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता बल्कि यह सबका सपना है। ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ते कर्ज के पीछे जो चिंतनीय बात है वह यह है कि कहीं ग्रामीण कर्ज के मकड़जाल में फंस कर कुछ पाने की जगह खो अधिक देंगे, इसकी आशंका अधिक है। इसका बड़ा कारण यह है कि संस्थागत ऋण यानी बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण हों या फिर गैर संस्थागत ऋण, परेशानी इनकी वसूली व्यवस्था को लेकर होती है। जितने ऋण देते समय सहृदय होते हैं, ऋण की किश्त की वसूली के समय उतने ही बेदर्द होने में कोई कमी नहीं रहती। शहरों में आए दिन रिकवरी एजेंटों के व्यवहार से दो-चार होते देखने में आ जाते हैं। गांवों में तो वसूली करने वालों के टार्चर के हालात बदतर ही होंगे। ऐसे में समय रहते इस विषय में सोचना होगा। सरकार और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों के सामने बड़ी जिम्मेदारी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने की है। दरअसल, जब ऋण प्रदाता संस्था से ऋण लिया जाता है तो उस समय जो डाक्यूमेंट होता है वह इतना बड़ा और जटिल होता है कि उसे पूरा देखा ही नहीं जाता है और ऋण दिलाने वाला व्यक्ति निर्धारित स्थानों पर हस्ताक्षर करने पर जोर देता है। पढ़ा-लिखा और समझदार व्यक्ति भी पूरे डाक्यूमेंट से गो थ्रू नहीं होता और परिणाम यह होता है कि बाद में दस्तावेज के प्रावधानों के कारण दो-चार होना पड़ता है। हस्ताक्षर करने से हाथ बंध जाते हैं। सवाल यह कि अभियान चलाकर यह बताया जाना जरूरी है कि ऋण की एक भी किश्त चूक गए तो कितना नुकसान भुगतना पड़ जाएगा।

### एक्सप्रेस कविता

*अपनी संवेदनाओं को जिंदा रखिए,*
*मन की भावनाओं को जिंदा रखिए।*
*संबंधों की गुप्त ऊष्मा बनाये रखिए,*
*अहसासों के दर्द को जिंदा रखिए,*
*चुप्पी दफ़न करती कोमल रिश्तों को,*
*लफ्जों की दरियादिली को जिंदा रखिए।*

*घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,*
*दिल की मोहब्बतों को जिंदा रखिये,*
*लालच ने लगाई सगे रिश्तों में सेंध,*
*बचपन की शरारतों को जिंदा रखिए,*
*दुष्कर हो जब का सफर जिंदगी का*
*साथ मां की दुआओं को जिंदा रखिए.*
*गुरुर की क्या जरूरत है जिंदगी में ,*
*दिलों में मासूमियत को जिंदा रखिए।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन वह नहीं है जिसकी आप चाहत रखते हैं अपितु यह तो वैसा बन जाता है, जैसा आप इसे बनाते हैं*

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 27:32 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 22:13 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | शूल, 22:30 |
| सूर्योदय: | 07:13 |
| सूर्यास्त: | 17:32 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 09:48-11:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### आने लगे बयान !

*बांट रहे वो पैसा ।*
*आने लगे बयान ।।*
*जब आता चुनाव है ।*
*चर्चा में सम्मान ।।*
*होने लगती मांग ।*
*करके जांच दिखाओ ।।*
*हम हैं इमानदार ।*
*पास ना अपने आओ ।।*
*क्या सही क्या गलत ।*
*पता नहीं चल पाता ।।*
*हर चुनावी मौसम ।*
*अपना रंग दिखाता ।।*
*फेंकते सब पासा ।*
*खेलने को खेल ।।*
*पर जनता के हाथ में ।*
*हो किस पर नकेल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ठंड में बच्चों को हो सकती है सांस की परेशानी



**सर्दियों** का मौसम बच्चों के लिए मस्ती और उत्साह भरा होता है, लेकिन साथ ही यह मौसम ठंड और इंफेक्शन का खतरा भी लेकर आता है। सर्दियों में ठंडी हवाएं, बढ़ा हुआ प्रदूषण और इंफेक्शन के बढ़ते मामले बच्चों के फेफड़ों पर बुरा असर डाल सकते हैं। इस मौसम में उनकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। खासतौर पर फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं जैसे खांसी, जुकाम और अस्थमा के हमले हो सकते हैं। सही देखभाल और उपायों से आप बच्चों के फेफड़ों को स्वस्थ रख सकते हैं।

**नियमित एक्सरसाइज करना जरूरी है:** ठंड के बावजूद बच्चों को एक्टिव रखना बेहद जरूरी है। सुबह-सुबह योगासन जैसे प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम बच्चों को करना चाहिए। खेलकूद और दौड़-भाग वाले खेलों में बच्चों को हिस्सा दिलाएं। अगर बाहर का मौसम ठीक न हो, तो घर के अंदर हल्की एक्सरसाइज करवाएं।

**पोषक और गर्म आहार दें:** सर्दियों में फेफड़ों को मजबूत बनाने के लिए बच्चों को ऐसा आहार दें जो पोषण से भरपूर हो। बच्चों को गुनगुना दूध, हल्दी और शहद का सेवन करवाएं। डाइट में गाजर, चुकंदर और हरी सब्जियां जैसे पालक और मेथी शामिल करें। विटामिन-सी युक्त फल जैसे संतरा, नींबू और आंवला खिलाएं। बादाम, अखरोट और किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स फेफड़ों को मजबूती देते हैं।

**घर के अंदर की हवा को साफ रखें:** घर की हवा का शुद्ध होना बेहद जरूरी है, खासकर सर्दियों में जब खिड़कियां और दरवाजे बंद रहते हैं। एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। धूम्रपान न करें और बच्चों को धुएं वाले स्थानों से दूर रखें। कमरे में नियमित रूप से सफाई करें और बच्चों को धूल-मिट्टी से बचाएं। घर के अंदर ऑक्सीजन बढ़ाने वाले पौधे जैसे एलोवेरा और मनी प्लांट को लगाएं, जो हवा को प्राकृतिक रूप से शुद्ध करते हैं।

**बच्चों को सर्दी से बचाएं:** सर्दियों में बच्चों को गर्म कपड़े पहनाना और शरीर को गर्म रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को गुनगुने पानी से स्नान कराएं। सिर, कान और गर्दन को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए टोपी और मफलर पहनाएं। हीटर का इस्तेमाल करते समय कमरे में एक कटोरे में पानी रखें ताकि हवा नमीदार बनी रहे।

**फेफड़ों को साफ रखने वाले घरेलू नुस्खे अपनाएं:** बच्चों को गुनगुने पानी में शहद और अदरक का रस मिलाकर दें। भाप लेने से सर्दी और जकड़न से राहत मिलती है। तुलसी, अदरक और मुलेठी का काढ़ा बच्चों को नियमित रूप से पिलाएं। हल्दी वाले दूध का सेवन फेफड़ों के लिए फायदेमंद होता है। सर्दियों में बच्चों के फेफड़ों की देखभाल करना आसान है। इन आसान उपायों से न केवल बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, बल्कि उनका विकास भी सही तरीके से होगा। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

# कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल गांधी की नई राजनीति होगी..?



कमलेश पांडेय

> कभी जातीय जनगणना और कभी आर्थिक सर्वेक्षण के राग अलाप कर राहुल गांधी सियासी भूल-पर-भूल करते जा रहे हैं। दरअसल, भाजपा और मोदी को कमजोर करने की जल्दबाजी में वह जिस तरह से क्षेत्रीय दलों के मुद्दों पर सियासी बॉलिंग करने की भूल कर रहे है।

> वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण की मांग पर अड़े रहने से राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव 2029 में बहुमत भी मिल सकता है क्योंकि मुफ्तखोर राजनीति एक बार फिर से परवान चढ़ती जा रही है। जब हजार-दो हजार की गारंटी देने वाले दलों पर मतदाता फिदा हो सकते हैं तो यहां पर तो राहुल गांधी संपत्ति ही देने-दिलाने के कोरे आश्वासन दे रहे हैं।

**पूर्व** कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है। कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल गांधी की नई राजनीति होगी? बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा कराए जाने की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ÷न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा÷ में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि देश में किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने आगे कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी।÷ उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, ÷आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं? वहीं, राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अब साफ है कि मुस्लिम परस्त राजनीति करने वाले राहुल गांधी अपनी राजनीतिक जागीरदारी पुनः पाने के लिए जिस तरह से ओबीसी, दलित, आदिवासी, गरीब सवर्ण और महिलाओं को उनके हिस्से की संपत्ति मौजूदा अमीरों से लेकर देना चाहते हैं, उससे विदेशी निवेश प्रभावित होगा। धनी लोग अपनी संपत्ति विदेशों में शिफ्ट करने लगेंगे। इससे हर ओर असंतोष फैलेगा और देश में अरब देशों की तरह गृह युद्ध होगा क्योंकि इतनी आसानी से लोग अपनी सम्पत्ति छोड़ने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी को यह पता होना चाहिए कि देश में अब ग्राम भूमि सवर्णों से ओबीसी-दलितों-अल्पसंख्यकों-आदिवासियों की ओर हस्तांतरित होती जा रही है। यह कांग्रेस की सरकारों की नीतियों और उनको हटाकर विकसित हुई समाजवादी राजनीति करने वाले दलों की नीतियों की करामात है। वहीं, शहरों की ओर शिफ्ट हो रहे सवर्णों के पास शहरी सम्पत्ति बढ़ी है लेकिन ओबीसी -दलितों-आदिवासियों-अल्पसंख्यकों आदि ने भी ऐसी नई सम्पत्ति खूब बनाई है। इससे संपत्ति के समान बंटवारे का उनका विचार पिछले लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही उन पर भारी पड़ जाएगा क्योंकि तब वह केंद्रीय सत्ता में आते आते यदि चूक गए तो उसके पीछे उनकी इन्हीं बयानबाजियों का हाथ है। देखा जाए तो मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सरकारी नौकरियों में जातीय आरक्षण जैसे निकृष्ट विचार के बाद जनसंख्या आधारित संपत्ति के बंटवारे का विचार कांग्रेस का ऐसा जाहिल विचार है जो भारत के विकास को पुनः अवरुद्ध कर देगा।

# अमेज़ अब मूसाराम बिज़नेस एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार करेगा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** अत्याधुनिक तकनीक में अग्रणी कंपनी अमेज़ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत, अमेज़ अब मूसाराम बिज़नेस एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार करेगा। यह साझेदारी 27 जनवरी 2024 को औपचारिक रूप से लॉन्च की गई है।और यह दोनों कंपनियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलने वाली है।इस सहयोग के माध्यम से, अमेज़ अपनी सेवाओं और उत्पादों की पहुंच को व्यापक बनाएगा, जिससे वह नए बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर सकेगा। इसके साथ ही, ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवा और बेहतरीन समाधान प्रदान करने का भी अवसर मिलेगा।
अमेज़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और देश प्रमुख अमित शुक्ला ने कहा,
मूसाराम के साथ मिलकर अपने उत्पादों को नए बाजारों तक ले जाना हमारे लिए गर्व और उत्साह का विषय है। यह साझेदारी हमारी गुणवत्ता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मूसाराम के प्रबंध निदेशक, देश दीपक अग्रवाल ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा,
हमारे वितरण नेटवर्क और अमेज़ की विशेषज्ञता का यह समन्वय उद्योग में एक नई मिसाल स्थापित करेगा। इस साझेदारी की औपचारिक शुरुआत के लिए लखीमपुर में 27 जनवरी 2024 को एक विशेष लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंऔर इस सहयोग के विज़न, उद्योग में इसके प्रभाव और वितरण मॉडल के भविष्य पर चर्चा कर
की गई। इस अवसर पर, अमेज़ के नए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया और उनकी विशेषताओं और लाभों को विस्तार से समझाया गया। अमेज़ और मूसाराम की यह साझेदारी ग्राहकों को विश्वस्तरीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। जहां मूसाराम के मजबूत वितरण नेटवर्क का लाभ मिलेगा, वहीं अमेज़ अपने नवाचार और गुणवत्ता के साथ बाजार में नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंधक देश दीपक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, शोरूम मैनेजर अमरदीप शुक्ला एचआर मैनेजर अनुजा शंकर, तुषार शर्मा एचआर एग्जीक्यूटिव, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सेल्स मैनेजर अमरदीप शुक्ला मोबाइल 9696100766 पर संपर्क कर सकते हैं। मूसाराम बिज़नेस एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेडअमेज़ एक अग्रणी कंपनी है, जो उत्पाद/ सेवाओं के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता और नवाचार के लिए जानी जाती है। मूसाराम बिज़नेस एंड सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड एक प्रतिष्ठित वितरक है, जो अपनी विश्वसनीयता और कुशल वितरण नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है। कंपनी विभिन्न उद्योगों में वर्षों के अनुभव के साथ अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करती है।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल मे आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन








जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रीप्राइमरी के नन्हे-मुन्नो ने अपनी कोमल कल्पनाओं से फार्म एनिमल और ऑन द रोड, प्राइमरी के बच्चों ने इन्वेंशन, पपेट्स, जूनियर के बच्चों ने कल्चरल हेरिटेज, जूट डिकोर डिलाइट्स विथ नेचर्स टच जैसे विषयों पर उत्कृष्ट मॉडलो द्वारा अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उकेरा।
प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, गणित एवं सोशल-साइंस विषय पर आधारित रोचक, ज्ञानवर्धक चार्टस व मॉडल्स बनाये, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। वाणिज्य वर्ग के छात्रों ने एलपीएस कैफे बनाकर लोगों का मन जीत लिया। विद्यालय के हाउस डिग्निटी, नोबल, रीगल एवं लिबर्टी ने क्रमशः फोटो फ्रेम में न्यू ईयर कार्ड, ज्वेलरी एंड एसेसरी होल्डर, शगुन कार्ड, वेयर, एनवेलप व क्राफ्ट वर्क एवं न्यूज़पेपर एंड क्लोथ्स, हैंडमेड जूलरी और फ्लावर पाट आदि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयी आकर्षक सामग्री भी प्रदर्शित की गयी। बाल मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें चाइनीस फूड, साउथ इंडियन, चाट कॉर्नर एवं बेकरी जैसे अनेक स्टाल लगाए गये। लकी ड्रॉ भी निकाला गया। विजयी छात्र-छात्राएं पुरस्कार पाकर अत्यंत प्रफुल्लित हुए। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सभी मॉडल्स, चार्टस एवं बाल मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित सभी इंचार्जस को धन्यवाद दिया।

# पेड़ से किशोर का लटका मिला शव, परिजन बोले परिजनों ने जताई हत्या आशंका

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



थाना फरधान क्षेत्र के गांव गौरिया निवासी व्यापारी के 14 वर्षीय बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका बरामद हुआ है। गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। परिजनों का कहना है कि शव पर चोटों के निशान हैं। परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाने का संदेह जताया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।
बताते चलें गांव गौरिया निवासी छोटे लाल गौतम की बेहजम में मशीनरी स्टोर के नाम से दुकान हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे उनका पुत्र मोहित (14) घर से गया था। उसने अपनी मां से कहा था कि वह बेहजम स्थित दुकान पर जा रहा है, लेकिन वह शाम तक न तो दुकान पर पहुंचा और न ही घर वापस आया। उसके पिता जब घर पहुंचे और मोहित के बारे में पूछा तो पता चला कि वह दुकान पर गया था। इससे परिवार वाले चिंतित हो उठे।
आसपास रिश्तेदारों में पता किया। जब कोई पता नहीं चला तो परेशान परिवार वालों ने ग्रामीणों के साथ उसकी गांव और आसापास के खेतों में तलाश की, लेकिन मोहित का कोई पता नहीं चल सका। सुबह परिवार वालों ने फिर तलाश शुरू की तो उसका शव गांव के उत्तर नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला।शव देख कर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उसके घर में महिलाओं में कोहराम मच गया। परिवार वालों का कहना है कि जिस जगह पर बेटे का शव मिला है। उस जगह वह लोग रात में तलाश कर गए थे। उस वक्त वहां पर कुछ भी नहीं मिला था। बेटे के गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। शव पर चोट के निशान भी मिले हैं।परिवार वालों का कहना है कि चोटों से साफ जाहिर होता है कि मोहित की हत्या की गई है। आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को लटकाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। परिवार वालों से भी पूछताछ की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# पांच घरो को निशाना बना कर चोरों ने जेवर सहित लाखों रूपए किए पार

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र के गांव बढेरा और राजेपुर में चोरों द्वारा पांच घरों को निशाना बनाकर लाखों की नकदी और जेवर चोरी कर ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को संभालने में जुटे है।गुरुवार की रात गांव बढेरा में अज्ञात चोरों द्वारा गांव के राजेंद्र प्रसाद और रामदयाल के पास पास बने घरों में छत से नीचे उतरकर घर में रखी नकदी और जेवरात चोरी कर लिए इसके बाद गांव के पूरा रामनरेश और कैलाश के घरों पर धावा बोलकर कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरी कर वापस जाते समय रास्ते में गांव राजेपुर में पंडित पुत्तू लाल के घर घुसकर सामान चोरी कर ले गए हैं। मकान स्वामियों के सुबह जागने पर घर में रखा हुआ सामान चोरी हो जाने पर अवाक रह गए। चोरों ने सामान चोरी कर खाली बक्सों को खेत में फेंक दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित जनों से चोरी हुए सामान सूची ली है। वहीं क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित के घरों पर पहुंचकर उनकी आप बीती सुनकर कुलसी के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। समान चोरी कर वापस जाते समय गांव राजेपुर से निकलते समय चार से पांच व्यक्ति लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी फोटो कैद हो गई है। पुलिस आरोपियों का स्क्रैच तैयार कर तलाश करने में जुटी है।

## एसडीएम कैसरगंज ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**कैसरगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस ने ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की ओर से ठंड से बचने के लिए गरीब बेसहारा लोगों के लिए हमेशा तहसील का दरबार खुला है। फरियादी बे झिझक कभी भी सीधे मिल सकते हैं। किसी भी फरियादी को कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। हमेशा पब्लिक की सेवा के लिए हाजिर हूं आलोक प्रसाद ने बताया कि ठंड से बचने के लिए कस्बा कैसरगंज में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरे को बिल्कुल चुस्त दुरुस्त रखा गया है। किसी भी आम नागरिक को भी रात के समय विश्राम के लिए कही भटकना नहीं पड़ेगा।

# विद्युत विभाग के पोर्टल पर नहीं मिला रूपईडीहा को नगर पंचायत का दर्जा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** लगभग 2 वर्ष बाद भी नगर पंचायत रुपईडीहा का गठन होने के बावजूद अभी तक बिजली विभाग के पोर्टल पर यह गांव सभा केवलपुर ही दर्ज है। बिजली विभाग के कारनामे को लेकर रुपईडीहा नगर पंचायत को ग्रामयस्तरिय बिजली मिल रही है। जिससे इस विकसोउन्मुख रुपईडीहा नगर के लोगो मे भारी आक्रोश है। व्यापार व व्यावसायिक क्षेत्र का विस्तार होता जा रहा है। नेपाल सीमा से सटा होने के कारण रुपईडीहा में विदेशी लोगो का भारी आवागमन बना रहता है। अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन नेपालगंज का निर्माण प्रगति पर है। रोडवेज का डिपो भी यहां स्थापित है। इन सरकारी उपक्रमों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। यहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पोस्ट ऑफिस, आधा दर्जन विभिन्न बैंकों की शाखाएं हैं, दो स्नातकोत्तर महाविद्यालय व आधा दर्जन से अधिक इंटर कॉलेजों के साथ ही प्राथमिक विद्यालय भी हैं।

### क्या कहते हैं एसडीओ नानपारा

इस संबंध में जब बिजली विभाग के एसडीओ नानपारा राम मनोहर यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आप की नगर पंचायत बिजली विभाग के पोर्टल पर ही दर्ज नही है। उन्होंने बताया कि दो बार मैंने संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा है। लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई है।

परंतु इन सभी को केवलपुर गांव सभा के आधार पर बिजली दी जा रही है। सभासद रज़ा इमाम रिज़्वी, शाहिद हाशमी, मनोज प्रजापति, नरेंद्र मदेशिया, मोहम्मद जहीर व रईस अहमद सहित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रुपईडीहा इकाई के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री योगेंद्र शर्मा व कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित नगर पंचायत वासियों ने मांग की है कि रुपईडीहा नगर पंचायत को नगरीय स्तर की बिजली दी जाए।

# सलारपुर के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, रेलवे अंडरपास बनवाने की उठाई मांग



जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के ग्राम पंचायत सलारपुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को रेलवे अंडर पास निर्माण के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी को ज्ञापन दिया। सभी ने जनता हित में रेल चौड़ीकरण को देखते हुए ग्राम पंचायत के ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग की। चितौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत सलारपुर के मजरा घोसियाना, लोधनपुरवा, नयापुरवा, पुरबियनपुरवा, खालेपुरवा, पट्टापुरवा और ककरही शामिल हैं। गांव में दो प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इस समय ग्राम पंचायत की ओर से रेलवे पटरी चौड़ीकरण का काम कर रहा है।
ऐसे में ककरही में अंडर पास का निर्माण नहीं हुआ तो लोगों को चार किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ेगा। इसको देखते शुक्रवार को ग्राम प्रधान जयचंद पाल की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।
सभी ने मौके की जांच कर ककरही में रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग की। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# आर्थिक उदारीकरण के सूत्रधार थे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह

- कांग्रेस भवन के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कांग्रेस भवन सभागार में पार्टी जिला अध्यक्ष जय प्रकाश व शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि करके श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल ने कहा मनमोहन सिंह की राजनीतिक यात्रा वर्ष 1991 से शुरू हुई थी। इसी वर्ष उन्हें भारत का वित्त मंत्री बना दिया गया। उन्होंने परमिट राज को ख़त्म किया और एक उदारवादी अर्थव्यवस्था की सूत्रपात की। उस समय भारत आजादी के बाद के सबसे बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा था। भारत में आये उदारीकरण से निजी क्षेत्रो की भागीदारी से मुद्रा के प्रवाह में बेतहाशा वृद्धि हुई जिससे भारत उस बुरे दौर से बाहर आ पाया। मनमोहन सिंह के वित्त मंत्री रहते यह सबसे बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है कि उन्होंने भारत की समाजवादी अर्थव्यवस्था में सुधार करके मिश्रित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जो भारत के लिए वरदान साबित हुआ।
इसके बाद जब 2004 का आम चुनाव हुआ तब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की पराजय हो गई पर बहुमत किसी भी पार्टी को नहीं मिली। उस चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने इंडिया साइन का नारा दिया था पर वह पूरी तरह से नाकाम रहे. अब जब किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिली थी तब कांग्रेस ने कुछ पार्टियों के साथ मिलकर 'संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन' यूपीए का गठन किया और सबको चौकाते हुए कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को यूपीए का नेता घोषित कर दिया। इसी के बाद मनमोहन सिंह पहली बार वर्ष 2004 में भारत का प्रधानमंत्री पद की शपथ ली. इसके बाद उन्होंने अपना पांच वर्षो का कार्यकाल को पूरा किया और इस तरह वह 2004 से लेकर 2009 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।
उसके बाद जब 2009 में फिर से आम चुनाव हुए तब फिर से यूपीए का शासन लौट आया और मनमोहन सिंह एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री बनाये गए. वह यूपीए -2 में भी भारत के प्रधानमंत्री रहे थे. यूपीए -2 का शासन 2014 तक रहा. इस तरह मनमोहन सिंह यूपीए -1 और यूपीए -2 दोनों ही कार्यकालों में 10 वर्षो तक लगातार भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन रहे। डॉ मनमोहन सिंह की ख्याति विश्व स्तर पर थी और पूरे विश्व ने उनका लोहा माना था। आज देश की अपूर्णीय क्षति हुई है।
इस अवसर पर अनिल सिंह, शेख जकारिया शेखू, मुकुंद जी शुक्ल शेरा, मुस्तकीम सलमानी, अनिल सिंह, अब्दुल मुईद चौधरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपुल मिश्र, कांग्रेस नेता शिवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, हमजा शाहिद, फजल खान, शैलेंद्र गुप्ता, शरीफ बाबू खान, सुनील अग्रवाल, जगदीश सिंह, मो बशीर अंसारी, देवेंद्र श्रीवास्तव, राम नरेश यादव, आशुतोष मिश्र, खालिद हिशामी, मो फरीद, पुल्लू द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बालक छात्रावास के लिए मीरपुर कस्बा में हुआ भूमि का चिन्हांकन, बालिका छात्रावास के लिए मिहींपुरवा में जमीन की तलाश

- शासकीय भवनों हेतु भूमि प्रस्तावों की समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शासकीय उपयोग के लिए पर्यटन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण विभाग के प्रस्तावों के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन कार्य की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समाज कल्याण विभाग जनजातीय कल्याण अनुभाग अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिकाओं हेतु छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बालक छात्रावास हेतु मीरपुर कस्बा में भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। जबकि बालिका छात्रावास हेतु मिहींपुरवा में उपयुक्त भूमि देखी जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि बालक छात्रावास के लिए चिन्हित भूमि को शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को सौपने की कार्यवाही करते हुए बालिका छात्रावास हेतु भूमि को चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।
पर्यटन विभाग के कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि गाटा सं.2472/ 1.4410 हे. भूमि में से 0.0465हे. भूमि पर पर्यटन विभाग द्वारा कार्यालय बनाये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी है। उक्त भूमि पर पर्यटन विभाग कार्यालय के निर्माण हेतु तहसीलदार द्वारा संस्तुति सहित आख्या उपलब्ध करा दी गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को भूमि आवंटन की कार्यवाही पूरी करायी जाय। बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर के कार्यालय हेतु मेडिकल कालेज के निकट चिन्हित की गई भूमि के आवंटन् की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जबकि आभा जनजतीय योजना बिशुनापुर एवं बिछिया में आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बिशुनापुर में भूमि को चिन्हित कर लिया गया तथा बिछिया में अस्थायी केन्द्र निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि को देखा जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत नवाबगंज में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर उपयुक्त का प्रस्ताव तैयार करायें।
डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण व अवैध कब्ज़ों से मुक्त करायी गयी ज़मीनों के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि उन्हें कब्ज़े में लेते ही वहां पर पिलर इत्यादि लगवाकर घेर दिया जाय तथा दोबारा कब्ज़ा करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (वि.), जिला पर्यटन सूचना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नकली कीटनाशक के विक्री की रोकथाम हेतु की गई औचक छापामारी

जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर



जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 सर्वेश कुमार यादव एवं टीम द्वारा आज बभनी लोहरौली स्थित कीटनाशक/दवा की दुकान पर कीटनाशक रसायनों की गुणवत्ता, नियंत्रण एवं नकली कीटनाशक के रोकथाम हेतु छापा मारा गया।
जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि इस समय फसलों की वानस्पतिक बढ़वार हो रही है जिससे फसल में कीट, रोग तथा खरपतवार आदि के प्रकोप की संभावना बनी रहती है फसलों की सुरक्षा हेतु किसान भाई विभिन्न कीटनाशक, फफूंदी नाशक, खरपतवार नाशक आदि का प्रयोग करते हैं। निरीक्षण के दौरान कीटनाशक रसायनों का संदिग्धता की स्थिति में कुल पाँच नमूने लिए गए, जिनमें कारबेंडाज़ीम, थाइओमेथॉक्सिन, क्लोरोपायरिफ़ोस, मैनकोज़ेब रसायनों आदि के नमूने लिए गए। प्रमुख प्रतिष्ठान जिनका निरीक्षण किया गया उनमें मौर्य खाद बीज भंडार, बभनी, नागेंद्र यादव खाद भंडार, बभनी, मौर्य बीज भंडार, लोहरौली, चौरसिया बीज भंडार, मौर्य ट्रेडर्स, ख़ान ट्रेडर्स, मौर्य ट्रेडर्स एवं बीज भंडार आदि है।
नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा तथा जाँच में अमानक पाए जाने पर कीटनाशक एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम में अजयदीप वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा भी उपस्थित रहे।

# नेपाल सीमा पर 2.3 किग्रा चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

नेपाल सीमा पर तस्करों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है। सीमा पर पुलिस व एसएसबी 42वीं वाहिनी की सतर्कता के कारण एक नेपाली महिला गिरफ्तार की गई। पकड़ी गई महिला के कब्जे से 2.3 किलोग्राम चरस बरामद की गई। एसएसबी बहराइच। की 42वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन 42वीं के सतत पर्यवेक्षण और डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन दिलीप कुमार के नेतृत्व में यूपी पुलिस के साथ एकीकृत जांच चौकी रूपैडिहा पर मिली सूचना के आधार पर तलाशी टीम चौकन्नी होकर जांच कर रही थी। शाम लगभग आठ बजे एक नेपाली महिला दिखी जो नेपाल की तरफ से आई जिसे एसएसबी की महिला कार्मिक के द्वारा चेक किया गया तो कमर में बंधी कुछ संदिग्ध वस्तु मिली, महिला कार्मिक द्वारा नेपाली महिला से नाम पता पूछा तो उसने टूटी-फूटी हिंदी भाषा में अपना नाम मनमाली घर्ती 52, पति गण बहादुर घर्ती पता घर्ती गांव,वार्ड न.-3, जिला-रोलपा, राष्ट्र नेपाल बताया तथा नेपाली नागरिकता का प्रमाण दिया जिसे मिलान किया गया तो सही पाया गया। कमर में तीन छोटे पैकेटों में बंधे वस्तु के बारे में चरस होना बताया गया, महिला के पास चरस नशीला पदार्थ होने पर तलाशी हेतु महिला को बताया गया कि तुम्हारे पास यह अधिकार है की तुम अपनी तलाशी किसी राजपत्रित अधिकारी/मजिस्ट्रेट के समक्ष दो तो कहीं जाने से मना कर दिया और तलाशी की सहमति दी।

## डॉ अम्बेडकर का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण और नाकाबिले बर्दाश्त- नंद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** पीडीए चर्चा कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी सलोवा बहराइच द्वारा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव की अगुवाई में सदर विधानसभा के विकास खण्ड हुज़ूरपुर के ग्राम पंचायत चाकूजोत के कोरियनपुरवा में जन चर्चा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जारी बाबा साहब के द्वारा वंचित समाज के लिए किये गए कार्यों समाज के प्रति योगदान से सम्बन्धित पर्चा वितरण किया गया तथा चौपाल को सम्बोधित करते हुए नन्देश्वर नन्द यादव ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार बनी है लगातार संविधान को कमजोर करने का काम किया जा रहा है और अब जिस तरह से देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश के सर्वोच्च सदन में देश के करोड़ों करोड़ नागरिकों की आस व विश्वास बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी कर अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है यह हमारे देश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान की बदौलत दबे कुचले पिछड़े शोषित वंचित एवं आधी आबादी महिलाओं को न्याय और जीने का अधिकार मिला वो भाजपा इन सभी से छीनना चाहती है जिसके फलस्वरूप आये दिन बाबा साहब व उनके द्वारा रचित संविधान पर प्रहार किया जा रहा है लेकिन अब देश व उत्तर प्रदेश की जनता जाग चुकी है और उप्र में भाजपा का 2027 में सूपड़ा साफ कर बदला अवश्य लेगी। जिला उपाध्यक्ष मयंक मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब एक व्यक्ति ही नहीं विचार भी हैं और बाबा साहब की बदौलत आज देश के तमाम लोगों को न्याय मिला उनके लिए तथा हम सभी कमजोर शोषित वंचित के लिए बाबा साहब एक भगवान के ही समान हैं।

# गोरखपुर में सफाई कर्मियों पर कूड़ा फेंका, पिटाई भी की

■ तिवारीपुर थाने पहुंचे सफाई कर्मी, आरोपियो पर कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

महानगर के कल्याणपुर वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने गए नगर निगम के सफाई कर्मियों पर मोहल्ले के कुछ युवकों ने हमला कर दिया। वे नगर निगम की ओर से लिए जाने वाले 100 रुपए चार्ज का विरोध कर रहे थे।

आरोप है कि उन्होंने सफाई कर्मियों पर कूड़ा फेंक दिया ओर उनकी पिटाई भी की। इससे नाराज वार्ड के सभी सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है। सभी तिवारीपुर थाना पहुंचे और कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया। आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी।

सफाई कर्मी बलवंत निषाद, मनोज निषाद, रविशंकर कुमार व शुभम यादव रोज की तरह सफाई के काम में लगे थे। उनका आरोप है कि शुक्रवार की सुबह बिन्द टोला निवासी प्रिंस 8-10 साथियों के साथ आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर कूड़ा उठाकर उनके ऊपर फेंक दिया। इसके बाद उनकी पिटाई करने लगे।



### 100 रुपए शुल्क का कर रहे थे विरोध

सफाई कर्मियों का कहना है कि आरोपित डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 100 रुपए चार्ज लेने का विरोध कर रहे थे। उनसे कहा गया कि यह नगर निगम की व्यवस्था है लेकिन वे नहीं माने। गाली देने से मना करने पर पीटने लगे। साथियों की मदद से वहां से जान बचाकर भागे। सफाई कर्मी आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर तिवारीपुर थाने पहुंच गए। उन्होंने कार्य बहिष्कार कर दिया है। इस घटना की सूचना नगर निगम के अधिकारियों को भी दे दी गई है। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं हो जाती, वे काम पर नहीं लौटेंगे।

### थाने पर पहुंचे 25 से अधिक कर्मचारी

आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर 25 से अधिक सफाई कर्मचारी थाने पर जमे हैं। इस बात की सूचना अन्य वार्डों में काम कर रहे सफाई कर्मियों तक भी पहुंच रही है। पुलिस ने तहरीर ले ली है। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। कल्याणपुर वार्ड के पार्षद शिवेंद्र मिश्र ने बताया कि सफाई कर्मियों ने पीटने का आरोप लगाया है। वार्ड के सफाई कर्मी इस समय थाने पर हैं। वार्ड में सफाई का काम प्रभावित है।

## एथनाल प्लांट हेतु अधिग्रहीत भूमि से प्रभावित

कुशीनगर। न्यू इंडिया शुगर मिल में एथेनाल प्लांट लगाने के लिए अधिग्रहित की गई जमीन को लेकर किसानों से सांसद विजय कुमार दूबे और विधायक मोहन वर्मा ने मुलाकात किया। जहां किसानों को सांसद व विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रशासन किसानों की जमीन को जबरन नहीं लेगा। प्रशासन और किसानों के बीच वार्ता के बाद ही इसके लिए बीच का रास्ता निकाला जाएगा। किसानों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा, जब तक मामला सलट नहीं जाता है तब तक मिल प्रशासन की ओर से अधिग्रहित जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।सांसद विजय दूबे, विधायक मोहन वर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ हरपुर गांव में पहुंचे। वहां पहले से मौजूद गांव के किसानों के साथ बैठक कर उनकी बातों को सूना। किसानों ने कहा कि उनकी उपजाऊ जमीन को प्रशासन ने एथेनाल प्लांट लगाने के लिए अधिग्रहित कर ली गई है। इस पर सांसद विजय दूबे और विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि इस पूरे मामलें से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से अवगत है। किसानों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। किसानों ने सांसद विधायक से आग्रह किया कि जब तक अधिग्रहित भूमि को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हो जाता है तब तक मिल प्रबंधन जमीन पर कोई कार्य न करे।

# सीएम योगी के गृह मंडल में विकास का आइना दिखाती नदावर घाट पूल की रेलिंग

जन एक्सप्रेस । देवरिया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर में प्रसिद्ध कवि अदम गोंडवी लिखी कविता- ष्तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है ,मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी हैष। सरकार की संचालित योजनाओं में देखने को बखूबी मिलता ही है लेकिन भाजपा की विकासवादी सरकार में जनता के अतिआवश्यक कार्यों की तरफ विकासवादी सरकार के जनप्रतिनिधियों से लेकर नौकरशाह तक संज्ञान लेना मुनासिब समझते। विकास के इन्हीं झूठे दावों को देखना हो तो सलेमपुर के नदावर पुल को देख लीजिए। यहां विकास के झरोखे से मौत का आमंत्रण दिखेगा। छोटी गंडक नदी पर नदावर में बने इस पुल से रोज अधिकारी से लेकर नेता तक आते जाते हैं। कोई तो इसकी सुधि ले। कोई तो इसे मरम्मत करा दे। अगर सत्ताधारी दल को रुचि नहीं तो सलेमपुर के सांसद तो विपक्षी पार्टी के हैं, वे ही अपने निधि से कुछ खर्च कर दें और लोगों की जानमाल की रक्षा पर ध्यान दे दें।




### जिम्मेदारों को है बड़ी दुर्घटना का इंतजार

विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को तो नदावर घाट पुल पर किसी भयंकर दुर्घटना का इंतजार है, क्योंकि इस पुल की रेलिंग दोनों ओर से काफी टूट गई है जिससे कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। यहाँ यह भी बताते चलें कि इस पुल पर से अनेक आत्महत्याएं हो चुकी हैं जिससे यह सुसाइड प्वाइंट के नाम से बदनाम हो चुका है। क्षेत्रीय जनता ने इस पुल की रेलिंग अतिशीघ्र बनवाने की मांग की है जिससे भविष्य में होने वाली सम्भावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# आधुनिक तकनीक से खेती कर उत्पादन बढ़ाएं किसान

जन एक्सप्रेस । देवरिया

उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि कृषि क्षेत्र की उन्नति और किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्पादन और उत्पादकता में सतत वृद्धि बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर खेती करें और अपनी फसलों का अधिकतम उत्पादन प्राप्त करें। बेहतर खेती के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना किसानों को नए आयाम छूने के लिए प्रेरित करती है। वर्ष 2024-25 में रबी फसलों की बुवाई के दौरान तकनीकी दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित बीजों का उपयोग, जैविक एवं संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का समुचित उपयोग, समय पर बुवाई और फसल संरक्षण के



उपाय उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि फसलों में खरपतवार, कीट एवं रोगों का समय पर नियंत्रण करने से न केवल उत्पादन बेहतर होता है बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बढ़ती है।

कृषक सम्मान योजना के अंतर्गत इस बार भी रबी फसल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन पत्र और ?10 का पंजीकरण शुल्क उप कृषि निदेशक कार्यालय, देवरिया में जमा करना होगा। बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों की फसलों का आकलन विभागीय अधिकारियों द्वारा क्रॉप कटिंग पद्धति से किया जाएगा। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चयनित दो श्रेष्ठ किसानों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। योजना में अनुसूचित जातिध्जनजाति, लघु एवं सीमांत किसानों और महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जा रही है। उप निदेशक कृषि ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन करें और कृषि के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करें।

**गोरखपुर में घरौनी वितरण कार्यक्रम हुआ स्थगित**

# 1.36 लाख लोगों को दिया जाना है स्वामित्व प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में घरौनी वितरण का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह कार्यक्रम योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सुबह 11 बजे से आयोजित होना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों प्रदेश के लोगों को घरौनी यानी स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण करना था। इस कार्यक्रम का गोरखपुर में भी सीधा प्रसारण करने की तैयारी थी। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन के कारण देश में राजकीय शोक घोषित हो गया। जिससे कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। गोरखपुर में 1 लाख 39 हजार 870 घरौनी बनकर तैयार है। ये घरौनियां 2477 गांवों में बनाई गई हैं। इसमें से 1979 गांवों की 1 लाख 36 हजार 695 घरौनियों का वितरण प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के जरिए होना था।

### 150 गांवों की घरौनी नहीं बन सकी

अभी जिले में 150 गांवों की घरौनी नहीं बन सकी है। यहां ड्रोन सर्वे के दौरान ली गई तस्वीरें खराब मौसम एवं तकनीकी कारणों से स्पष्ट नहीं हैं। इन गांवों का दोबारा सर्वे कराया जाएगा। शुक्रवार को गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के साथ ही सभी तहसीलों, ब्लाकों व पंचायतों में भी कार्यक्रम अयोजित करने की तैयारी थी। हर जगह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण होना था।

### जानिए डीएम ने क्या बताया

डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन के कारण देश में सात दिनों का राजकीय शोक है। जिसके कारण यहां पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। नए कार्यक्रमों की अनुमति भी जारी नहीं होगी। घरौनी वितरण कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया।



### ड्रोन से कराया गया सर्वे

घरौनी बनाने की प्रक्रिया में सबसे पहले ड्रोन से सर्वे कराया गया। उसके बाद प्राप्त मानचित्र के साथ राजस्व कर्मी गांव में गए और एक-एक व्यक्ति के कब्जे का सर्वे किया। मानचित्र में भी कब्जा नजर आ रहा था। उसके साथ ही सभी के नाम दर्ज किए गए। इसके बाद एक और मानचित्र बना। टीम दोबारा गांव पहुंची और आसपास के लोगों से बातचीत कर सभी के नाम अंतिम रूप से दर्ज किए गए। उसके बाद इसे सरकारी रिकार्ड में भी अंकित किया गया। स्वामित्व प्रमाण पत्र मिल जाने से कब्जे का विवाद लगभग खत्म हो जाएगा।

### जिले की तहसीलों में वितरित होनी है इतनी घरौनी

| तहसील | घरौनी |
|---|---|
| खजनी | 17500 |
| गोला | 13875 |
| बांसगांव | 9845 |
| सदर | 49311 |
| सहजनवां | 7704 |
| चौरीचौरा | 22684 |
| कैंपियरगंज | 15757 |

### 3 साल से चल रही थी तैयारी

गांवों में आबादी क्षेत्र में कब्जे का काफी विवाद रहता है। इससे बचने के लिए सरकार ने घरौनी योजना शुरू की है। इसके तहत आबादी की भूमि का सर्वे कराया गया है। जहां, जिसका कब्जा मिला, उसे वहां का स्वामित्व दिया जा रहा है। इस प्रक्रिया के कई चरण हैं। राजस्व कर्मी गांवों में जाकर सभी

### घरौनी से होंगे ये लाभ

सरकार की ओर से घरौनी योजना के तहत लोगों को उनके आवास का स्वामित्व मिल सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी विवाद काफी कम होंगे। न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा। आबादी क्षेत्र का प्रारंभिक डाटा तैयार होगा। न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा। आबादी क्षेत्र का प्रारंभिक डाटा तैयार होगा। सरकार, विकास की योजनाओं को आसानी से संचालित करा सकेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय तरलता एवं वित्तीय सुदृढ़ता के साथ ही विकास की प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

## खरपतवार एवं कीट रोग नियंत्रण कर बढ़ाएं उत्पादन: डॉ. आर डी वर्मा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

प्रदेश का किसान फसल उत्पादन के लिए कड़ी मेहनत पूजी उच्च गुणवत्ता का कृषि निवेश प्रयोग कर खेती करता है।लेकिन फसल में खरपतवार एवं कीट प्रकोप एवं बीमारी से फसल का उत्पादन प्रभावित हो जाता है। लागत के अनुरूप उत्पादन नहीं हो पता है। उत्पादन प्राप्त करने के लिए कीट रोग एवं खरपतवार का नियंत्रण आवश्यक है।रवी की फसल गेहूं में प्रायः चौड़ी पत्ती एवं सकरी पत्ती के खरपतवार जैसे गेहूंसा बथुआ मटरी कृष्ण नील आदि की समस्या देखी जाती है। सकरी पत्ती वाले गेहूंसा जंगली जई नियंत्रण के लिए सल्फो स?ल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डब्लू जी 13.5 ग्राम प्रति एकड़ की दर से 150 लीटर पानी में घोलकर 25 से 30 दिन की फसल पर छिड़काव करें। चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार पर मेट सल्फूरान 20 प्रतिशत डब्लू पी 8 ग्राम 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। सकरी एवं चौड़ी पत्ती दोनों के लिए सल्फो सल्फूरान 75 प्रतिशत और मेट सल्फूरान मिथाइल 5 प्रतिशत डब्लू जी 16 ग्राम 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ 25 से 30 दिन की फसल पर छिड़काव करें। गेहूं में मकोय नामक खरपतवार के लिए कारपेंट्राजोन इथाइल 40 प्रतिशत डी एफ की 20 ग्राम मात्रा 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। राई सरसों मौसम के तापमान की गिरावट होने पर कीट बीमारी का प्रकोप होने पर डाइमेथोएट 30 प्रतिशत 400 एम एल या ऑक्सीडीमेटांन मिथाइल 25 प्रतिशत एक 400 एम एल मात्रा 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। आलू की फसल में झुलसा रोग के प्रकोप होने पर कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लू पी 1 किलोग्राम या मंयको जेब 75

## देवरिया में मोहल्ले वासियों का विरोध रंग लाया

जन एक्सप्रेस । देवरिया




गोरखपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर स्थित पुराने बस डिपो में मल्टीस्टोरी पार्किंग और कार्यालय निर्माण के लिए हो रही खुदाई से मोहल्ले के लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शन किया और अपने भवनों की सुरक्षा को लेकर मांग पत्र सौंपा।

भाजपा नेता अमित मोदनवाल के नेतृत्व में मुहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से कहा कि इस खुदाई के कारण उनके घरों को खतरा है और मकान गिरने का डर सता रहा है। उन्होंने मांग की कि खुदाई और निर्माण कार्य को पुनः जांचने के बाद ही किया जाए, ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की चेयरमैन अलका सिंह और यूपीपीसीएल जीएम एससी श्रीवास्तव निर्माण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मोहल्लेवासियों को भरोसा दिलाया कि कार्यदाई संस्था की ओर से दक्षिण दिशा में आरसीसी वॉल बनाकर बाकी बचे क्षेत्र में नाली और सड़क का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, लिखित आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, यूपीपीसीएल के इंजीनियर, ठेकेदार और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# राणाप्रताप सिंह ने सम्पूर्ण अंगदान कर पेश की अनूठी मिसाल

जन एक्सप्रेस । रूद्रपुर, देवरिया

मृत्यु के बाद हमारे शरीर के अंगों से बहुत से लोगों का कल्याण हो सकता है, लिहाजा अंगदान अब महादान कहा जाता है । सम्पूर्ण अंग दान करने के बाद तकरीबन उसके सभी अंगों को जरूरतमंदों के शरीर में प्रत्यारोपित किया जा सकता है । हमारे देश में मृत्यु के उपरांत सम्पूर्ण अंग दान बहुत कम किया जाता है, लेकिन यह समय की जरूरत है । आज भी कुछ ऐसे लोग हैं, जो मृत्यु उपरांत अपने शरीर के अंगों को दानकर दूसरों को नया जीवन देने का जज्बा रखते हैं । रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पिडरा निवासी प्रत्युष विहार रामचक स्कूल के संचालक राणाप्रताप सिंह ने अपना सम्पूर्ण अंग दान करने का फैसला लेकर समाज में एक अनूठी मिसाल



पेश की है । उन्होंने दुनिया से विदा होने के बाद अपना सम्पूर्ण अंग दान कर सामाज सेवा का उत्कृष्ट संदेश समाज को दिया है।

शिक्षा के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाने वाले इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा देवरिया के आजीवन सदस्य राणाप्रताप सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण अंगदान की सारी प्रक्रिया बाकायदा पूर्ण कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) में पंजीकरण करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंगदान एक महान और परोपकारी कार्य है। आपका एक अंग किसी को नया जीवन दे सकता है। मृत देह से अनेकों जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सकती है। हमारी आँखे, गुर्दे, यकृत, अग्न्याशय, हृदय, फेफड़े, अस्थिमज्जा, त्वचा आदि हमारी मृत्यु के पश्चात भी किसी जरूरतमंद के जीवन में सुख ला सकती है।

## लायन्स क्रिकेट क्लब छहूं ने जीता ट्राफी प्रीमियर लीग का खिताब

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विकासखण्ड तमकुही अन्तर्गत ग्राम पंचायत छहूँ स्थित विद्यालय के परिसर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में लायन्स क्रिकेट क्लब छहूँ की टीम ने शक्ति क्रिकेट क्लब प्रानछपरा को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में प्रानछपरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सीपी हॉस्पिटल की टीम ने निर्धारित 14ओवर में छः विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी छहूँ की टीम निर्धारित ओवरों में 2 ही विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीत लिया। छहूँ के बल्लेबाज इरशाद को 137 रन बनाने पर मैन ऑफद मैच जबकि 5 विकेट लेने वाले प्रानछपरा के प्रिन्स को मैन आफद सीरीज का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है जो भविष्य के लिये प्रेरणादायक व सुखद होता है। अमरेश यादव ने विजेता टीम को बधाई तथा उपविजेता टीम को हार से सीख लेकर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर संचालन भोलू अंसारी, केदारनाथ ओझा, भरत यादव, सत्येंद्र यादव ,प्रदीप मिश्रा, दुर्गेश यादव, अंकेश ओझा, हरेंद्र गोंड, प्रदीप मिश्रा, सत्यपाल सिंह, विपिन सिंह, विरेश यादव , सत्येंद्र यादव, गुड्डू यादव, अश्वनी ओझा, जवाहर मिश्रा, राज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव, इंजीनियर विनायक यादव, काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OSN-541-24-3 Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3951A/24

# गोरखपुर अग्निकांड में आखिरी पीड़िता मधु की भी हुई मौत

■ देवर देवरानी और पति की पहले ही हो चुकी है मौत , मासूम बेटी लड़ रही मौत से जंग

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में हुए आगजनी कांड में झुलसे पांच लोगों में से एक और की मौत हो गई। शुक्रवार को इलाज के दौरान झुलसी महिला मधु (28) ने भी दम तोड़ दिया। इससे पहले नवविवाहिता माला (25), उनके पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की भी मौत हो चुकी है। इस दर्दनाक घटना में अब केवल तीन साल की बच्ची रिद्धिमा जिंदगी की जंग से जूझ रही है। घटना चिलुआताल इलाके के दहला गांव में 14 दिसंबर की है। पारिवारिक विवाद में सबसे बड़े भाई बेचन निषाद ने विवाद के बाद घर में आग लगा दिया था। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है।



### आरोपी फरार, केस दर्ज

परिजनों और ग्रामीणों की दहशत के कारण कोई रिश्तेदार पुलिस के पास नहीं गया। बाद में माला के भाई संतोष साहनी ने चिलुआताल थाने में आरोपी बेचन निषाद के खिलाफकेस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वह अब भी फरार है।

### बड़े भाई ने थिनर डालकर लगाई आग

दरअसल, 14 दिसंबर की रात बड़े भाई बेचन निषाद ने पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों के कमरों में ताला लगाकर थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। इस हादसे में बृजेश, उनकी पत्नी मधु (28), तीन साल की बेटी रिद्धिमा, छोटे भाई अरविंद (30), और उनकी पत्नी माला गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद बेचन फरार हो गया।

### पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार

रविवार को माला का अंतिम संस्कार कालेसर मुक्तिधाम घाट पर उनके ससुर मुन्नी लाल ने किया। माला के पिता छोटे लाल, मां कमला देवी और भाई-बहन भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। विदाई के समय बहन ने माला को दुल्हन की तरह सजाकर आखिरी बार विदा किया।

### शादी के 10 दिन बाद छाया मातम

माला और अरविंद की शादी 4 दिसंबर को हुई थी। 5 दिसंबर को माला ससुराल आई थीं, लेकिन शादी के सिर्फ 10 दिन बाद यह हादसा हो गया। अभी तक अरविंद को पत्नी की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है।

### परिवार में कोहराम

रविवार को बृजेश की मौत के बाद उनकी पत्नी मधु और बेटी रिद्धिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों का इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है।

# डीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा की बैठक कर परखी हकीकत

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रबी सीजन में जनपद की मुख्य फसल गेहूं की बीमा के लिए संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैंकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों तथा इफको टोक्यो कम्पनी के जिला एवं तहसील समन्वयकों के साथ कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किसानों को जारी केसीसी के सापेक्ष फसल बीमा कम होने पर नाराजगी जाहिर की गई। समीक्षा मे पाया गया कि बैंको द्वारा 40000 से अधिक किसानों को फसल बीमा हेतु पात्र बताया गया है जबकि अब तक मात्र लगभग 13000 किसानों का ही बीमा प्रीमियम की कटौती कर योजना के पोर्टल पर फीडिंग कराई गई है। बैंको द्वारा अत्यधिक संख्या में किसानों द्वारा ऑप्ट आउट फॉर्म जमा होने की बात बताई गई. फसल बीमा के प्रीमियम की कटौती की अन्तिम तारीख 31 दिसम्बर है जबकि बैंको द्वारा बहुत कम पात्र किसानों की प्रीमियम की कटौती की गई है । जनपद के सभी पात्र किसानों का फसल बीमा कराया जाना अति महत्वपूर्ण है जिससे उत्पादन की किसी भी सम्भावित गिरावट की स्थिति अथवा फसालों की क्षति की दशा मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अंतर्गत पात्र किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके। जिलाधिकारी ने सभी बैंको को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में सभी बैंक अपनी शाखा के पात्र किसानों की बीमा प्रीमियम की कटौती ससमय करे और योजना के पोर्टल उनकी फीडिंग सुनिश्चित कराएं। बैंको एवं बीमा कम्पनी के जिला समन्यवक को को स्पष्ट रूप से ये भी निर्देश दिया गया कि यदि फसल बीमा हेतु किसी पात्र किसान की फसल की क्षति होती है एवं उस किसान का मुआवजा बनता है एवं यह पाया जाता है बैंक या अन्य के द्वारा उस किसान का फसल बीमा ना करने के कारण उक्त किसान को क्षतिपूर्ति नहीं मिल पाती है तो संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक या अन्य जो इसके लिए दोषी है का उत्तरदायित्व निर्धारित कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की दिशा निर्देशों के अनुरूप उनसे क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रभावित किसान को दिलाई जाएगी। उन्होंने बैंकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में केसीसी लक्ष्य के अनुरूप बीमा में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिससे अधिकाधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकें। उप निदेशक कृषि एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को अपने स्तर पर फसल बीमा योजना की समीक्षा करने एवं अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। उच्च स्तर पर बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों से संबधित सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाए। किसानों के हितों की रक्षा हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सुगमता से कृषकों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान उपनिदेशक कृषि डॉ अश्विनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय,एलडीएम,अपर जिला सूचना अधिकारी संबंधित बैंक के बैंक मैनेजर और संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मानित हुई प्रतिभाएं

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के अकबरपुर विकास खंड स्थिति आर. ए. बी. सेंट्रल चिल्ड्रेन एकेडमी रोशनगढ़ (सैदापुर) में शुक्रवार को तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन का समापन किया गया। प्रतियोगिता में सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक उत्तम चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। इससे बच्चों की प्रतिभा विकसित होती है। उनके बौद्धिक कौशल का विकास होता है। खेलकूद से जहां शरीर फिट रहता है। वही रोगों से भी निजात मिलती है। खेलकूद के माध्यम से भी अपनी पहचान बनाई जा सकती है। चित्रकला प्रतियोगिता में हर्ष पटेल, बैडमिंटन में यश चौधरी, जयंत, सुचिता, कोमल, वॉलीबॉल में अहम, सुमित, इंडियन, सात्विक, हर्ष ,आतिफ, कार्तिक, रास्साकशी में सृष्टि, अनु, वजीहा, अनम, आस्था, तहरीम, गरिमा, साइकिल रेस में देवेश, समीर , आदर्श, रिया, लाडली ,अलका पाल, गोला फेंक में शशिकांत, सोनाली, श्रद्धा, आदि प्रतिभाओं को प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा, संरक्षक सुनील कुमार चौधरी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएंउपस्थित रहे।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के दौरान शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाई गई।

जानकारी के अनुसार 27 दिसम्बर को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आज एमएलकेपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों और खिलाड़ियों के मध्य महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडेय, कार्यक्रम आयोजन सचिव एनएसएस नोडल अधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला अन्य सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# शोक सभा में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के कांग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित शोकसभा में पूर्व प्रधानमंत्री कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई । जानकारी के अनुसार 27 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया । 26 दिसंबर 2024 को 92 वर्ष की आयु में कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा शोक सभा आयोजित कर अपने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि डाक्टर सिंह बहुत ग़रीबी में पैदा होकर अपने मेहनत से देश के तमाम पदों को को सुशोभित करते हुए देश के प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया । अपने प्रधानमंत्री काल में मनमोहन सिंह द्वारा देश के गरीबों, मजलूमों महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत काम किया गया । मनरेगा योजना अंतर्गत करोड़ों ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया । साथ ही लाखों पढ़ें लिखे लोगों को रोजगार दिया और गांव के विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन किया । जननी सुरक्षा योजना के तहत गांवों में आशा बहुओं की नियुक्ति कर शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया तो वहीं सूचना का अधिकार देकर सरकार और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय किया । भोजन का अधिकार देकर गांव और शहर के 79.82 प्रतिशत लोगों को भोजन मुहैया कराया ।?इसके अलावा उदारीकरण 9 प्रतिशत विकासदर, परमाणु करार, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, ग्रामीण पेयजल योजना जैसे तमाम जन मानस के लिए दर्जनों कानून बनवाए जो देश के लोगों को आगे बढ़ाने के साथ साथ दुनिया ने देश का लोहा माना। महामंत्री विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि डाक्टर मनमोहन सिंह ने अपना पूरा जीवन देश के नाम कर दिया । क्रांतिकारी योजनाओं के साथ साथ किसानों की कर्ज़ माफी, फसलों के मूल्य जो एनडीए सरकार में बहुत कम थे उसको लगभग दुगनी क़ीमत तय करने का काम किया । जनता से जुड़े योजनाओं को कानूनी रूप देकर उसको सर्व कालिक बनाने का काम किया । उनके यह सेर कि माना मैं तेरे दीद के काबिल नहीं, मगर मेरे शौक को देख मेरे इंतजार को देख पूरी दुनिया में लोगों ने सराहा और विपक्ष की आलोचनाओं को चुप कराया । हम उनके बताए हुए रास्ते पर निरंतर चलकर देश के लिए कांग्रेस के बैनर तले काम करते रहेंगे। डाक्टर प्रतीक मिश्रा ने कहा डाक्टर मनमोहन सिंह जैसा स्कालर दुनिया में कभी कभार पैदा होते हैं ?। यदि देश अब तक उनके बताए हुए रास्ते पर चलता तो हम दुनिया में नंबर एक अर्थ व्यवस्था होते, जो उन्होंने तीन पर करके छोड़ा था । वर्तमान सरकार ने उसे डुबोने का काम किया । हम देश के महान सपूत को श्रद्धांजलि देते हैं। डाक्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि देश में जब भी सबसे तेज रफ्तार विकास दर की बात होगी तो डॉक्टर मनमोहन सिंह का नाम सबसे ऊपर आएगा । 26 सितंबर 1932 को जन्में मनमोहन सिंह दुनिया के महान अर्थशास्त्री में गिने जाते थे । इनकी लिखी किताबें दुनिया भर में पढ़ाई जाती हैं । देश के वित्त मंत्री के रूप में सिंह साहब ने देश को नई दिशा दी और देश में व्यापार की नई इबारत लिखी । जिला प्रवक्ता घनश्याम मिश्रा ने कहा कि 26 दिसंबर दुनिया में इस लिए जाना जाएगा कि विश्व ने एक महान् अर्थशास्त्र के पंडित को खो दिया और अब आर्थिक मंदी को दुनिया से कौन निजात दिलाएगा । दुनिया जब आर्थिक मंदी से अपने युवाओं को रोजगार से निकाल रही थी तब देश के प्रधानमंत्री मनमोहनसिंह देश के लिए मनरेगा लाकर पूरे देश में रोजगार की झड़ी लगा दी और दुनिया देखती रह गई । जब देश को ज्यादा उर्जा की आवश्यकता थी तो मनमोहन सिंह जी ने अमेरिका से परमाणु करार करके देश को उर्जा संपन्न बनाया । हमारे मनमोहन वास्तविक नेता समाज सुधारक और आर्थिक पुरोधा थे । आज़ वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके लोग इस देश के लिए हमेशा काम करते रहेंगे।

शोक सभा में महासचिव अवधेश पाल सिंह, राजबहादुर यादव, अमिरका कुरील, शिवलाल, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय जी ने भी अपनी बातें रखीं और श्रद्धांजलि दी शोक सभा में अजीत सिंह, सुरेन्द्र कुमार यादव हफीजुल्ला सिद्दीकी,मो जमील, , इज़हार, आशिफ ख़ान, राजेश ओझा, विश्वनाथ यादव, रोशन यादव,राम बहादुर दूबे, केदारनाथ पांडे, अबू सहमा, प्रदीप शर्मा, डाक्टर राकेश त्रिपाठी, भीष्म सिंह, सादुल्ला खान, श्रीकांत मिश्र, अनिरुद्ध गुप्ता, विशाल कश्यप, बृजेश चौहान, अफ़रोज़ ख़ान आनंद, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास खंड सदर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** सरकारी कार्यालयों में बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित किए जाने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , मनरेगा आदि के कार्यों का जायजा लिया एवं ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत संचालित कार्यों की फाइलों का विस्तृत अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव का निर्देश दिया उन्होंने उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया एवं अनुपस्थित करंतो का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया।

# हाकी मैदान पर आज उतरेंगे 5 अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट के तीसरे दिन शनिवार को नॉर्दर्न रेलवे नई दिल्ली टीम की ओर से पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन सचिव डॉक्टर राजीव रंजन ने 27 दिसम्बर को बताया कि एमएलके कॉलेज के हॉकी मैदान पर हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले केडी सिंह बाबू, मेजर ध्यानचंद व अशोक कुमार सहित कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। एक बार फिर नॉर्दर्न रेलवे नई दिल्ली टीम की ओर से पांच अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी 28 दिसंबर को प्रातः 9–30 बजे से खेल मैदान पर उतरेंगे । उन्होंने बताया कि शनिवारको खेल मैदान पर उतरनेवाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में सुख मंजीत सिंह, शिवम आनंद, परम प्रीत सिंह, गोपी कुमार सोनकर व प्रेम कुमार शामिल हैं । सुखमनजीत सिंह ने वर्ष 2013 में जूनियर विश्व कप, 2013 में ही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2012 में जूनियर एशिया कप (कांस्य पदक), 2012 में ही सुल्तान जौहर कप मलेशिया (रजत पदक), 2013 में सुल्तान जौहर कप मलेशिया (स्वर्ण पदक) हासिल किया है। शिवम आनंद ने यू 18 एशिया कप स्वर्ण पदक, बांग्लादेश 2016, युवा ओलंपिक क्वालीफायर स्वर्ण पदक बैंकॉक 2018, युवा ओलंपिक 2018 रजत पदक अर्जेंटीना तथा 6 राष्ट्र आमंत्रण टूर्नामेंट स्पेन 2019 में प्रतिभा किया है । गोपी कुमार सोनकर ने 8वां सुल्तान जौहर कप मलेशिया 2018 (रजत), राष्ट्रीय भागीदारी में सीनियर नेशनल 2018, वरिष्ठ राष्ट्रीय 2019, सीनियर नेशनल 2020, जूनियर नेशनल 2017, जूनियर नेशनल 2018 एवं जूनियर नेशनल 2019 (रजत) में खेल कर पदक हासिल किया है । प्रेम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी के साथ कोच की भागीदारी निभाई है।

# प्रधान पब्लिक स्कूल में मनाया तुलसी दिवस




**जन एक्सप्रेस । मथुरा/फरह**

स्कूल प्रधानाचार्य वन्दना एस. छौकर एडवोकेट ने बताया कि यह दिन विशेष रूप से माता तुलसी के सम्मान में होता है, जिन्हें हिंदू धर्म में एक पवित्र और पूजनीय पौधा माना जाता है ।धार्मिक मान्यता है कि तुलसी पूजन दिवस पर माता तुलसी की पूजा करने से इंसान के जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती ।

बच्चों द्वारा किए कार्यक्रम पर उनको पुरस्कार वितरण किया। इस मौके फ़ैशन का जलवा गाने पर नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने रैम्प वॉक कर समा बांधा। और जूनियर विंग की छात्राओं ने तुलसी आरती पर अपनी प्रस्तुति दीं । कार्यक्रम का संचालन स्कूल की छात्र कृष्णा अग्रवाल एवं भवानी चौहान ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रबन्धक भिक्की सिंह प्रधान ने माँ तुलसी की पूजा करके की। इस मौके पर चैयरमैन भूरीसिंह, विजय राठौर , निदेशक इंजी सत्येंद्र छौंकर , जगत चौहान, सुनील लवानिया, शानू, विपिन अग्रवाल ,निशा चौहान , रमन यादव ,सोना शर्मा , वन्दना गौतम ,निशा चौधरी , लवकेश कुमार ,ऋणी प्रिय बघेल ,अंकिता गुप्ता , रश्मि सिंह, जय किशन ,सन्तोष सिकरवार ,पूजा तेजवानी, अमरीं खान ,कृष्णा सिंह ,रामबाबू सिंह ,एस खान ,शिखा शर्मा , सुमित भारद्वाज, उदयवीर सिंह ,विजय राठोर ,चंचल चाहर , कमल प्रकाश ,रमा गौतम आदि, आदि उपस्थित रहे।

# हॉकी ग्राउंड पर लगेंगी दो टावर बड़ी लाइटें : सांसद



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर दो बड़ी टावर लाइटें लगाई जाएंगी । इस बात की घोषणा महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे श्रावस्ती सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने किया है। उन्होंने मैदान पर एस्ट्रोट्रफ लगवाने का आश्वासन देते हुए टूर्नामेंट कमेटी से प्रस्ताव मांगा है । श्रावस्ती सांसद रामशरोमणि बर्मा ने 27 दिसंबर को ऑल इंडिया प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के दौरान जन एक्सप्रेस संवाददाता से वार्ता करते हुए बताया कि एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर लगभग 86 वर्षों से हॉकी टूर्नामेंट चल रहा है, जो इस तराई जैसे पिछड़े क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है । ऐसे आयोजनों को जीवंत रखना किसी चुनौती से काम नहीं होती है । टूर्नामेंट की आयोजन समिति तमाम विषम परिस्थितियों मे आयोजन को संपन्न करा कर सराहनीय कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि वह अपने तरफ से टूर्नामेंट के निरंतर आयोजन के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे । उन्होंने मैदान पर दो टावर लाइट सांसद निधि से लगवाने की स्वीकृति प्रदान की । साथ ही हॉकी ग्राउंड को बदलते परिवेश के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए एस्ट्रो ट्रफ ग्राउंड बनवाने का प्रस्ताव आयोजन समिति से मांगा है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-**

**रेलगाड़ी सं. 08562/08561 विशाखपट्नम–गोरखपुर–विशाखपट्नम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08562 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08561 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | विशाखपट्नम | 12:15 | ---- |
| 20:25 | ---- | गोरखपुर | ---- | 14:20 |

चलने के दिन : **08562 विशाखपट्नम** से दिनांक 05.01.2025, 19.01.2025, 16.02.2025 को और **08561 गोरखपुर** से दिनांक 08.01.2025, 22.01.2025 एवं 19.02.2025 को।

ठहराव: विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04202/04201 प्रयागराज संगम–आलमनगर–प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 33 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04202 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04201 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:20 | प्रयागराज संगम | 23:25 | ---- |
| 17:00 | ---- | आलमनगर | ---- | 19:15 |

चलने के दिन : **04202 प्रयागराज संगम** और **04201 आलमनगर** से दिनांक 01.01.2025 से 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।

ठहराव: प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां और उतरेटिया स्टेशन।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04206/04205 प्रयागराज संगम–अयोध्या कैंट–प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04206 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04205 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:30 | प्रयागराज संगम | 12:15 | ---- |
| 17:00 | ---- | अयोध्या कैंट | ---- | 08:45 |

चलने के दिन : **04206 प्रयागराज संगम** और **04205 अयोध्या कैंट** से दिनांक 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।

ठहराव: प्रयाग जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर जं. स्टेशन।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 07701/07702 गुंटूर जं.–आजमगढ़–गुंटूर जं. कुम्भ मेला रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07701 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:00 | गुंटूर जं. | 09:00 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : **07701 गुंटूर जं.** से दिनांक 24.01.2025 (शुक्रवार) को और **07702 आजमगढ़** से दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को।

ठहराव: विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी और शाहगंज जं. स्टेशन।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 07707/07708 मौला अलि–आजमगढ़–मौला अलि कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | मौला अलि | 07:30 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : **07707 मौला अलि** से दिनांक 18.01.2025 (शनिवार), 21.02.2025 (शुक्रवार) को और **07708 आजमगढ़** से दिनांक 20.01.2025 (सोमवार), 23.02.2025 (रविवार) को।

ठहराव: चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी और शाहगंज स्टेशन।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 08253/08254 बिलासपुर जं.–वाराणसी जं.–बिलासपुर जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08253 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08254 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:15 | बिलासपुर जं. | 10:40 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08253 बिलासपुर जं.** से दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को और **08254 वाराणसी जं.** से दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को।

ठहराव: रायपुर जं., दुर्ग जं., राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 06001/06002 चेन्नै सेन्ट्रल–गोमती नगर–चेन्नै सेन्ट्रल कुम्भ वशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06001 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06002 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:20 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | ---- |
| 11:20 | 11:25 | अयोध्या धाम जं. | 06:20 | 06:25 |
| 14:15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 03:45 |

चलने के दिन : **06001 चेन्नै सेन्ट्रल** से दिनांक 08.01.2025, 15.01.2025, 22.01.2025, 05.02.2025, 19.02.2025, 26.02.2025 को और **06002 गोमती नगर** से दिनांक 11.01.2025, 18.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025, 22.02.2025, 01.03.2025 को।

ठहराव: गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. और अयोध्या धाम जं. स्टेशन।

स्थान: शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 06003/06004 कन्याकुमारी–बनारस–कन्याकुमारी कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06003 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06004 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:30 | कन्याकुमारी | 21:00 | ---- |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : **06003 कन्याकुमारी** से दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को और **06004 बनारस** से दिनांक 20.02.2025 (वीरवार) को।

ठहराव: नागरकोविल जं., तिरुनेलवेली जं., कोविलपट्टि, विरुदुनगर जं., मदुरै जं., दिंडुक्कल जं., तिरुच्चिराप्पल्लि जं., वृद्धाचलम जं., विल्लुप्पुरम जं., मेलमरुवतूर, चेंगलपट्टु जं., ताम्बरम, चेन्नई एग्मोर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं. विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) एवं शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 06007/06008 कोच्चुवेली–बनारस–कोच्चुवेली कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06007 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06008 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | कोच्चुवेली | 23:55 | .... |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : **06007 कोच्चुवेली** से दिनांक 18.02.2025, 25.02.2025 (मंगलवार) को और **06008 बनारस** से दिनांक 21.02.2025, 28.02.2025 (शुक्रवार) को।

ठहराव: कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मवेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, अलुवा, तृश्शूर, पालक्काड़ जं., कोयंबटूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टे जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरूवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।

स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 08251/08252 रायगढ़–वाराणसी जं.–रायगढ़ कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08251 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | रायगढ़ | 05:25 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08251 रायगढ़** से दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को और **08252 वाराणसी जं.** से दिनांक 27.01.2025 (सोमवार) को।

ठहराव: चाँपा जं., बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 08791/08792 दुर्ग जं.–वाराणसी जं.–दुर्ग जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08791 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08792 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:50 | दुर्ग जं. | 05:30 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : **08791 दुर्ग जं.** से दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को और **08792 वाराणसी जं.** से दिनांक 10.02.2025 (सोमवार) को।

ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दहशत : भैंस के बच्चे को उठा ले गया बाघ, खेत में मिला आधा शव





■ वन विभाग ने घटनास्थल पर पहुंचकर किया मुआयना, लोगों में भय

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

न्यूरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संडा में बाघ ने किसान के पशुशाला में बंधे भैंस के पड्डे को मार डाला। पास में गन्ने के खेत में आधा खाया हुआ शव मिला जानकारी के अनुसार किसान के बाहर और भी जानवर उसकी पशु शाला में बंधे हुए थे विगत रात में अचानक से बाघ भैंस के बच्चे को उठा ले गया सुबह जब देखा कि पशु शाला में भैंस का बच्चा नहीं है तब गांव वालों ने इसकी खोजबीन की इसके बाद पास के ही गन्ने खेत में बच्चों का आधा खाया हुआ शव मिला ।इसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना पर सामाजिक डिप्टी रेंजर शेर सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुयाना किया घटना स्थल के पास गन्ने के खेत में बाघ के ताजा पक मार्क दिखाई दिए। बाघ के पग चिन्ह मिलने से पड्डे के अध खाय शव को देख कर साफ हो गया कि बाघ के द्वारा ही हमला कर शिकार किया गया।बाघ के लगातार हमले से आस पास के किसानों में दहशत व्याप्त है और वह अपने घर और अपने खेतों पर जाने से डर रहें है और जानवर खेतो में खड़ी फसल को खा कर नष्ट कर रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश पनप रहा है। बताते चलें कि न्यूरिया क्षेत्र में लगातार हो रही वन्य जीव घटनाओं को लेकर आसपास के ग्राम वासियों में वन विभाग के खिलाफ बहुत ज्यादा नाराजगी देखी जा रही है लोगों का कहना है कि अगर इस तरह घटनाएं घटती होती रही तो हमारा बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा और हम लोग बाघ के डर की वजह से खेतों पर कैसे जाएंगे और अपना जीवन यापन कैसे करेंगे।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शुक्रवार को अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में डॉ0 रवि हनुमन्त गोखले व डॉ0 विद्या गोखले ने अपने पूज्य पिता स्व.हनुमन्त श्रीधर गोखले की स्मृति में जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कराया जिसका उद्घाटन व भारत के महान गणितज्ञ निवास रामानुजन जयन्ती के उपलक्ष्य में शैक्षिक प्रदर्शनी व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।विद्यालय की छात्राओं ने सभी विषय की प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ कर उत्साह से प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सुधावाला अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज, विद्यालय की अध्यक्षा निशा गुप्ता, प्रबन्धिका कुमकुम अग्रवाल, कोषाध्यक्षा अर्चना खण्डेलवाल, सह प्रबन्धिका मधु कुमार, विज्ञान शिक्षक लक्ष्मीकान्त शर्मा, अशोक कुमार प्रधानाचार्य सरस्वती शि.मंदिर साहूकारा, संरक्षक बृजेन्द कुमार अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, विनोद वैश्य एडवोकेट ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गणित प्रतियोगिता के लिए भिन्न-भिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जैसे सिटि मान्टेसरी, अवध पब्लिक स्कूल, साहूकारा शिशु मंदिर, सन्तराम सरस्वती शिशु मंदिर, कम्पोजिट विद्यालय, गोस्वामी मॉम्स प्राइड, सुरेश शुक्ला मैमोरियल स्कूल, इकरा पब्लिक स्कूल एंव अंगूरी देवी स0बा0वि0मं0 इं0कालेज की छात्राओं ने भाग लिया।गणित पजल प्रतियोगिता में अवध पब्लिक स्कूल से अंशिका, रूद्रपताप, उत्तरांश ने प्रथम स्थान गोस्वामी मॉम्स प्राइड से आरूषी, आरूष, मयंक ने द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मन्दिर साहूकारा से अनूप, पुष्पेन्द्र, यशपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।क्रास गणित पजल में सिटि मान्टेसरी स्कूल की वर्षा प्रथम, सुरेश शुक्ला मैमोरियल की भावना साहू द्वितीय व अवध पब्लिक स्कूल की साची अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अंगूरी देवी की रिया सक्सेना प्रथम, गुनगुन कश्यप द्वितीय व इकरा पब्लिक की फारिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित मॉडल प्रतियोगिता में अवध पब्लिक स्कूल की खुशी प्रथम, सरस्वती शिशु मन्दिर साहूकारा की काव्या श्रीवास्तव द्वितीय व अंगूरी देवी की अनाया मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित मार्डल प्रतियोगिता में अंगूरी देवी से दीक्षा कुमारी प्रथम व पूर्वी भारद्वाज तृतीय एंव इकरा पब्लिक से बुशरा वेग द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ0 आस्था अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि सुधा वाला अग्रवाल ने छात्राओं को आशीष वचन दिये। विद्यालय की प्रबन्धिका कुमकुम अग्रवाल ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने रामानुजम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिये प्रेरित किया।

## लेजर व सेवा पुस्तिका अपडेट न देख डीडीओ नाराज



जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज। जिला विकास अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी देवी ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय काआकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा पुस्तिका, लेजर, जीपीएफ पासबुक पर अद्यतन इंट्री न पाये जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर किया। जिसे तत्काल अपडेट करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को अचानक ब्लाक पर पहुंची डीडीओ को देख कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। वह सीधे बीडीओ कार्यालय में पहुंच क्षेत्र पंचायत के कामों का बारीकी से निरीक्षण किया। मनरेगा के मस्टररोल,इशू रजिस्टर और ईपीएफ से संबंधित फाइलें देख उनकी विधिवत समीक्षा कीं।वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के अभिलेखों का निरीक्षण किया। जिसे देख संतुष्टि जाहिर किया। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान की पेंडेंसी को तत्काल निश्तारण किए जाने को कहा। जाते जाते सेवा पुस्तिका पर कर्मियों के हस्ताक्षर अवश्य कराये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ गौरवेंद्र सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। लगभग तीन घंटे तक ब्लाक मुख्यालय पर डीडीओ जमी रहीं। उसके बाद वे जिला मुख्यालय वापस लौट गयी। तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस लिया।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के निधन पर ट्रांस क्षेत्र में फैली शोक की लहर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



हजारा। भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह(92)का निधन होने की सूचना पर ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है तो वहीं ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा किया है।

भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं अर्थशास्त्री डा मनमोहन सिंह का बानवे वर्ष की आयु में निधन होने पर पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र गांवों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है तो वही ग्रामीणों ने स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा भी किया है। श्री मनमोहन सिंह एक सरल व सादगीपूर्ण विचार धारा के व्यक्ति थे उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश के विकास के लिए तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं और कानून बनाकर देश के विकास को गति प्रदान किया था।

शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान शमशेर आलम, रामकृपाल वर्मा, राधेश्याम राव, इकबाल सिंह पाले, परमजीत कौर, कुलविंदर कौर, अंजुम बानों, रमावती देवी, नीलम मदेशिया, पल्लवी सिंह, मुकेश कुमार, मनोज सिंह, महेंद्र सिंह, अमरीक सिंह, परमजीत कौर, तारा देवी के अलावा बबलू निषाद, सुनील वर्मा, राजेश कुमार, मोहम्मद फारुख, बलजीत सिंह जटाना, अमरजीत सिंह, सतनाम सिंह, पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल रहे।

## त्रिकौलिया-अखण्डनगर मार्ग का हाल बेहाल

जन एक्सप्रेस । अवनीश पाण्डेय। जौनपुर। त्रिकौलिया-अखंडनगर मार्ग की दशा बिलकुल बदहाल हो गई है। इस पर आवागमन करने पर राहगीरों में हादसे का डर बना रहता है। मार्ग पर लगता है सड़क कम गड्ढे ज्यादा हैं। करीब 24 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। इस मार्ग से रोजाना करीब सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। यह प्रयागराज-अयोध्या तथा जौनपुर-सुल्तानपुर आदि जनपदों को भी जोड़ता है। शाहगंज तहसील क्षेत्र के करीब 100 से अधिक गांव इस मार्ग से जुड़ते हैं। जिनकी कुल आबादी लाख से अधिक है। यद्यपि इस सड़क की मरम्मत लगभग डेढ़ साल पहले की गई थी। किंतु मार्ग पर जलनिकासी की व्यवस्था न होने और साथ ही वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण यह जल्द ही फिर से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा मरम्मत ठीक से न होने के कारण पैचिंग जल्द उखड़ने से सड़क अब गड्ढे में तबदील हो गई है। इसी रास्ते जनप्रतिनिधियों का भी आवागमन होता है बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। मौजूदा समय में इस मार्ग से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आम जनमानस सभी इन रास्तों से हिचकोले खाते गुजरते हैं लेकिन इस मार्ग की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे मार्ग पर सबसे अधिक परेशानी मरीजों को होती है। मार्ग के नवनिर्माण के लिए शासन में पूरे दमखम से प्रयासरत हूं।

# जनपद ही नहीं गैर जनपदों में भी बज रहा है सभासद सेवक विशाल का डंका



■ प्रत्येक मंगलवार के दरबार में उमड़ती है हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़

■ 9 जनवरी को निकलेगी श्री बालाजी महाराज एवं श्री नीम करोली महाराज की भव्य रथ यात्रा

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** कर्म करो फल की चिंता मत करो जैसे-जैसे व्यक्ति जिस प्रकार से कर्म करता हैं उसको ईश्वर वैसे ही फल देते हैं। इसी का जीता जाता एक उदाहरण है जनपद के काशीराम कॉलोनी निवासी सभासद महंत सेवक विशाल जी हां आज सभासद महंत सेवक विशाल किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। श्री बालाजी महाराज की असीम कृपा उन पर विराजमान हैं।

बचपन से श्री बालाजी महाराज एवं श्री नीम करोली जी महाराज की सेवा करते-करते आज 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने जनपद पीलीभीत में ही नहीं गैर जनपदों में भी बाबा के भव्य दरबार लगाकर जय जयकार कराई हैं।

आज जनपद के कोने-कोने में सभासद महंत सेवक विशाल के चर्चे हर और सुनाई देते हैं। इसका मुख्य कारण यह भी है कि स्वाभाविक व्यवहार हंसमुख चेहरे के प्रति छोटे बड़े सभी का सम्मान ही उन्हें लोगों के दिलों में इतनी जगह देता है कि हर गली मोहल्ले नुक्कड़ों पर उनके चाहने वाले उन्हें भरपूर मान सम्मान देते हैं। आज जनपद भर में उनके दरबार की चर्चा प्रत्येक और सुनाई देती हैं। बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, बीसलपुर, पूरनपुर, मझोला, खटीमा, बनबसा, टनकपुर ही नहीं चंडीगढ़ में भी बाबा का भव्य दरबार लगाकर बाबा की जय जयकार की हैं। बताते चले की जनपद के ईदगाह काशीराम कॉलोनी स्थित श्री बालाजी मंदिर पर प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे से सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा श्री बालाजी महाराज एवं श्री नीम करोली जी महाराज का भव्य दरबार लगाया जाता है जिसमें हजारों लोगों की भक्तों की संख्या में लोग आते हैं और सभी का कल्याण भी होता हैं। ऐसे में सभासद महंत सेवक विशाल की चर्चा जनपद में ही नहीं गैर जनपदों में भी होती हैं। आने वाले 9 जनवरी दिन बृहस्पतिवार को श्री बालाजी महाराज एवं श्री नीम करोली जी महाराज की भव्य रथ यात्रा काशीराम कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तमाम गली मोहल्ला से होते हुए मंदिर के प्रांगण में ही संपन्न होगी तो वही 10 जनवरी शुक्रवार को श्री बालाजी महाराज एवं श्री नीम करोली जी महाराज का भव्य दरबार का आयोजन होगा वहीं 11 जनवरी शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन संपन्न होगा।

### छोटे बड़ों के सम्मान के साथ बेजुबानों को भी करते हैं प्यार

बताते चले की सभासद महंत सेवक विशाल यूं तो श्री बालाजी महाराज का



भव्य दरबार लगते हैं साथी बाबा के दिन रात पूजा करते हैं तो वही छोटे-बड़े व्यक्ति उनके दरबार में प्रत्येक सेवादारो के रूप में सेवा करते हैं। उनका हंसमुख एवं सरल व्यवहार ही लोगों के दिलों पर राज करता है जिससे छोटे-बड़े लोगों का मान सम्मान के साथ उनका आदर करते हैं तो वही बेजुबान जानवर भी उन्हें देखकर दौड़े चले आते हैं। और सभासद महंत? सेवक विशाल कुछ ना कुछ बेजुबानों के लिए भी दाना पानी का बंदोबस्त करते हैं। जिससे जानवर भी उन्हें देख दौड़े दौड़े चले आते हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में अन्तरराज्यीय एक शातिर अपराधी घायल, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर। पुलिस टीम व स्वाट टीम की संयुक्त मुठभेड़ में बीती रात अंतर्राज्यीय शातिर एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया और दूसरा मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक पिकअप, एक तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस, 7 देशी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे की जंजीर बरामद किया। इनपर 25 हजार का इनाम भी है। विनोद कुमार मिश्र आपरेशन वज्र के तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर चौकी क्षेत्र सतहरिया से हाइवे पर होते हुए सुजानगंज ओवरब्रिज के नीचे पहुँचे वहां पर उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, विनोद सिंह मय हमराह गस्त पर थे ।स्वाट टीम द्वितीय के प्रभारी निरीक्षक रामजनम यादव द्वारा सूचना दी गयी कि कुछ पेशेवर बदमाश एक पिकअप गाड़ी लेकर क्षेत्र मे पशु चोरी की घटना को अंजाम देने हेतु धूमते देखे गए है ।थाना प्रभारी ने सभी को सचेत किया। स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक पिकअप गाड़ी मे तीन चार बदमाश सुजानगंज की तरफ से मुंगराबादशाहपुर आ रहे है। स्वाट टीम के द्वारा पीछा किया जा रहा है। पुलिस टीम सुजानगंज रोड की तरफ बड़ी तो कुछ दूर पर गाड़ी दिखी जिसके पीछे स्वाट टीम लगी थी ।पुलिस टीम द्वारा गाड़ी की घेराबन्दी किया गया। गाड़ी चालक द्वारा जान से मारने की नियत से बम फेक गया और जान से मारने हेतु पुलिस वालों पर फायर भी किया गया। पुलिस टीम बाल बाल बच गयी । रामपुर तिराहे से गाड़ी मोड़कर भागे और कुछ दूर पर गाड़ी बन्द कर दाहिने से उतरकर एक व्यक्ति निशाना करके जान से मारने की नियत से पुनः पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने सरकारी पिस्टल से फायर किया गया। जिससे रवीन्द्र वर्मा निवासी मखदूमपुर थाना खुटहन, जौनपुर के दोनों पैर मे गोली लग गयी। जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर भेजा गया। और दूसरे बदमाश प्रेम चन्द्र वर्मा निवासी ग्राम वरामदपुर, जरियारी, थाना महरूआ, अम्बेडकर नगर को मौके से पकड़ा गया। दो अन्य बदमाश भागने मे सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के मुताबिक संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। मौके से भागे हुए बदमाशों की तलाश जारी है।

# भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की पैमाइश करने पहुंची टीम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

दबंग एवं भूमाफियाओं द्वारा सरकारी सार्वजनिक बंजर, माला नदी की लगभग 11 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा करने को लेकर मनपुरा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। शासन के निर्देश पर पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर पैमाइश की गई। मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि बेनीपुर निवासी नरेंद्र कुमार व गयाप्रसाद पुत्रगण झम्मन लाल एवं सोमपाल, रामसहाय, ख्याली राम पुत्रगण लालाराम के खेत मनपुरा गांव में गाटा संख्या 2,4,7 में स्थित है। उक्त गाटा संख्या से पहले गाटा संख्या 1 है व नदी की जमीन है तथा पश्चिम में गाटा संख्या 9 क्षेत्रफल 1.00 हेक्टेयर बंजर भूमि है। उत्तर में गाटा संख्या 32 नदी की जमीन है एवं दक्षिण में गाटा संख्या 11 नदी के नाम दर्ज है। जबकि वहां पर वर्तमान में नदी नहीं है। इन गाटा संख्याओं के रकबे को उपरोक्त दबंग भूमाफियाओं द्वारा कई वर्षों से अवैध रूप से अपने खेतों में मिलाकर खेती की जा रही है। उपरोक्त लोग दबंग किस्म के लोग हैं। इन पर पहले भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में उक्त जमीन पर लाखों रुपए का गन्ना व लाखों रुपए के पेड़ खड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराकर वर्ष 1962 से 2024 तक सरकार द्वारा निर्धारित दर से जुर्माना वसूल कर धारा 67 यूपीआरसी के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बंजर भूमि की खतौनी, माला नदी की खतौनी, अवैध कब्जे दारों की खतौनी, भूमि के नक्शे की प्रतियां भेजी गई हैं। भेजे गए प्रार्थना पत्र में शिवकुमार, गोपाल, पप्पू, सर्वेश कुमार, राजपाल, अवधेश, राजकुमार, मनोज कुमार, हरिओम, रामसिंह, गीता देवी, कामता प्रसाद, लज्जा वती, रामप्रताप, रचना देवी, नीतू देवी, सोमपाल, कमला देवी, पुष्पा देवी, विमला देवी, अरविंद कुमार सहित तमाम ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। शासन के निर्देश पर पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर पैमाइश शुरू की। इस दौरान तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर मौजूद रही।

# समाज उत्थान, मनोरंजन, शिक्षा, विज्ञान का समन्वयक रोटरी शरद मेला- डॉ.आस्था अग्रवाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

विगत दिवस रोटरी शरद मेला का उद्घाटन पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने किया आपने कहा रोटरी क्लब समाज सेवा के साथ-साथ जनता का मनोरंजन उसमें भी शिक्षाप्रद एवं विज्ञान सेवा के कार्यक्रमों को करवा कर बच्चों और बड़ों में एक उत्साह का वातावरण पैदा कर रहा है, मुख्य अतिथि के साथ नौगमा पकड़िया की अध्यक्ष सुरेंद्र कौर ने भी रोटरी क्लब मेले की भूरी भूरी प्रशंसा की।

बुधवार के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के



जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

आज हास्य कवि सम्मेलन, मैजिक शो ने धूम मचाई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा फैशन शो से कायल हुई जनता, आज रोटरी शरद मेला में स्टेज पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कवियों में श्री चेतन चर्चित, अवधेश द्विवेदी, विकास कौशल, रिचा एवं विकास आर्यन धूम मचा दी, रोटरी मेला के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अनिल सक्सेना, रवि देव शर्मा एवं डॉ मनोज गुप्ता ने संयुक्त वक्तव्य में बताया की मैजिक शो के अतिरिक्त आज स्टेज का विशेष आकर्षण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता थी, फैंसी ड्रेस में जूनियर में प्रथम कीर्ति अग्रवाल. द्वितीय अवानी श्रीवास्तव. तृतीय गौरवी अरोड़ा, सीनियर में आध्या अग्रवाल. द्वितीय पूर्ण अग्रवाल. तृतीय पावनी अरोड़ा रहे। फेस पेंटिंग का आकर्षक दिखते ही बनता था सीनियर ग्रुप में विजेता रहे प्रथम सुगंध. द्वितीय अर्चना. तृतीय ईश्ता जूनियर में डिंपी फर्स्ट, अरुण यादव सेकंड रहे फेस पेंटिंग प्रतियोगिता अद्भुत रही कोई भगवान बना तो कोई यमराज देखते ही बनता था बच्चों के चेहरे उनके मां-बाप भी नहीं पहचान पाए इसके अतिरिक्त कैस सज्जा में सीनियर में आशीष उस्मानी प्रथम निधि शर्मा द्वितीय रणदीप कौर तृतीय जूनियर में आशिक कश्यप प्रथम श्रेया गंगवार द्वितीय अन्या श्रीवास्तव तृतीय रहे, आज रंगोली में विषय था अंतरिक्ष रंगोली की निर्णायक मंडल में शशि मेंनी स्मारिका गुप्ता थी रंगोली में स्प्रिंग डेल स्कूल प्रथम चिरंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय. ज्ञान इंटरनेशनल तीसरा प्राप्त स्थान प्राप्त किया। आज रोजाना होने वाली हाउजी में आज सर्वेश कुमार मोहल्ला तोलाराम ने बाजी मारी।। आज कार्यक्रम में मेला संयोजक अंशुल अग्रवाल डॉक्टर प्राजंल अगरवाल, परविंदर सिंह सहमी के अतिरिक्त अजीत बाजपेई, पारुल अग्रवाल, डॉक्टर रोहित, आशा सिंह, कपिल अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल शालिनी गुप्ता संदीप पुरी डॉक्टर शोभित, डॉक्टर शिल्पी सेठ, नेहा भसीन, डॉक्टर राकेश गुप्ता, रितु गुप्ता, पूजा कोहली, महिमा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, आदि रोटेरियन एवं एनीज मौजूद रहे।

# युगों युगों तक याद किए जाएंगे पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह- नफीस अहमद अंसारी





■ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर सपा कार्यालय पर शोक सभा हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को समाजवादी जिला कार्यालय पर भारतीय राजनीति के एक आदित्तीय नेता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्व विख्यात अर्थशास्त्री एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सरदार मनमोहन सिंह के दुखद निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई एवं उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई सपा जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सरदार मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि सरदार मनमोहन सिंह का निधन भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लिए एक पुण्य क्षति है हमारे देश ने एक महान नेता व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री को दिया है जिसकी भरपाई किसी भी प्रकार से संभव नहीं है सरदार मनमोहन सिंह विद्वान व बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे पंजाब के एक छोटे से गांव में जन्म लेकर भारतीय राजनीति ही नहीं बल्कि विश्व की राजनीति की क्षितिज पर अपना स्थान बनाने वाले अद्भुत प्रतिभा के धनी थे पूरा देश आज उनके निधन से गमगीन है उनका योगदान भारत के प्रति हमेशा भारतवासियों के हृदय में रहेगा एवं आगे आने वाली सरकारी हमेशा उनके आर्थिक सुधारो को मार्गदर्शक सिद्धांत मानते हुए उनका अनुसरण करती रहेगी।

शोक सभा में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,

सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट,

युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू, सपा अधिवक्ता सभा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट सहित तमाम नेता मौजूद रहे।

# एसएसआइ को सस्पेंड किए जाने के बाद शव का हुआ अंतिम संस्कार

■ चार दिनों के भीतर आरोपितों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने वकील

जन एक्सप्रेस । विपिन तिवारी

**शाहगंज।** खुटहन थाना क्षेत्र के उचैना मजरा निवासी युवा अधिवक्ता का मनबढ़ पड़ोसियों की पिटाई से हुई मौत के मामले में शव घर रख आरोपितों की गिरफ्तारी तथा एसएसआई को तत्काल सस्पेंड किए जाने की मांग पर स्वजनों संग अड़े बार एसोसिएशन के पदाधिकारी गण मौत के दूसरे दिन भी शव दाह से इन्कार कर रहे थे। क्षेत्राधिकारी के आश्वासन तथा पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर दरोगा को सस्पेंड किए जाने की पुष्टि के बाद शव का सुतौली घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। वकीलों ने चार दिन के भीतर सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग किया। ऐसा न होने पर पुलिस के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दिया। गांव निवासी व दिवानी न्यायालय के अधिवक्ता मनोज सिंह को भूमि विवाद को लेकर गत 23 दिसंबर को पड़ोसी सांवले सिंह, रितिक सिंह, अजय, नीरज, पंकज व युवराज सिंह के द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई थी। आरोप है कि उन्हें जबरन जहरीला पदार्थ भी पिला दिया गया था। जिसका मृत्यु पूर्व एक बीडीओ भी एडवोकेट के द्वारा इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया था। वाराणसी में उपचार के दौरान गुरुवार को मनोज सिंह की मौत हो गई। खबर लगते ही वकीलो में आक्रोश छा गया। मृतक के घर दिवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष यादव, महामंत्री मंत्री रणबहादुर यादव व संयुक्त मंत्री उस्मान अली सहित दर्जनों अधिवक्ता पहुंच गए। देर रात वाराणसी से घर पहुंचे शव को रख वे आरोपितों पर कार्रवाई पर अड़ शव दाह करने से मना करने लगे। मौके पर मौजूद एसडीएम शाहगंज राजेश चौरसिया व क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने उन्हें समझाने में जुटे रहे। लेकिन वे एसएसआई को तत्काल सस्पेंड करने तथा आरोपितों की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने फोन पर अध्यक्ष से बात की। बताया कि एसएसआई सकलदीप सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा दो आरोपित भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। शेष आरोपितों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया।

तब जाकर उनका आक्रोश शांत हुआ। बाद में शव का अंतिम संस्कार सुतौली घाट पर कर दिया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र सुभम ने दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता बनी जूही

जन एक्सप्रेस। बस्ती। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा गुरुवार देर रात राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता भर्ती का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हर्रैया विकासखण्ड के समौड़ी गांव निवासी जूही मिश्रा का चयन वनस्पति विज्ञान प्रवक्ता के पद पर हुआ है। वर्तमान में वह बिहार राज्य में प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। जूही के पिता अशोक कुमार मिश्र, बड़े भाई रवीश कुमार मिश्र तथा भाभी अनुराधा मिश्रा उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत हैं। जूही की प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई हर्रैया में हुई है। जबकि बीएससी, एमएससी तथा बीएड की शिक्षा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से प्राप्त किया है। जूही ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार वालों को देते हुए कहा कि संघर्ष लंबा रहा लेकिन वह इस सफलता से काफी खुश हैं और आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए सिविल सेवा में जाना चाहती हैं। परिवार के लोगों और शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर जूही को बधाई दिया। जूही की सफलता पर रामसुमति मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, महेन्द्र कुमार मिश्र, सरोज मिश्रा, उर्मिला मिश्रा, मधू मिश्रा, प्रेम शंकर ओझा, मनीष पाण्डेय, विवेक कान्त पाण्डेय, राजेश पाठक, अभिषेक मिश्र, शिल्पी मिश्रा, नेहा मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्र, गोलू, किशन, उत्तम, गोपाल, रौनक, अंकुर, रितिका, आद्यया आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### पलटा ई-रिक्शा, बुजुर्ग की मौत

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर-बाराबंकी। क्षेत्र में गुरुवार देर रात ग्राम शेखपुर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ई रिक्शा पलट गया। उस पर सवार बुजुर्ग इसके नीचे दब गए। परिजन उन्हे सीएचसी ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, घटना कोतवाली फतेहपुर के ग्राम वतिया क्षेत्र की है। जहां पर इसी गांव के निवासी देशराज रावत (60) वर्ष अपने परिवार के कमल किशोर का ई रिक्शा लेकर कुछ ही दूर मौजूद शेखपुर बाजार से सामान खरीदने गए थे। रात करीब आठ बजे अपने घर वापस आ रहे थे। तभी अचानक लौटते समय रास्ते मे तेज रफ्तार से जा रहे ई-रिक्शा ठेलिया से जा टकराया जिससे ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। वही दुर्घटना में बुजुर्ग देशराज इसके नीचे दब कर रह गए। आवागमन कर रहे राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर सीएचसी फतेहपुर पहुंचे। जहां पर मौजूद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विनोद पाल को समाजवादी पार्टी का अधिवक्ता सभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से सिंकदर यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा संयुक्त मंत्री अवध बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा विनोद कुमार पाल एडवोकेट को उन्नाव समाजवादी पार्टी का अधिवक्ता सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है मनोनीत होने पर उन्नाव के अधिवक्ता ने पार्टी का आभार प्रकट कर खुशी ज़हीर की एवं शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई दी व पी डी ए की सभी नीतियों को आगे बढ़ाने के साथ जन-जन तक पहुंचने में तथा 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में पूरी ताकत व सामर्थ के साथ पूरी ईमानदारी से काम करने का संकल्प लिया

### दो पक्षों में चलें लाठी डंडे

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिझलामऊ में एक कंपनी में काम करने वाले युवकों के बीच मामूली कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक को लाठी-डंडों और बेल्टों से पीटा गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। आसीवन थाना क्षेत्र के खानपुर कुरौली निवासी आफताब आलम ने बताया कि वह बिझलामऊ स्थित एक कंपनी में काम करता है। उसका कंपनी के कुछ कर्मचारियों से विवाद हो गया था। जब वह कंपनी से बाहर निकला, तो आरोप है कि हाईवे के किनारे कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों व बेल्टों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अंशू समेत तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और घायल आफताब को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### परसरामपुर पुलिस ने चोरी की बाइक समेत एक चोर को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। बस्ती। प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर दिनेश चंद्र चौधरी के नेतृत्व उ0नि0 सर्वेश कुमार चौकी प्रभारी घघौवा ने एक शातिर चोर राज सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम खम्हरिया सुजात थाना हरैया जिला बस्ती को अरजानीपुर धरमपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है।अभियुक्त से पूछताछ ने बताया कि उसने केशवपुर गांव से हीरो होंडा स्पेलेंडर चोरी किया था।शातिर अभियुक्त को परसरामपुर पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में उ0नि0 श्री सर्वेश कुमार चौकी प्रभारी घघौवा थाना परसरामपुर, हे0का0 जगतनाराण यादव का0 नितेश यादव, का0 सुशील मिश्रा शामिल रहे।

### रात के अंधेरे में अंबेडकर मूर्ति की स्थापना, दो पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर-बाराबंकी। कस्बा क्षेत्र के ग्राम पट्टी मजरे रसूलपनाह में गुरुवार देर रात सरकारी भूमि पर अंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर दी गई। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह तहसील प्रशासन मौके पहुंचकर मूर्ति को भूमि से हटा दिया गया। वही क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम पट्टी का है। जहां पर इसी गांव में पूरे गुलाम मोहम्मद में खलिहान की सुरक्षित भूमि पड़ी है। इस भूमि पर कुछ लोगों ने गुरुवार रात बिना प्रशासन की अनुमति अंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर दी। जिस पर सुबह स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिलते ही तरह तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। जिस पर ग्रामीणों ने मूर्ति रखने की सूचना एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल तहसीलदार वैशाली अहलावत, सीओ जगत राम कनौजिया के साथ राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी करने पर पता चला कि गांव के कुछ लोगों ने मूर्ति को स्थापित किया है। इसी के बाद प्रशासन ने अम्बेडकर प्रतिमा को सम्मानपूर्वक हटा दिया। इस संबंध में लेखपाल रेशू वर्मा की तहरीर पर चिन्हित दो लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान एसडीएम ने बताया, कि बिना अनुमति सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से रात में मूर्ति रखी गई थी। जिसे सम्मान पूर्वक हटा दिया गया है। और मामले की जांच की जा रही है।

### बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने चलाया प्रतिबंधित पोलीथीन जब्त अभियान



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर। बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु नगर पालिका परिषद बिल्हौर द्वारा आज दिनांक 27.12.2024 को अधिशाषी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा की अगुवाई में अभियान चलाया गया अभियान के दौरान छापेमारी कर लगभग 1 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई साथ ही 3200 का जुर्माना भी वसूला गया अभियान के दौरान नगर पालिका द्वारा सभी को प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने की सलाह दी गई अभियान में अजय कुमार (लिपिक), ओंकार सिंह (वरिष्ठ लिपिक), शिवम सैनी, आरिफ, इमरान, फिरोज आलम आदि कर्मचारी रहे।

# अतिक्रमणकारियों ने ईओ से की अभद्रता

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार अपराह्न 3 बजे से बालूघाट थाना गेट से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। पालिका कर्मियों की भारी संख्या ने जेसीबी की मदद से फुटपाथ से लेकर नालों तक फैले अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया। अभियान के दौरान एक अप्रिय घटना हुई, जब एक गुमटी मालिक ने ईओ के साथ अभद्र व्यवहार किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जब पालिका कर्मी थाना गेट के पास नाले पर रखी एक बैंड बाजा के सामान की लोहे की गुमटी को हटाने लगे, तो गुमटी मालिक आगबबूला हो गया। और गाली-गलौज पर उतर आया, साथ ही घर की महिलाओं के साथ मिलकर ईओ मुकेश मिश्रा के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब युवक ने ईओ को मारने के लिए ईंट तक उठा ली। ईओ मिश्रा ने अपनी सुरक्षा को खतरे में देखते हुए तत्काल थाना पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने अभद्रता करने वाले युवक को हिरासत में लेकर थाने के अंदर ले गई। इस दौरान युवक के परिवार वाले किसी तरह गुमटी को वहां से हटाने में सफल रहे। इस घटना के बाद भी पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा। टीम दुर्गा मंदिर से लेकर सुभाष नगर मोड़ और वहां से वापस होकर निपाट मार्केट तक पहुंची और अतिक्रमण हटाया। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के दौरान लगभग तीन दर्जन अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान शनिवार को भी जारी रहेगा। इस घटना ने अतिक्रमण की समस्या और उसे हटाने के दौरान आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। एक ओर जहाँ पालिका प्रशासन शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा इस तरह के अभियानों का विरोध और कानून व्यवस्था का उल्लंघन चिंता का विषय है। इस घटना के बाद पालिका प्रशासन और भी सख्ती से अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई कर सकता है। पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सदर विधायक का हुआ भव्य स्वागत



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शुक्लागंज। नगर का पोनी रोड मार्ग, जो कई वर्षों से गड्ढों में तब्दील था, अब सदर विधायक के प्रयासों से नए सिरे से बनेगा। शासन द्वारा सड़क के चौड़ीकरण की मंजूरी मिलने के बाद, शुक्रवार को नगर आगमन पर विधायक का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की। पोनी रोड जो कि थाने तिराहे से लेकर पोनी गांव होते हुए आजाद मार्ग तक जाती है, 11 करोड़ 68 लाख 12 हजार रुपये की लागत से चौड़ी की जाएगी। लंबे समय से लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए स्टीमेट की फाइल शासन में अटकी हुई थी, जिससे सड़क का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सदर विधायक ने दोबारा फाइल भेजी और शासन से इसकी मंजूरी प्राप्त की। जैसे ही इस खबर का पता चला, खस्ताहाल सड़क से रोजाना सफर करने वाले हजारों स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। शुक्रवार को जब विधायक नगर पहुंचे, तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। अंबिकापुरम के पास पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि गोल्डी गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ विधायक को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसी तरह, पोनी रोड पर सुरेश चन्द्र शुक्ला, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, धीरज सिंह, उमेश तिवारी, सभासद अभिषेक शुक्ला, सुरेन्द्र गुप्ता, संजय गुप्ता, हरीश शुक्ला, नीरज अवस्थी,विजयराज सिंह,संजीव सिंह समेत और अन्य कई लोगों ने विधायक को मालाएँ पहनाईं और उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए। सदर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और उन्हें रोजमर्रा की परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने इस परियोजना को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस खबर से स्थानीय निवासियों में उत्साह का माहौल है और वे जल्द ही नई सड़क पर सफर करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## चिकित्सकों ने आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक तरीकों के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन लखनऊ द्वारा चिकित्सकों के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां आपातकालीन स्थिती में आये गंभीर रूप से घायल अथवा बीमार रोगियों की स्थिती का बेहतर आंकलन कर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के प्रति जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएचसी, पीएचसी समेत निजी क्षेत्र के चिकित्सक भी मौजूद रहे।कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आईएससीसीएम की लखनऊ ब्रांच द्वारा आपातकालीन स्थिती में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ तन्मय घटक एसोसिएट प्रोफेसर एसजीपीजीआई लखनऊ ने कार्यशाला में आये डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत कर संस्था के उद्देश्यों की जानकारी दी। डॉ मेजर विशाल अरोरा प्रोफेसर सरस्वती मेडिकल कॉलेज ने गंभीर हालत में आये मरीजों को दी जाने वाले बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में बताया। एनेस्थिसियोलॉजी विभाग से डॉ राघवेन्द्र ने आपातकालीन स्थितियों में मुख्यतः दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल मरीजों की स्थिती का बेहतर आंकलन कर तत्काल बेहतर उपचार देने के तरीकों पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में आपातकालीन स्थितियों में आने वाले मरीजों की हालत का बेहतर आंकलन व उसे तत्काल उपलब्ध कराये जाने वाले उपचार के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। जिसमें सड़क दुर्घटना, पक्षाघात, आपातकालीन उपचार के दौरान जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार आदि के बारे में चर्चा की गयी। कार्यशाला में एसीएमओ डॉ एच एन प्रसाद, डॉ एस ए नदीम, डॉ शिवम श्रीवास्तव, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ वसीम, डॉ दीपक सिंह, डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ जगदीश प्रसाद, एआरओ गौरी गुप्ता, बीपीएम मलखान सिंह, प्रशांत दीक्षित समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मुस्लिम दलितों का आरक्षण छीना: वसीम राईन

- ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कांग्रेस को बताया पसमांदा मुसलमान विरोधी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कॉंग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी को पिछड़ों में सिर्फ़ हिन्दू ओबीसी ही दिखते हैं इन्हें देश के कुल 52 प्रतिशत ओबीसी में करीब 13 प्रतिशत पिछड़े मुसलमान यानी पसमांदा मुसलमानों से कोई मतलब नहीं हैं। यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मुस्लिम पिछड़े 10 अगस्त 1950 के पहले दलित वर्ग में थे और अन्य धर्मों के अनुसूचित जाति की तरह इन्हें भी एससी आरक्षण का लाभ मिलता था जिन्हें तत्कालीन कॉंग्रेस/नेहरू सरकार ने, तत्कालीन मुस्लिम समाज के मौलाना आजाद, मदनी, बुखारी, फिरंगी, नदवी जैसे ताकतवर सियासी और मजहबी रहनुमाओं से मिलीभगत करके दलित आरक्षण में धार्मिक प्रतिबंध लगाकर, मुस्लिम दलितों (अछूतों) को इस आरक्षण से बाहर कर दिया था। हकीकत में आजादी के बाद इन मुसलमानों को कॉंग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं दिया। पहले धार्मिक प्रतिबंध लगाकर इनसे दलित आरक्षण का अधिकार छीना और अब इन्हें पिछड़ा नहीं, सिर्फ मुस्लिम मानकर, इन्हें अपनी पार्टी के सत्ता और संगठन में भी कोई हिस्सेदारी देने को तैयार नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दलितों से बदतर हालात में पहुंच चुके मुस्लिम पिछड़ों और दलितों यानी पसमांदा की आवाज़ उठाकर, ना सिर्फ इसे एक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया, बल्कि मुस्लिम पिछड़ों को अपने राष्ट्रीय संगठन, राज्यसभा, एमएलसी, उप्र में मंत्री, निगमों व आयोगों में चेयरमैन आदि बनाकर एक बेहतर हिस्सेदारी की शुरूआत की।

## 'शिक्षा में किसी प्रकार विभेद नहीं रखते थे रामचरित्र'

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



वरिष्ठ पत्रकार श्रीनिवास त्रिपाठी के पिता राम चरित्र तिवारी का गुरुवार की देर शाम निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व राम चरित्र तिवारी पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे। कुछ वर्ष पूर्व वह सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए थे, जिसके बाद वह अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सके। गुरुवार को अचानक सांस की परेशानी के चलते राजधानी लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसे ली। शुक्रवार को राजकमल रोड स्थित कमरियाबाग में छोटे बेटे मयंत त्रिपाठी ने उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया। निधन की खबर से दुःखी गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने स्व. राम चरित्र तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शर्मा ने स्वर्गीय राम चरित्र तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र श्रीनिवास त्रिपाठी एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। शर्मा ने कहा कि स्व राम चरित्र तिवारी पुरोहित होने के साथ ही ज्योतिषाचार्य भी थे। इसके अलावा वह प्रधानाध्यापक रहते हुए शिक्षा में किसी प्रकार विभेद नहीं रखते थे। वह अपने ज़माने में जनसंघ से जुड़ी राष्ट्रवादी विचारधारा के बड़े झंडाबरदार थे, उनके विचार बहुत स्पष्ट और खुले हुए थे। स्वर्गीय राम चरित्र तिवारी ने यशस्वी जीवन जिया। उन्होंने अपने सुदीर्घ जीवन में अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ ही सार्वजनिक जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया है। श्री शर्मा ने कहा कि स्व राम चरित्र तिवारी के साथ उनके निजी संबंध थे और उनकी कमी हमेशा उन्हें खलती रहेगी। वह एक निष्ठावान, ईमानदार और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने अपने बच्चों को मानवता और प्रेम के साथ समर्पण और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया, जो उनके अब न रहने के बावजूद ज़माने को छाँव देता रहेगा। स्व राम चरित्र तिवारी के निधन पर समाजसेवी विनय कुमार सिंह, शिवशंकर शुक्ला, अशोक शुक्ला, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, रणंजय शर्मा, श्रुतिमान शुक्ला, पाटेश्वरी प्रसाद, साकेत संत मौर्य, अशोक जायसवाल, सभासद अश्वनी शर्मा, राजेश यादव, पत्रकार संतोष शुक्ला, मनीष सिंह, अंकित मिश्रा, राहुल त्रिपाठी, शिवम सिंह, मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रकान्त मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल देव कुशुमेश, नवीन सिंह, सुशील पाण्डेय आदि ने शोक जताया है।



## डॉ मनमोहन सिंह ने सिख कौम का मान बढ़ाया: चरनजीत सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से पूरा राष्ट्र दुखी है और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना सभाएं कर रहा है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा द्वारा आयोजित शोकसभा में सिख महिलाओं, बच्चो और सिख समाज के लोगों ने डॉ मनमोहन सिंह के नाम पर अरदास कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार को लाजपत नगर स्थित गुरूद्वारा में अरदास कर सरदार मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। इस मौके पर सदस्य चरनजीत सिंह ने डॉ मनमोहन सिंह को आर्थिक सुधारों का जनक और अपूरणीत क्षति बताया। शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने सिख कौम का मान बढ़ाया और अपनी साफ छवि से दो बार देश के प्रधानमंत्री का कार्यकाल पूरा किया। उन्हें अनेकों उपाधियों से नवाजा गया जो सिख कौम के लिए गर्व की बात है। उनकी यादें हमेशा साथ रहेगी। वाहेगुरू से अरदास करते हैं उनको अपने चरणों में निवास दें और परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। अरदास में सरदार प्रेमपाल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सरदार राजदीप सिंह, सरदार रणबीर सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, ज्ञानी सरदार तीरथ सिंह, रंजीत कौर, डिंपल कौर, धर्मवीर सिंह, रंजीत सिंह, सरदार अमरीक सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

## नवाब सिंह के होटल की सील खुलवाने को डीएम से मिले वकील

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव के होटल को लेकर उनके वकीलों और अधिकारियों में खींचतान शुरू हो गई। होटल सील किए जाने के बाद वकीलों ने कोर्ट से होटल को सील मुक्त कराने का आदेश करवा लिया। 3 दिन बाद भी होटल नहीं खोला गया तो वकील कलेक्ट्रेट पहुंच गए और कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुई होटल खुलवाने की डीएम से मांग की। तिर्वा में सपा नेता नवाब सिंह यादव का 11 करोड़ की लागत वाला आलीशान होटल है। रेप और गैंगस्टर की कार्यवाही के बाद 21 दिसम्बर को उनके होटल को प्रशासन ने कुर्क करते हुए सील कर दिया था जबकि नवाब सिंह यादव के वकीलों ने होटल पर कार्यवाही के खिलाफ कोर्ट का स्टे होने की बात कहते हुए विरोध किया था। नवाब सिंह यादव के भाई सुदर्शन यादव कोर्ट चले गए और 24 दिसम्बर को सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां से होटल को सीलमुक्त कराने का आदेश ले आए।

## 14 वर्ष के वनवास में श्रीराम प्रमुख रूप से 17 जगह रुके: जगतगुरुदिनेशाचार्य जी महाराज

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर कस्बे में श्री बनखंडेश्वर मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा के आठवें दिन अयोध्याधाम से पधारे जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास काल में विभिन्न जगहों के विषय में जानकारी दी। इस वनवास काल में श्रीराम ने कई ऋषि-मुनियों से शिक्षा और विद्या ग्रहण की, तपस्या की और भारत के आदिवासी, वनवासी और तमाम तरह के भारतीय समाज को संगठित कर उन्हें धर्म के मार्ग पर चलाया। जटायु उद्धार की कथा भावुक कर देने वाली रही। जहां आचार्य ने कहा कि भगवान ने कभी जातिवाद नहीं किया। सबको साथ लेकर चले। सभी पात्रों का उद्धार किया। संपूर्ण भारत को उन्होंने एक ही विचारधारा के सूत्र में बांधा, लेकिन इस दौरान उनके साथ कुछ ऐसा भी घटा जिसने उनके जीवन को बदल कर रख दिया। रामायण में उल्लेखित और अनेक अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार जब भगवान राम को वनवास हुआ तब उन्होंने अपनी यात्रा अयोध्या से प्रारंभ करते हुए रामेश्वरम और उसके बाद श्रीलंका में समाप्त की। इस दौरान उनके साथ जहां भी जो घटा उनमें से 200 से अधिक घटना स्थलों की पहचान की गई है। भगवान राम अयोध्या से बन गमन की यात्रा करते हुए तमसा नदी, श्रृंगवेरपुर तीर्थ, कुरई गांव (सिंगरौर में गंगा पार कर श्रीराम कुरई में रुके थे), प्रयाग, चित्रकूट, सतना, दंडकारण्य, पंचवटी नासिक, सर्वतीर्थ, पर्णशाला (आंध्रप्रदेश में खम्माम जिले के भद्राचलम में स्थित है), तुंगभद्रा, शबरी का आश्रम, ऋष्यमूक पर्वत (हनुमान और सुग्रीव से भेंट की), कोडीकरई, रामेश?वरम, धनुषकोडी, नुवारा एलिया% पर्वत श्रृंखला तक गए। बीते दिन आचार्य द्वारा ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचने और हनुमान मिलन तक की कथा का रसपान कराया। आरती के पहले बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, अधिवक्ता ठा अजीत सिंह राजावत, अमित श्रीवास्तव, आशीष सिंह, महेंद्र कुशवाहा,विजय तिवारी, बिल्हौर नगरपालिका के भावी चेयरमैन सुमित गुप्ता भी पहुंचे और जगतगुरु संत श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दुबियाना गांव में घर के बाहर पड़ा मिला किसान का शव, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर के एक दुबियाना गांव में शुक्रवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का उसके घर के बाहर रक्त रंजित शव पड़ा मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की. मौके पर पहुंचे मृतक के भाई ने बेटी से प्रेम संबंधों का विरोध करने पर पड़ोसी युवक द्वारा हत्या करने का आरोप लगाया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दुबियाना गांव निवासी किसान पत्नी की मौत के बाद अपनी नाबालिग बेटी के साथ रहता था। शुक्रवार सुबह किसान का घर के बाहर रक्त रंजित शव पड़ा मिला आस पड़ोस के लोगों ने सुबह जानकारी होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी घटना की खबर मिलते ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी सहित कई अधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और घटना की जांच पड़ताल शुरू की सूचना पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए।

### बेटी से आशनाई के विरोध में चली गई जान

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचा मृतक का भाई वर्तमान में मंधना कानपुर में निवास करता हैं. उन्होंने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले हिमांशु पुत्र निर्मल का उनके घर आना जाना था और उसका उनकी भतीजी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. जिसका उनके भाई विरोध करते थे. उन्हें आशंका है कि दोनों के बीच अनैतिक संबंधों का विरोध करने पर हिमांशु ने उनके भाई की हत्या कर दी. उन्होंने मृतक को छत से फेंक हत्या किए जाने की भी आशंका जताई. वहीं घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी रहीं।थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया के बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. घटना की जांच पड़ताल करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पंजाब में बस नाले में गिरी आठ की मौत, 35 घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंजाब**



**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं, करीब 35 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद यहां चीख पुकार मच गई। घायलों को तलवंडी साबो के अस्पताल में पहुंचाया गया है। वहीं कुछ घायलों का इलाज सिविल अस्पताल बठिंडा में चल रहा है। शुक्रवार दोपहर सरदूलगढ़ से लोकल सवारियों को लेकर 52 सीटर निजी बस सरदूलगढ़ से बठिंडा के लिए रवाना हुई थी। बस तलवंडी साबो से सवारी लेकर जैसे ही गांव जीवन सिंह वाला से कुछ दूरी पर भांगीबांदर के पास से गुजरने वाले गंदे नाले के पास पहुंची तो यहां सुबह से हो रही बारिश के कारण सड़क पर भरी गाद की वजह से फिसलन होने से नाले में जा गिरी। सड़क पर फिसलन होने के कारण चालक बस को कंट्रोल नहीं कर सका व बस नाले में गिर गई। इसके चलते बस में सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य करीब 35 सवारियां गंभीर घायल हुई हैं। चीखे सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन के साथ सामाजिक संस्थाओं को सूचित कर घायलों को बस से बाहर निकालने का काम शुरू किया। इस दौरान आठ मृतकों को बाहर निकालने के साथ करीब 35 अन्य घायल सवारियों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पतालों में पहुंचाकर उपचार शुरू करवाया गया है। पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे व उन्होंने राहत कार्यों का जायजा लेने के साथ दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही जहां सबसे पहले आसपास के लोग मदद करने के लिए पहुंचे। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

### इलाके में शोक की लहर

डिप्टी कमिश्नर बठिंडा शौकत अहमद परे, एसएस पी बठिंडा अमनीत कौंडल समेत पूरा प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा और उनकी देखरेख में राहत और बचाव कार्य चलाया गया। जहां कुछ घायलों को तलवंडी साबो के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो वहीं गंभीर रूप से घायलों को बठिंडा भेज दिया गया। इस हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। वहीं डिप्टी कमिश्नर बठिंडा ने इस हादसे पर दुख जताया और हादसे में जान गवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

सूत्रों ने बताया कि उक्त बस हादसे में फिलहाल आठ लोगों की मौत हुई है, लेकिन उक्त हादसे में मृतकों की संख्या आठ से ज्यादा होने की संभावना बताई जा रही है। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन द्वारा मृतकों संबंधी किसी तरह की कोई पुष्टि नहीं की गई।

# समाधान दिवस की गंभीरता को समझें अधिकारी : अतुल वत्स

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



मानचित्र समाधान दिवस को अधिकारी गंभीरता से ले और नागरिकों को इसका लाभ मिले इसके लिए आवश्यक कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। यह बाते गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने मानचित्र समाधान दिवस पर कही। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने मानचित्र स्वीकृत के समय सीमा पर भी नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। और जीडीए सचिव इसकी समीक्षा करें। समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा लगाई गई आपत्तियों का पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रपत्रों से मिलान कर सवाल जवाब किया और कुछ बिंदुओं पर असहमति के बाद निस्तारण के निर्देश और नियमानुसार समयानुसार करने की बात पर जोर देने को कहा। इस अवसर पर बिल्डरों के 3 नक्शों को स्वीकृत भी किया गया। जीडीए उपाध्यक्ष ने यूपीओबी पास पर स्वीकृत किए जा रहे मानचित्र एवं अन्य मुद्दों पर सुनवाई के लिए बिल्डरों से लेकर अन्य लोगों के केस सुनकर उनका निस्तारण किया। जिन बिल्डरों अथवा संस्थान के मानचित्र समीक्षा बैठक में ही स्वीकृत हुए उनमें अजनारा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का राजनगर एक्सटेंशन , डॉ कौशल्या मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राज नगर एक्सटेंशन के सद्दीक नगर में और ऋषभ बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंदिरापुरम में बहुमंजली इमारत बनाने का निस्तारण हुआ। बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार, मुख्य नगर नियोजक अरविंद कुमार सहित मानचित्र विभाग के सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारी बरसात और ठंड ने बदला मौसम का रुख



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

बदले मौसम और भारी बरसात से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। हवाओं के साथ बारिश ने ठंड बढ़ा दिया है। बारिश और हवाओं से सबसे ज्यादा परेशान स्कूली बच्चे हुए। भारी बारिश और सड़कों पर जमा पानी मुसीबतों को बढ़ाने वाला साबित हुआ। जिसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक भी भारी रहा। सुबह से लगातार हुई भारी बारिश से आम आदमी के साथ साथ दैनिक मजदूरी करने वालों को भी भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। घरों में बिजली की आपूर्ति की आवाजाही के बीच हीटर और इलेक्ट्रानिक यंत्र ठंड के खिलाफ सहारा बना तो गरीब और मजदूर कोयला और सुखी लकड़ियों के सहारे ठंड से बचाव के इंतजाम में लगे रहे।



## विशेष जांच अभियान की शुरुआत 413 वाहन का हुआ चालान, 3 हुए सीज

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तत्वाधान में जनपद में नववर्ष के दृष्टिगत चलाया गया विशेष अभियान के शुरुआत हो गई है। 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलाए जाने अभियान के पहले ही दिन ही पुलिस ने 3 हजार से अधिक व्यक्तियों के 1821 वाहनों की जांच करके 413 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान किया है। जबकि 3 वाहनों को सीज किया गया। ज्ञात हो कि नववर्ष के आयोजन को लेकर बड़ी तैयारियों की शुरुआत बाज़ार में हो गई है। सुरक्षा और शांति के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस ने भी एहतियात के तौर पर अपनी निगाहे माल से लेकर रेस्टुरेंट और बार पर भी गड़ा दिया है। इतना ही नहीं शराब पीकर गाड़ी चलाने अथवा हुड़दंग करने की हिमाकत करने वालो के खिलाफ भी पुख्ता तैयारी कर लिया है।

## दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू होने का रास्ता साफ, पांच लाख रुपये तक का इलाज होगा मुफ्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली वालों को जल्द ही आयुष्मान योजना को लेकर बड़ी खबर मिल सकती है। दिल्ली में आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक के इलाज को हरी झंडी मिल सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से उस करार पर आगे बढ़ने के लिए कहा है जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए केंद्र से धन आवंटित किया गया है। विभिन्न राज्यों को यह धन आवंटित किए गए थे जिससे वे अपनी मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी कर सकें और लोगों का आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज कर सकें।

लेकिन चूंकि दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू नहीं है, और इस योजना के अंतर्गत धन लेने से एक तरह से दिल्ली सरकार को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लोगों को इलाज की अनुमति देनी पड़ सकती थी, माना जाता है कि इससे बचने के लिए दिल्ली सरकार अब तक इस योजना पर आगे बढ़ने से इनकार कर रही थी। लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि अब दिल्ली सरकार को इस योजना पर आगे बढ़ना पड़ेगा। लोगों के स्वास्थ्य सेवा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जानकारी के अनुसार, आचार संहिता लग जाने की स्थिति में भी दिल्ली सरकार को इस योजना पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली में आयुष्मान योजना को न लागू करने को लेकर भाजपा दिल्ली सरकार पर हमलावर थी। उसका आरोप था कि अरविंद केजरीवाल-आतिशी मारलेना सरकार दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दे रही है जिससे दिल्ली के लोगों को बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है क्योंकि लोग पांच लाख रुपये तक के इलाज से वंचित हो जा रहे हैं। भाजपा का आरोप था कि केजरीवाल सरकार इस योजना को केवल राजनीतिक रंजिश के कारण लागू नहीं होने देना चाहती है क्योंकि इससे भाजपा को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## पीपीआई के जरिए यूपीआई भुगतान को आरबीआई ने दी हरी झंडी, पूर्ण केवाईसी होना अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को प्रीपेड भुगतान उपकरण धारकों को थर्ड पार्टी मोबाइल एप्लीकेशन जरिए यूपीआई भुगतान करने और प्राप्त करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन पर पूर्ण-केवाईसी रहने पर प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) से/तक यूपीआई से भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। परिपत्र में कहा गया है, पीपीआई जारीकर्ता अपने ग्राहक पीपीआई को अपने यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम बनाएगा। जारीकर्ता के आवेदन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई क्रेडेंशियल का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा। इस प्रकार, ऐसा लेनदेन यूपीआई प्रणाली तक पहुंचने से पहले ही पूर्व-अनुमोदित हो जाएगा। आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में पीपीआई जारीकर्ता को किसी भी बैंक या किसी अन्य पीपीआई जारीकर्ता के ग्राहकों को अपने साथ नहीं जोड़ा जाना जोड़ना चाहिए। आरबीआई के इस निर्णय का उद्देश्य गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई धारकों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

## ढाई महीने के बाद खत्म हुआ इंतजार, रेलवे बोर्ड ने की 23 नए मंडल रेल प्रबंधकों की नियुक्ति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



रेलवे बोर्ड ने करीब ढाई महीने के इंतजार के बाद 23 मंडल रेल प्रबंधकों की नियुक्ति कीं। ये नियुक्तियां गुरुवार से प्रभावी हुईं। मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) का काम किसी एक रेल मंडल की जिम्मेदारी देखना होता है। डीआरएम का कार्यकाल आमतौर पर दो साल का होता है, जिसके बाद उन्हें क्षेत्रीय मुख्यालय में किसी समकक्ष या पदोन्नति वाले पर ट्रांसफर कर दिया जाता है। बोर्ड ने संबंधित जोनों के महाप्रबंधकों को 23 अलग-अलग आदेश जारी किए हैं और उन्हें मौजूदा मंडल रेल प्रबंधकों के स्थान पर नए मंडल रेल प्रबंधकों की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी है। कुछ अधिकारी पिछले दो महीने से अधिक समय से मंडल रेल प्रमुखों की नियुक्ति में देरी पर चिंता जता रहे थे। दो साल का कार्यकाल खत्म होने पर ये नई नियुक्तियां समय पर होनी चाहिए थी। लेकिन इस बार इस प्रक्रिया में देरी हुई। कुछ मंडल रेल प्रबंधकों ने पीटीआई से देर करते हुए कहा कि यह देरी उनके कामकाजी माहौल और परियोजनाओं को प्रभावित कर सकती थी। खासतौर पर नई परियोजनाओं को शुरू करने में दिक्कत हो सकती थी। रेलवे बोर्ड ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मंडल रेल प्रबंधकों की नियुक्ति में देरी का कामकाजी दक्षता से कोई संबंध नहीं है। बोर्ड के अधिकारियों ने यह भी कहा कि नई नियुक्तियों के आदेश कुछ दिनों में जारी कर दिए जाएंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि ये नियुक्तियां एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा थीं।

### ढूँढ़ रहा हूँ मैं......!

ढूँढ़ रहा हूँ मै....आजकल....
बिन मतलब के....
झूठ-साँच बोलने वाले...
नमक-मिर्च लगाकर....!
बातें पारोसने वाले....
अलबेले-वाचाल-बड़बोले...
सच कहूँ तो....!
नाना के सामने नानी के
गुणगान करने वाले....बातूनी...
साथ ही...ढूँढ़ रहा हूँ...
कुछ किस्सा-कहानी...
हरदम कहने वाले...
अकसर नादानी करने वाले...
निश्छल से मुखौटों को....!
जिनसे मैं पूछ सकूँ....
गिनती वाली इकाई और दहाई,
जिनसे कभी-कभार मँगा सकूँ,
खरबिरई-घरेलू दवाई....!
जो जानता न हो कोई पहाड़ा...पर...
पढ़ाये हमे बात-बात पर पहाड़ा...
जिसको इमला बोलकर लिखा सकूँ,
कठिन शब्दों से परिचय करा सकूँ...
दो छड़ी की मार दे सकूँ....
कभी कान...कभी गाल....!
कर सकूँ मैं लाल.....
जिसको सुना सकूँ परियों की कहानी
जिसे सुनते-सुनते...अनायास ही...
उसे आ जाए नींद सुहानी....
यही नहीं....ढूँढ़ता हूँ मैं....
उद्दण्ड,नटखट मनशोख और,
झट से पेड़ पर चढ़ने वाले.....
बिना कुछ सोचे-समझे....
अपना दोष दूसरे पर मढ़ने वाले....
जिनके प्रश्न....उत्तर से बड़े हों....
समस्या का हल....बेहद सरल हो...
कुछ हास-परिहास से भरे हों....
मतलब.....!
अल्हड़-अलमस्त कुछ आवारा से
कुछ पूछने में...झट से बने बेचारा से
अनगढ़-निश्छल-निर्दोष शिष्यों को..
जिन्हें निश्चय ही मैं....!
बहुत कुछ सिखाऊँगा.....
ज्ञान की पवित्र गंगा में,
डुबकी इन सबकी लगवाऊँगा...
सच मानो मित्रों.....!
इसी बहाने ब्रह्मराक्षस की पीड़ा से
निजात भी मैं पाऊँगा...फिर तो...!
मिलने लगेगी मुझे माला दर माला...
लोग कहने लगेंगे मुझको....
अद्भुत शिल्पी....अद्भुत कुम्हार....!
इन पगलों को गढ़ने वाला....
अद्भुत शिल्पी....अद्भुत कुम्हार....!
इन पगलों को गढ़ने वाला....



**-जितेन्द्र कुमार दुबे**
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

## अंतरिक्ष में 24 प्रयोग करेंगे स्टार्ट-अप्स और निजी कंपनियां, इसरो की इकाई इन-स्पेस की नई पहल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अंतरिक्ष प्राधिकरण इन-स्पेस ने एक नई पहल शुरू की है, जिसके तहत स्टार्ट-अप्स और निजी कंपनियों को अंतरिक्ष में प्रयोग करने का मौका मिलेगा। दरअसल, सोमवार को दो उपग्रहों को लॉन्च करने के बाद पीएसएलवी रॉकेट कक्षा (ऑर्बिट) में रहेगा। इसका चौथा चरण इन प्रयोगों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस दौरान कुल 24 प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से 14 प्रयोग इसरो और 10 प्रयोग गैर-सरकारी संस्थाएं करेंगी।

### क्या होंगे प्रयोग?

इस पहल के तहत अंतरिक्ष में बीजों के अंकुरण (गर्मियों में उगने वाले बीज) का परीक्षण, रोबोटिक हाथ से अंतरिक्ष में मलबे को पकड़ने का प्रयोग और जलवायु प्रोपल्शन सिस्टम (जलवायु को नुकसान न पहुंचाने वाला ईंधन) का परीक्षण शामिल है। ये प्रयोग पीएसएलवी आर्बिटल एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल (पीओईएम) में किए जाएंगे।

### इन-स्पेस प्रदान करेगा मदद

इन-स्पेस स्टार्ट-अप्स और निजी कंपनियों को इन प्रयोगों के लिए तकनीकी समर्थन और परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। अहमदाबाद स्थित इन-स्पेस के तकनीकी केंद्र में इन कंपनियों को अपनी परियोजनाओं के लिए जरूरी उपकरण और मदद मिलेगी। इन-स्पेस के निदेशक राजीव ज्योति ने बताया कि वे स्टार्ट-अप्स को उनके प्रयोग करने में मदद कर रहे हैं, जैसे कि विशेषज्ञों से मार्गर्शन देना और परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना।

### इन-स्पेस की क्या भूमिका है

इस मिशन में दस प्रयोग निजी कंपनियों की ओर से किए जाएंगे। जिनमें पौधो की कोशिकाओं की वृद्धि का अध्ययन, ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम का परीक्षण, सिंथेटिक रडार (एसएआर) द्वारा अंतरिक्ष में इमेजिंग शामिल है। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रयोगों में अंतरिक्ष में संचार और उपग्रह सेंसर का परीक्षण भी किया जाएगा। इन-स्पेस स्टार्ट-अप्स को इसरो के सेवानिवृत्त विशेषज्ञों से जोड़ता है, ताकि किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान किया जा सके। यह स्टार्ट-अप्स को अंतरिक्ष मिशनों में कामयाबी हासिल करने में मदद करती है।

## मनमोहन सिंह के निधन पर विश्व के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, चीन ने पूर्व पीएम को किया नमन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुरुवार रात को पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनमोहन सिंह का निधन हो गया। इस खबर से भारत समेत पूरी दुनियाभर में शोक की लहर देखी जा रही है, जिसको लेकर दुनियाभर के कई नेताओं ने पूर्व पीएम के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए शोक जताया है। मालदीव और अफगानिस्तान सहित पड़ोसी देशों के नेताओं ने उनके योगदान और उनके देशों के साथ अच्छे संबंधों बनाने पर प्रकाश डाला है। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने एक पोस्ट में कहा कि भारत ने अपने सबसे शानदार बेटों में से एक को खो दिया है। उन्होंने पूर्व पीएम को अफगानिस्तान के लोगों के अटूट सहयोगी और दोस्त बताते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। करजई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मैं उनके परिवार, सरकार और भारत के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दयालु अभिभावक और मालदीव के अच्छे मित्र थे।

# आमरण अनशन कर रहे किसान नेता डल्लेवाल की सेहत पर अदालत सख्त, पंजाब सरकार को सुनाई खरी-खरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत पर चिंता जताई। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह यह सुनिश्चित करे कि किसान नेता को चिकित्सा सहायता दी जाए। बता दें, डल्लेवाल आमरण अनशन पर हैं।

### पंजाब सरकार को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ न्यायाधीश सूर्याकांत और सुधांशु धूलिया ने पंजाब सरकार को एक अवमानना याचिका पर नोटिस जारी किया। इस याचिका में पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के खिलाफ मेडिकल सहायता प्रदान करने के आदेश का पालन न करने पर अवमानना का आरोप लगाया गया था।

### 'किसी की जान दांव पर'

पीठ ने कहा, अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति है, तो आपको इसे सख्ती से संभालना होगा। किसी की जान दांव पर है। इसे गंभीरता से लें। चिकित्सा सहायता दी जानी चाहिए और ऐसा प्रतीत होता है कि आप इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

### इस दिन होगी अब सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को 28 दिसंबर तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। इसके साथ ही, पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को सुनवाई के दौरान वर्चुअली उपस्थित रहने का आदेश दिया।

### 26 नवंबर से अनशन पर हैं किसान नेता

बता दें, डल्लेवाल फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों के समर्थन में केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर आमरण अनशन पर हैं।

### यह है मामला

संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं। 13 फरवरी को सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली की ओर बढ़ने से रोक लिया था। याचिका में आरोप है कि किसानों और उनके संगठनों ने बेमियादी अवधि के लिए पंजाब में समस्त राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया है। याचिकाकर्ता ने यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि आंदोलनकारी किसान राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध नहीं करें। हालांकि, अदालत ने पंजाब में उन राजमार्गों पर अवरोधकों को हटाने के लिए केंद्र व अन्य को निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी, जहां किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सरकार के वकील की दलील

सुनवाई के दौरान पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने बताया कि पंजाब के आठ कैबिनेट मंत्रियों और डीजीपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने 24 दिसंबर को प्रदर्शन स्थल पर जाकर डल्लेवाल से अस्पताल चलने के लिए कहा था, लेकिन किसानों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा, हमने मौके पर सारी सुविधाएं दी हुई हैं। अगर कुछ दिक्कत होती है तो हम खतरा नहीं उठा सकते। इस पर पीठ ने कहा, हमें गंभीर संदेह है उन किसानों पर, जो अपनी जान को लेकर जागरूक नहीं हैं।% इस पर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में बहुत गंभीरता से काम कर रही है। जब अदालत ने यह सवाल किया कि क्या केंद्र राज्य सरकार की मदद कर सकता है, तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र का हस्तक्षेप स्थिति को जटिल बना सकता है। उन्होंने कहा, कुछ लोग डल्लेवाल को बंधक नहीं बना सकते। एक व्यक्ति की जान खतरे में है। राज्य सरकार कदम उठा सकती है। पंजाब एजी ने पीठ को बताया कि जब मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल डल्लेवाल से मिलने गया था, तो उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र दिया। सिंह ने कहा, उन्होंने कहा है कि यदि बातचीत होती है, तभी वे चिकित्सा सहायता स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। मेहता ने कहा कि डल्लेवाल का अस्पताल में भर्ती होना प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)